

भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

जयपुर, 7 जून - 13 जून, 2023

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta

/jagrukjantanews

jagruk_janta

आषाढ़, पक्ष - कृष्ण, तिथि - चतुर्थी , संवत 2080 पृष्ठ : 8 बुधवार वर्ष-9, अंक-15, मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-

## कोचिंग में पढ़ने वाले कुछ विद्यार्थी क्यूं करते हैं आत्महत्या!

सटीक



शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

**आज** के जमाने में शिक्षा बहुत महंगी हो गई है। हालांकि सरकार ने निःशुल्क या बहुत कम शुल्क में शिक्षण संस्थाएं खोल रखी हैं, मगर इन सरकारी स्कूलों की छवि ऐसी बनी हुई है कि इनमें पढ़ने वाले छात्र गरीब परिवारों के होते हैं और इनमें पढ़ाई सही नहीं होती है। जबकि निजि स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र मध्यम वर्गीय या धनाढ्य लोगों के होते हैं। ऐसी धारणा लोगों के दिमाग में बैठी हुई है जिसके कारण हर मां-बाप चाहते हैं कि मेरे बेटे-बेटी अच्छी शिक्षा ग्रहण करे और यह शिक्षा मात्र निजि शिक्षण संस्थाओं में ही संभव है। मां-बाप इसके लिए अपनी हैसियत से ज्यादा बच्चों की पढ़ाई पर खर्च करते हैं। बच्चे अच्छे नंबरों से पास भी होते हैं। मगर इन शिक्षण संस्थाओं के बाहर एक दूसरी व्यवस्था और विद्यमान है जिसका नाम है कोचिंग। मां-बाप बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए भारी भरकम पैसे देकर किसी अच्छे से कोचिंग में छात्र को पढ़ने के लिए भेज देते हैं। देखने में आता है कि कई शहरों में कोचिंग क्लासों की एक श्रृंखला सी खुली हुई हैं। उनमें क्या पढ़ाते हैं और क्या बच्चों के दिमागों में भरा जाता है। ये बहुत ही पीड़ादायक बात है जिसके विषय में अभिभावक शायद अनभिज्ञ रहते हैं। छात्रों से बात करने पर पता चलता है कि कोचिंग में बच्चे को बताया जाता है कि आपने अगर टॉप नहीं किया तो जिंदगी बेकार है। सही से जिंदगी सेट ही नहीं हो पाएगी। नामी गिरामी जो कोचिंग चलते हैं उनमें क्लासों के नाम सिल्वर, गोल्ड, डायमंड आदि होते हैं। बच्चों की हर तीसरे महीने परीक्षा होती है और टॉपर्स छात्रों की छंटनी करते हुए उन्हें कैटेगिरी के हिसाब से स्पेशल क्लास में बैठाया जाता है। जबकि उनकी फीस समान होती है। जिस बच्चे के कम अंक आते हैं उन्हें अलग क्लास में बैठाया जाता है। दुनियां को दिखाने के लिए कोचिंग सेन्टरों के विज्ञापन में इन्हीं छात्रों में से टॉपर आने वालों की फोटो लगाई जाती है। यहीं से छात्र के दिमाग में हीन भावना आने लगती है। मां-बाप दूर-दूराज से बच्चे को नामी कोचिंग में पढ़ने भेजते हैं। मां-बाप बच्चे के दिमाग को पढ़ नहीं पाते हैं और वे भी बच्चे से टॉप आने की उम्मीद लगाए बैठे रहते हैं। ऐसे में छात्र अगर टॉप नहीं आता है तो वह डिप्रेशन में चला जाता है और कई बार वह बहुत ज्यादा सोचने लग जाता है कि अपनी तो जिंदगी ही खराब हो गई। अब क्या करें। इन विचारों में खोया हुआ ही वह छात्र शायद आत्मघाती कदम उठा लेता है। इसलिए कोचिंग में क्या पढ़ाया जाता है उनके द्वारा बच्चे के दिमाग में क्या भरा जाता है। इन तमाम विषयों पर बच्चे के अभिभावक और प्रशासन दोनों को ही जानकारी होनी चाहिए। तभी बच्चों को आत्मघाती रास्तों पर जाने से रोका जा सकता है।

# देश में मानसून का प्रवेश 8 या 9 जून को!, गतिविधियां अनुकूल

### दक्षिण पूर्व अरब सागर के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है और बादल छाए हैं, जिससे मानसून ठिठका

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** इस साल भारत में मानसून के प्रवेश में देरी हो रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने पहले 4 जून को केरल में मानसून के प्रवेश की उम्मीद जताई थी। लेकिन अब इसमें देरी हो रही है। अब मौसम विभाग के अनुसार देश में मानसून 8 या 9 जून को प्रवेश कर सकता है।



### इस साल 8 या 9 जून को मानसून करेगा प्रवेश

इस साल केरल तक मानसून 8 या 9 जून को पहुंच सकता है। मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट का मानना है कि मानसून पर अल नीनो का भी प्रभाव देखने को मिल सकता है। इसके अलावा एक विशाल चक्रवात भूमध्यरेखीय अक्षांश और दक्षिणी प्रायद्वीप में दक्षिण हिंद महासागर के ऊपर बढ़ रहा है। इस कारण मानसून का बहाव रुक रहा है। इसी कारण मानसून में देरी हो रही है।

### मानसून क्या होता है?

मानसून शब्द की उत्पत्ति अरबी भाषा के 'मौसिम' शब्द से हुई है। अरब के समुद्री व्यापारियों ने समुद्र से स्थल की ओर या इसके विपरीत चलने वाली हवाओं को 'मौसिम' कहा, जो आगे चलकर 'मानसून' कहा जाने लगा। दरअसल मानसून वे हवाएं हैं, जिनकी दिशा मौसम के अनुसार बदल जाती है। महासागरों की ओर से चलने वाली तेज हवाओं की दिशा में बदलाव को मानसून कहा जाता है। मानसून से न केवल बारिश ही नहीं होती, बल्कि अलग इलाकों में ये सूखा मौसम भी बनाता है।

### भारत में 1 जून से 15 सितंबर तक सक्रिय रहता है मानसून

मानसून दक्षिण एशिया में जून से सितंबर तक सक्रिय रहती है। भारत में मानसून आमतौर पर 1 जून से 15 सितंबर तक 45 दिनों तक सक्रिय रहता है। जब ये हवाएँ भारत के दक्षिण-पश्चिम तट पर पश्चिमी घाट से टकराती हैं तो भारत तथा आस-पास के देशों में भारी वर्षा होती है।

# पायलट नई पार्टी नहीं बनाएंगे-रंधावा

### कहा-सुलह का फार्मूला गहलोत-पायलट दोनों को पता है, बताऊंगा नहीं

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने सचिन पायलट के नई पार्टी बनाने की चर्चाओं को केवल अटकलबाजी बताया है। उन्होंने इस तरह की किसी संभावना तक से इनकार कर दिया। रंधावा ने दावा किया कि सचिन पायलट नई पार्टी नहीं बनाएंगे। पायलट और गहलोत मिलकर काम करेंगे। रंधावा ने दावा करते हुए कहा- सुलह का फार्मूला उस दिन बैठक में ही बन गया था, दोनों को पता है। वह फार्मूला मैं आपको नहीं बताऊंगा। रंधावा जयपुर पहुंचने के बाद एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। सचिन पायलट के नई पार्टी बनाने पर रंधावा ने कहा- अभी तक ऐसी कोई बात नहीं है। केवल मीडिया और अखबारों में कुछ लोग उछाल रहे हैं, जबकि ऐसी बात नहीं है। यह बात होगी भी नहीं। पार्टी बनाने की बात तो आपसे ही सुन रहा हूं, ऐसी कोई बात नहीं है। पायलट का नई पार्टी बनाने का न पहले मन था ना अब मन है।

### दोनों नेता पार्टी के असेट हैं और मिलकर काम करेंगे

**गहलोत** पायलट की सुलह बैठक पर रंधावा ने कहा- दिल्ली में हमने 4 घंटे बैठकर अलग-अलग चर्चा की। राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल सहित सबने बात की है। हम लोगों ने दोनों नेताओं से बातें की थीं। उन्हें ध्यान और प्यार से सुना गया। दोनों को ही कहा गया है कि आप इकट्ठे मिलकर कांग्रेस के असेट हैं। दोनों ने कहा- मिलकर काम करेंगे।

## अक्साई चिन इलाके में चीन ने बनाया आधुनिक कैंप-हैलीपोर्ट, रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा

**नई दिल्ली।** भारत द्वारा लाख मना करने के बाद भी चीन विवादित अक्साई चिन इलाके में लगातार बुनियादी ढांचे का विकास कर रहा है। एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि चीन ने अक्साई चिन में कई सड़कों, चौकियों का निर्माण कर लिया है। साथ ही चीन के सैनिकों के लिए आधुनिक कैंप, हैलीपोर्ट बनाए जा रहे हैं। एक तरह से चीन विकास के पथ पर अग्रसर भारत को उकसा रहा है। ब्रिटेन बेस्ड थिंक टैंक चेटहेम हाउस ने अक्तूबर 2022 से छह महीने की सैटेलाइट तस्वीरों का विश्लेषण करके यह रिपोर्ट तैयार की है।

HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट

» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.

नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सैन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड़, विद्याधर नगर, जयपुर

Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur

E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in






### आवासन आयुक्त ने अगस्त माह से पूर्व प्लांटेशन कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

# राजस्थान आवासन मंडल मानसून में लगाएगा 90 हजार से अधिक पेड़

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर राजस्थान आवासन मंडल आयुक्त पवन अरोड़ा ने जयपुर सहित प्रदेश भर में चल रही विभिन्न आवासीय योजनाओं में आगामी मानसून तक 90 हजार से अधिक पेड़-पौधे लगाने का संकल्प लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया है।

अरोड़ा ने आवासन मंडल के मुख्यालय 'आवास भवन' में प्लांटेशन संबंधी समीक्षा बैठक के दौरान यह अहम बात कही। उन्होंने अधिकारियों को पौधारोपण से संबंधित सभी टेंडर आगामी 15 जून तक तथा 25 से 30 जून तक वर्क आर्डर जारी करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को अगस्त माह से पूर्व प्लांटेशन कार्य पूर्ण करने के भी कड़े निर्देश दिए। अरोड़ा ने बताया कि आगामी मानसून तक सर्वाधिक 20 हजार से अधिक पेड़-पौधे जयपुर की लाइफलाइन बन चुके सिटी पार्क में लगाए जाएंगे। इसी तरह इंदिरा गांधी नगर स्थित गंगा मार्ग पर रेलवे लाइन के समीप मियावाकी तकनीक की मदद से 15 हजार से अधिक पेड़ लगाकर ग्रीन कॉरिडोर बनाया जाएगा। आयुक्त ने बताया कि प्रदेश की सभी आवासीय योजनाओं में पौधारोपण का कार्य जुलाई माह तक व्यापक स्तर पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जोधपुर की बडली आवासीय योजना में 10 हजार, बीकानेर की शिवबाड़ी आवासीय योजना में 5 हजार, उदयपुर में 3 हजार, जोधपुर द्वितीय में 2 हजार, अलवर और कोटा आवासी योजनाओं में 1-1 हजार पेड़ पौधे तथा जयपुर की विभिन्न स्कीमों में 10 हजार से ज्यादा पौधे लगाने का निर्देश दिए।

अरोड़ा ने कहा कि इन योजनाओं में छायादार और फल- फूलदार पेड़-पौधे लगाए जाएं ताकि आमजन को पर्याप्त छाया और सुकून मिल सके। उन्होंने इससे पूर्व विगत वर्षों में हुए वृक्षारोपण की भी समीक्षा की। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष 50 हजार के मुकाबले 46 हजार जगह वृक्षारोपण किया गया, जिसमें ज्यादातर पौधे जीवित रहे। बैठक में मुख्य अभियंता प्रथम केसी मीणा, मुख्य अभियंता द्वितीय जीएस बाघेला, वित्तीय सलाहकार संजय शर्मा, अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक अनिल माथुर, अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजय पूनिया अमित अग्रवाल, उद्यानिकी अधिकारी दिलीप शर्मा सहित संबंधित अधिकारीगण और संवेदक उपस्थित रहे।

### तीनों जोन के वार्डों में हूपर नहीं पहुंचे, क्योंकि रियल टाइम मॉनिटरिंग नहीं हो रही

# जगतपुरा में 62, झोटवाड़ा में 66, सांगानेर में 40 हूपर दिए, फिर भी कचरा नहीं उठा रहा

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** ग्रेटर नगर निगम ने स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियां तो शुरू कर दी है। हाल ही हर जोन में नए हूपर डोर टू डोर वेस्ट कलेक्शन में लगाए हैं, जिन्हें खुद मेयर सौम्या गुर्जर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इसके बावजूद भी शहर की सड़कों पर कचरा डिपो देखने को मिल रहे हैं। वजह यह है कि डोर टू डोर वेस्ट कलेक्शन हो ही नहीं रहा। मेयर ने पिछले महीने जगतपुरा जोन में 62, झोटवाड़ा जोन में 66 और सांगानेर जोन में 40 हूपर्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था, लेकिन इन तीनों ही जोन के वार्डों में हूपर कचरा लेने नहीं जा रहे हैं। मानसरोवर तथा विद्याधर नगर जोन के वार्डों के लिए इसी महीने हूपर्स रवाना किया जाएगा।

बहरहाल, जहां नए हूपर लगाए हैं, उन जोन में भी डोर टू डोर नहीं हो रहा है। वार्डों में हूपर 4-5 दिन में कचरा लेने पहुंच रहे हैं। शहर में साढ़े 6 साल पहले निगम ने डोर टू डोर वेस्ट कलेक्शन शुरू किया था, तब मुख्य सड़कों व चौराहों से 1145 कचरा डिपो हटा दिए थे, लेकिन घरों में कचरा एकत्र होने पर लोगों ने फिर से कचरा सड़क पर फेंकना शुरू कर दिया है तभी से सड़क पर कचरे के ढेर दिखाई देने लग गए। वह भी तब जब ग्रेटर निगम व हेरिटेज निगम ने मिलकर कुल 640 हूपर डोर टू डोर में लगाए हुए है। यही नहीं कभी हूपर सुबह 8 बजे आता है, कभी 12 बजे और कभी दोपहर बाद हूपर कचरा लेने पहुंच रहे हैं।

#### मॉनिटरिंग में हुए फेल

**ग्रेटर** निगम में जहां मुरलीपुरा व मालवीय नगर जोन में ही रियल टाइम मॉनिटरिंग होने की वजह से डोर टू डोर प्रॉपर तरह से हो रहा है। शेष 9 जोन में डोर टू डोर में ना गाड़ियां समय पर आती और ना ही डिपो ही उठ रहे हैं। हेरिटेज निगम के 100 वार्डों में रोजाना 640 मीट्रिक टन कचरा उत्पन्न होता है। ग्रेटर निगम में भाजपा पार्षद और हेरिटेज निगम में कांग्रेसी पार्षदों की हूपर नहीं आने की बड़ी पीड़ा है।




# बाल अभिरूचि शिविर से बच्चों का सर्वांगीण विकास-गोपाल गुप्ता

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** पिंकसिटी प्रेस क्लब की ओर से क्लब सदस्यों के बच्चों के लिए आयोजित बाल अभिरुचि शिविर का मंगलवार को प्रमुख समाजसेवी एवं अनुकम्पा ग्रुप के चैयरमैन गोपाल गुप्ता ने शिविर का अवलोकन कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर गोपाल गुप्ता ने प्रबन्ध कार्यकारिणी को इस आयोजन का साधुवाद देते हुए कहा कि ग्रीष्मकालीन बाल अभिरूचि शिविर में बच्चें रचनात्मक, कलात्मक, सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ते है। ऐसे शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक है। प्रेस क्लब अध्यक्ष राधारमण शर्मा, महासचिव रामेन्द्र सोलंकी, शिविर संयोजक अनिता शर्मा, पूर्व अध्यक्ष किशोर शर्मा, पूर्व महासचिव राजेश शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य पुष्पेन्द्र सिंह राजावत, विकास आर्य, ओमवीर भार्गव, उमंग माथुर ने अतिथि का माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। शिविर में बच्चों को लोक नृत्य, कथक, योगा, मार्शल आर्ट, नाटक/अभिनय, ड्राईंग, वेस्टर्न डांस, संगीत, क्राफ्ट सहित अनेक विधाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## जागरूक जनता करेगा मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जागरूक जनता समाचार पत्र द्वारा 10वीं, 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। मुख्य संपादक शिव दयाल मिश्रा ने बताया कि समारोह में 10वीं, 12वीं के मेधावी छात्रों का सम्मान किया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम आ चुके हैं। जल्द ही विद्यार्थियों के लिए परिणाम प्रतिशत, दिनांक और स्थान की घोषणा की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए जागरूक जनता अखबार पढ़ते रहे। विद्यार्थी अपनी अंकतालिका और आधार कार्ड के जरिए अपना नामांकन करवा सकेंगे।

# इंदौर-भिवानी-इंदौर समर स्पेशल सप्ताह में चलेगी 3 दिन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** भारतीय रेल के उत्तर पश्चिम रेलवे ने अपने यात्रियों को बेहतर सेवाएं देने की दिशा में एक बड़ा फैसला किया है। उत्तर पश्चिम रेलवे ने इंदौर-भिवानी-इंदौर समर स्पेशल ट्रेन के फेरों में बढ़ोतरी का ऐलान किया है। बता दें कि छुट्टियों के सीजन को देखते हुए ट्रेनों में सीटों की जबरदस्त मांग देखने को मिल रही है। यही वजह है कि इस समय जयपुर से गुजरने वाली ट्रेनों में ही नहीं बल्कि अन्य ट्रेनों में भी यात्रियों की अच्छी-खासी भीड़ देखी जा रही है। लिहाजा, NWR ने ट्रेनों में बढ़ती यात्रियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए इंदौर से भिवानी के बीच चलने वाली समर स्पेशल ट्रेन के फेरों में बढ़ोतरी करने का फैसला किया है।

#### इंदौर-भिवानी-इंदौर सप्ताह में 02 दिन के बजाए 03 दिन चलाई जाएगी

**NWR** ने इस सिलसिले में एक प्रेस रिलीज जारी किया है। NWR के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने कहा कि गर्मी की छुट्टियों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए इंदौर से भिवानी के बीच चलायी जा रही गाड़ी संख्या-09325/09326, इंदौर-भिवानी-इंदौर समर स्पेशल ट्रेन सप्ताह में 02 दिन के बजाए 03 दिन चलाई जाएगी। कैप्टन शशि किरण के मुताबिक अब ये स्पेशल ट्रेन इंदौर से 7, 9, 12, 14, 16, 19, 21, 23, 26, 28, एवं 30 जून 2023 को चलाई जाएगी। ऐसे ही वापसी दिशा में ये ट्रेन भिवानी से 6, 8, 10, 13, 15, 17, 20, 22, 24, 27, 29 जून एवं 1 जुलाई 2023 को चलाई जाएगी।

#### क्या है ट्रेन का शेड्यूल

**बताते** चलें कि गाड़ी संख्या- 09325, इंदौर-भिवानी समर स्पेशल ट्रेन इंदौर से प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को शाम 7 बजकर 20 मिनट पर रवाना होकर अगले दिन जयपुर स्टेशन सुबह 07.10 बजे आएगी और 07.20 बजे प्रस्थान कर दोपहर 1.05 बजे भिवानी पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या-09326,भिवानी-इंदौर समर स्पेशल ट्रेन भिवानी से प्रत्येक मंगलवार, गुरूवार व शनिवार को दोपहर 2.50 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर शाम 7.25 बजे आएगी और 7.35 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 08.30 बजे इंदौर पहुंचेगी।

पितृ दोष दूर करिए
पितृ मोक्ष की राह हुई आसान

16 दिन नियमित कराएं श्री गया जी में पितृ श्राद्ध



श्री गया जी में पूरे पितृ पक्ष के दौरान रहने, खाने एवं रुकने की व्यवस्था, पंडितों की दक्षिणा, 16 दिनों तक हवन, पिंडदान एवं ब्राह्मण भोजन की व्यवस्थाओं के चलते लाखों रुपए का खर्चा होता है। जिसे आम आदमी वहन नहीं कर पाता। इसलिए ऐसे लोगों के लिए नवारुन चेरिटेबल फाउण्डेशन एवं आरना एसोसिएट ने कम खर्चे में पितृ श्राद्ध जैसा पुण्य कार्य करवाने का बीड़ा उठाया है। प्रत्येक यजमान के साथ पिंडदान कार्य करवाने के लिए अलग से ब्राह्मण की व्यवस्था सहित इसके लिए श्राद्ध कर्म में होने वाले सम्पूर्ण व्यय का आधा खर्चा संस्था वहन करेगी। जिसमें आने-जाने का किराया भी शामिल है। ये व्यवस्था लाखों में नहीं अपितु हजारों में ही हो जाएगी।

पहले आओ, पहले पाओ संख्या सीमित है

आप सोचेंगे कि अभी तो श्राद्ध पक्ष में बहुत समय बाकी है, लेकिन ऐसा नहीं है। श्री गयाजी में अभी से तैयारियां होने लग गई हैं। इसलिए ऐनमौके पर व्यवस्था करने में कठिनाई होती है। अत: श्राद्ध कराने के इच्छुक निम्न नंबरों पर अभी से सम्पर्क कर सकते हैं :-

मो. नं. 8561088777, 9928022718, 9829118962

-: सौजन्य से :-

नवारुन चेरिटेबल फाउण्डेशन एवं आरना एसोसिएट

## जागरूक खबरें

### ■ फर्जी जीएसटी पंजीयन पर विभाग का कस रहा शिकंजा

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्य में फर्जी जीएसटी पंजीकरण और फर्जी आईटीसी को रोकने हेतु एक विशेष अभियान राष्ट्रीय स्तर पर 16 मई से 15 जुलाई तक चलाया जा रहा है। प्रदेश में अब तक जीएसटीएन/डीजीएआरएम द्वारा 1380 संदिग्ध पंजीकृत व्यवहारियों के नाम भेजे गए तथा स्थानीय स्तर पर 194 चिन्हित किए गए। कुल 1574 जीएसटी नंबर में से 990 की जांच की गई जिसमें से 161 व्यवसायी असत्यापित पाए गए। इन असत्यापित फर्मों में से 11883 लाख की आईटीसी शामिल होने की संभावना है। विभाग द्वारा अब तक 1286.33 लाख की आईटीसी ब्लॉक कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि विभाग द्वारा बोगस/अस्तित्वहीन फर्मों के विरूद्ध कार्यवाही पूर्व में ही प्रारंभ कर दी गई थी, जिसमें 1070 बोगस/अस्तित्वहीन व्यवहारियों को चिन्हित कर उनके पंजीयन निरस्त किए जा चुके हैं। वाणिज्यिक कर विभाग राजस्थान के मुख्य आयुक्त रवि कुमार सुरपुर ने बताया कि यह अभियान निरंतर प्रगति पर है और फर्जी फर्मों पर लगातार राजस्व रिसाब रोकने की कार्रवाई की जा रही है।

### ■ 100 ग्राम सेवा सहकारी समितियों में बनेंगे 100-100 मैट्रिक टन क्षमता के गोदाम

**जयपुर @ जागरूक जनता।** प्रदेश में भण्डारण क्षमता मजबूत करने की दृष्टि से 100 ग्राम सेवा सहकारी समितियों में 100-100 मैट्रिक टन क्षमता के गोदामों का निर्माण कराया जाएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसके लिए 12 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। गहलोत की इस स्वीकृति से प्रत्येक ग्राम सेवा सहकारी समिति को गोदाम निर्माण के लिए 12 लाख रुपए की वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। यह राशि कृषक कल्याण कोष से वहन होगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने वर्ष 2023-24 के बजट में इस संबंध में घोषणा की थी।

### ■ मानसून की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर लें बैठक

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्य सरकार ने सभी जिला कलक्टरों को निर्देशित किया है कि वे आगामी दक्षिणी पश्चिम मानसून के तहत बाढ़ संभावित क्षेत्रों में तैयारियों के संबंध में जिला स्तर पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक आयोजित कर सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का निरीक्षण किया

# भविष्य में सुखद परिणाम देंगे अंग्रेजी माध्यम विद्यालय



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को विद्याधर नगर स्थित महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर पढ़ाई और अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। गहलोत ने कक्षा 10 के टॉपर्स को मोमेंटो देकर हौसला भी बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंग्रेजी भाषा में शिक्षा की आवश्यकता को देखते हुए प्रदेश में अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खोले हैं। इससे जरूरतमंद विद्यार्थियों को भी अंग्रेजी माध्यम में पढ़ने का मौका मिल रहा है। शहरों के साथ ग्रामीण क्षेत्र में भी प्रवेश को लेकर विद्यार्थियों में काफी उत्साह है। इस शिक्षा के सुखद परिणाम भविष्य में दिखाई देंगे।

### विद्यार्थियों ने दिया धन्यवाद

गहलोत से संवाद करते हुए कक्षा 10 के विद्यार्थियों ने अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों की शुरूआत के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। विद्यार्थियों ने कहा कि यहां शिक्षकों द्वारा स्मार्ट बोर्ड पर पढ़ाई कराई जा रही है तथा निजी विद्यालयों में लगने वाली फीस से भी राहत मिली है। यहां शनिवार को 'नो बैग डे' पर अन्य गतिविधियों से मानसिक और शारीरिक विकास हो रहा है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य बच्चू सिंह धाकड़ ने मुख्यमंत्री को विद्यालय में प्रवेश प्रर्ि या, भामाशाहों की सहायता से हुए कार्यों, हरियाली के लिए चलाए अभियान सहित अन्य गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। इस दौरान रीको निदेशक सीताराम अग्रवाल तथा विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

## बाढ़ नियंत्रण के लिए कलक्टर ने नियुक्त किये इन्सीडेन्ट कमाण्डर

**जयपुर @ जागरूक जनता।** आगामी मानसून सत्र में बाढ़ की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिले में बाढ़ से निपटने के लिए एवं जल भराव के क्षेत्रों की मॉनिटरिंग करने के लिए जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने इन्सीडेन्ट कमाण्डर की नियुक्ति की है। कलक्टर ने बताया कि शहरी क्षेत्र में 22 इन्सीडेन्ट कमाण्डर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी उपखण्ड अधिकारियों को इन्सीडेन्ट कमाण्डर की जिम्मेदारी सौंपी है। इन्सीडेन्ट कमाण्डर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर बाढ़ नियंत्रण एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि जयपुर महानगर में इन्सीडेन्ट कमाण्डर नगर निगम जयपुर हैरिटेज/ग्रेटर एवं जयपुर विकास प्राधिकरण से समन्वय कर संसाधनों का आंकलन करना एवं बाढ़ की स्थिति में राहत गतिविधियों का संचालन करेंगे। जल भराव की स्थिति में जल निकासी का प्रबंध करना, प्रभावित इलाकों में आवश्यक दवाईयों का छिड़काव करना, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विद्यालय भवन, सामुदायिक भवन, आश्रय स्थल एवं पुनर्वास हेतु भवनों को चिन्हित करना एवं प्रभावित परिवारों को पुनर्वासित करवाना इन्सीडेन्ट कमाण्डर्स की जिम्मेदारी होगी। कलक्टर ने बताया कि बाढ़ की स्थिति में जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं सेना के समन्वय कर आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करेंगे।

जिला स्तरीय समन्वय एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक में हुआ फैसला

# जयपुर ग्रामीण में 83 नई इंदिरा गांधी रसोईयों का होगा संचालन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर शहर के बाद अब जयपुर ग्रामीण में भी आमजन को राजस्थान सरकार की इंदिरा गांधी रसोई योजना का लाभ मिलेगा। हर जरूरतमंद को महज 8 रुपये में भरपेट शुद्ध, स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाने के लिए जयपुर ग्रामीण क्षेत्र में 83 नई इंदिरा रसोईयों का संचालन जल्द ही शुरू किया जाएगा। जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय समन्वय एवं मॉनिटरिंग समिति बैठक में रसोईयों के संचालन हेतु ईओआई में प्राप्त प्रस्तावों में से संस्थाओं एवं एनजीओ का चयन कर लिया गया है। जिला कलक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मंशा है कि कोई भूखा ना सोए। इसी मंशा को साकार करने के लिए नगर निगम जयपुर हैरिटेज द्वारा अधीनस्थ निकायों के अधीन आने वाले कस्बों में 83 नई इंदिरा रसोई खोले जाने के लिए संचालन संस्था का चयन कर लिया गया है। जिला स्तरीय समन्वय एवं मॉनिटरिंग समिति बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) मोहम्मद अबूबक्र, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद सुमन देवी सहित संबंधित निकायों को पदाधिकारी एवं समिति के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।


जागरूक जनता jagrukjanta.net फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews


### बेदखल सूचना

मैं प्रवीन्द्र कौर पत्नी स्व. श्री अमृत पाल सिंह निवासी 11/161, कावेरी पथ, मानसरोवर, जयपुर अपने पुत्र श्री गगन दीप सिंह को अपने पूरे होंसो-हवास में अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। गगन दीप का आज प्रकाशन दिनांक से मेरे से मेरी बेटी जैस्मीन सिंह दामाद श्री गुरजौत सिंह से कोई वास्ता नहीं है। भविष्य में गगन दीप सिंह अपना विवाह किसी के भी साथ करता हैं, तो उसके अच्छे व बुरे के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। इसके अलावा गगनदीप के किसी भी प्रकार के लेनदेन व भविष्य में किए जाने वाले लेनदेन का मुझसे कोई वास्ता नहीं है। किसी भी प्रकार के कानूनी वाद, परिवाद या केस के लिए वर्तमान में और भविष्य में गगन स्वयं जिम्मेदार होगा।

**प्रवीन्द्र कौर**, जयपुर





JETHI TECH SOLUTIONS
Follow Us: @jethitech
ADDING WINGS TO YOUR BUSINESS

BULK SMS - Lowest Price
Buy 1 Lakh SMS @ Rs.12000/-
With FREE Control Panel
@ 12 Paisa Per SMS
LIFETIME VALIDITY

WEDDING INVITATION
1 Invitation Video for Whatsapp
10,000 Bulk SMS
1 Social HashTag Creation
1 Whatsapp Direct Chat Link
1 Landing Page
Send Digital Invitations At One Click

START-UP PACKAGE
Dynamic Website
+ Domain & Hosting(1 Year)
+ Social Media Profile Creation
+ Social Media Management* (1 Year)
+ 3 WhatsApp Stickers
+ WhatsApp Chat Direct Link
+ Local Business Listing
+ Logo Design
All For Just Rs.35,000/- + GST

Digial Branding/Marketing
★ Youtube Marketing ★ Website Development
★ Digital Marketing ★ Android Development
★ Whatsapp Marketing ★ Software Development
★ Bulk SMS Marketing ★ Social Media Management

MSGJET
SchoolMaster SCHOOL Management System

Corporate Branding/Identity
★ Visiting Cards ★ ID Cards ★ Letterhead ★ Calendars ★ Pen Stand ★ Mugs
★ Pamphlets ★ Banners ★ Envelope ★ Diary ★ Paper Weights ★ T-Shirts
★ Bill Book ★ Brochure ★ Signages ★ Bags ★ Pen ★ Many More...

Financial Services: Business Loan, Home Loan, CC Limit, Mortgage Loan

WE ARE Google Partner | AdWords | Facebook Marketing Partner | Accredited Professional Bing ads

DIGITAL MARKETING | CORPORATE BRANDING | PRINT MEDIA
WEBSITE DESIGN/DEVELOPMENT | SOFTWARE DEVELOPMENT
ANDROID/iOS APPS | BULK SMS | CRM/ERP SOFTWARE

INDIA: 1C, Rajputana Marg, Kalyanpuri, Jhotwara, Jaipur-12
USA: 11923 NE Summer St. Portland, Oregon, 97220, USA
+91-7976625313, +1(503) 8788224 || www.jethitech.com || sales@jethitech.com



## सम्पादकीय

# आखिर क्या पाया, क्या खोया

**मोदी** सरकार के इन नौ वर्षों पर एक नजर डालें तो कुछ बातें बिल्कुल स्पष्ट नजर आती हैं। 2014 में जब पहली बार बीजेपी के पूर्ण बहुमत वाली एनडीए सरकार बनी, उसके बाद से पार्टी ने असाधारण विस्तार देखा है। 2014 में बीजेपी सिर्फ 7 राज्यों में सरकार में थी। पांच राज्यों में उसके मुख्यमंत्री थे जबकि दो राज्यों में वह जूनियर पार्टनर के तौर पर सरकार में शामिल थी। आज 2023 में 15 राज्यों/केंद्र शासित क्षेत्रों में या तो उसकी सरकार है या वह सरकार में शामिल है। इसके अलावा एक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि पूरा नॉर्थ ईस्ट उसके प्रभाव की जद में आ चुका है, जबकि 2014 तक वहां उसकी बिल्कुल भी मौजूदगी नहीं थी। देश के पॉलिटिकल लैंडस्केप को नया रूप देना निश्चित रूप से एक ऐसी बात है, जिसे मोदी सरकार अपनी एक बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश करना चाहेगी। विदेश नीति की बात करें तो भारत का रुतबा इन नौ वर्षों में काफी बढ़ा है। खासकर, यूक्रेन युद्ध के दौरान भारत ने जिस तरह से अपनी स्वतंत्र नीति बनाए रखते हुए सभी खेमों को साधे रखा, वह शीत युद्ध की समाप्ति और गुटनिरपेक्ष आंदोलन के लगभग अप्रासंगिक हो जाने के बाद के दौर में बिलकुल नई चीज है और वैश्विक स्तर पर भारत की साख बढ़ने का स्पष्ट प्रमाण है।

डिजिटल इकॉनमी और इन माध्यमों के जरिये आम लोगों तक सेवाओं की डिलिवरी में सरकार का काम बेहद सराहनीय है। खासतौर पर यूपीआई जैसी पहल, जो अंतरराष्ट्रीय पहचान बना चुकी है। अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में भी मोदी सरकार के कार्यकाल में तेज प्रगति हुई है। जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में सरकार वैश्विक स्तर पर अगुआई कर रही है। सोलर अलायंस के रूप में उसने कार्बन एमिशन घटाने के लिए अंतरराष्ट्रीय पहल की है। हालांकि चीन से लगती सीमा पर तनाव सरकार के लिए चुनौती बनी हुई है।

घरेलू मोर्चे पर भी नोटबंदी जैसे फैसले से सरकार जो हासिल करना चाहती थी, वह नहीं कर पाई। कोरोना महामारी से उपजी कठिनाइयों से देश काफी हद तक उबर चुका है, लेकिन बेरोजगारी और डिमांड में कमी जैसी चुनौतियां बरकरार हैं, जिनसे अभी निपटना है। इकॉनमी की बात करें तो कोरोना महामारी से पहले ही आर्थिक विकास दर सुस्त पड़ने लगी थी। इसके बावजूद भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इस दशक के खत्म होने से पहले वह तीसरी बड़ी इकॉनमी बन जाएगी। आने वाले वक्त में इसके लिए सबसे बड़ा इम्तहान आगामी लोकसभा चुनाव होंगे।

**कांग्रेस राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, तेलंगाना व मिजोरम के विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई है। कांग्रेस ने कर्नाटक फॉर्मूले को ही आगे बढ़ाने की रणनीति बनाई है। कर्नाटक में कांग्रेस ने सिद्धारमैया व डी.के.शिवकुमार की कलह के चलते किसी को मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं बनाया।**

# कांग्रेस का ऊंट किस करवट बैठेगा



ज्ञानेन्द्र मिश्रा
पत्रकार
@jagrukjanta.net

**कांग्रेस राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, तेलंगाना व मिजोरम के विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई है। लगभग सभी राज्यों में पार्टी गुटबाजी व कलह से जूझ रही है। इससे उबरकर नेताओं को एकजुट कर चुनाव में जाने के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। यही वजह है कि कांग्रेस चुनावों में किसी भी नेता को मुख्यमंत्री का चेहरा प्रोजेक्ट करने से बचेगी। इस पर पार्टी के वरिष्ठ नेता सहमति जता चुके हैं।**

**कांग्रेस** की आन्तरिक मनोदशा का आंकलन सहज ही लगाया जा सकता है। राजस्थान कांग्रेस में कड़वाहट की बूंद सरकार गठन के समय ही गिर गई थी। जिसका असर सरकार के पूरे कार्यकाल के दौरान बखूबी देखने को मिलता रहा। हालांकि समय-समय पर हाईकमान के दिशानिर्देशानुसार इस घटनाक्रम को मैनज भी किया जाता रहा है। कल ही राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने सचिन पायलट के नई पार्टी बनाने की चर्चाओं को केवल अटकलबाजी बताया है। उन्होंने इस तरह की किसी संभावना तक से इनकार कर दिया। रंधावा ने दावा किया कि सचिन पायलट नई पार्टी नहीं बनाएंगे। पायलट और गहलोत मिलकर काम करेंगे। रंधावा ने दावा करते हुए कहा- सुलह का फार्मूला उस दिन बैठक में ही बन गया था, दोनों को पता है। वह फार्मूला मैं आपको (मीडिया) नहीं बताऊंगा।

कांग्रेस राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, तेलंगाना व मिजोरम के विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई है। लगभग सभी राज्यों में पार्टी गुटबाजी व कलह से जूझ रही है। इससे उबरकर नेताओं को एकजुट कर चुनाव में जाने के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। यही वजह है कि कांग्रेस चुनावों में किसी भी नेता को मुख्यमंत्री का चेहरा प्रोजेक्ट करने से बचेगी। इस पर पार्टी के वरिष्ठ नेता सहमति जता चुके हैं।

दरअसल, 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव काफी अहम हैं। कांग्रेस राजस्थान व छत्तीसगढ़ में सरकार रिपीट करने के लिए मशक्कत कर रही है। जबकि मध्यप्रदेश में वापसी के भरसक प्रयास में है। राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट के बीच कलह कड़वाहट में बदल चुकी है। पायलट को लेकर कई तरह की सियासी चर्चा चल रही है। उधर, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रदेश में तूफानी दौरों पर है। वहीं महंगाई राहत कैम्प के सहारे अपनी स्वयं की छवि को निखारने में लगे हैं। वहीं दूसरी ओर पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट गाहे-बगाहे अपने को पाक-साफ रखते हुए अपनी ही सरकार पर हमलावर रहे हैं। दोनों मुख्य नेताओं में कड़वाहट की बूंद तो प्रदेश में सरकार गठन के समय ही गिर गई थी। हालांकि इन बूंदों के असर को समय रहते कम करने का आलाकमान द्वारा भरसक प्रयास किया गया। लेकिन एक के बाद एक चलाए गए तीर नाकाम साबित होते गए। प्रदेश की सरकार के लिए एक दौर तो ऐसा आया कि सरकार पर ही संकट मड़राने लगा। विधायकों की बाड़ाबंदी सरकार की मजबूरी बन गई। दूसरी ओर पायलट कुछ समय के लिए भूमिगत हो गए। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि कांग्रेस में अर्न्तकलह खुलकर सामने आ गई है। इस कलह पर चर्चा इसलिए ज्यादा मायने रखती है कि इस समय प्रदेश में सरकार कांग्रेस की है। सरकार की ओर से जनता के लिए अनेकों लोकलुभावन बजट प्रस्तुत किए गए हैं। उन्हें सरकार पूरा करने का भी प्रयास करती रही है। लेकिन कहीं ना कहीं, कोने में एक प्रतिद्वंदीता अपनी जगह बना चुकी है। गाहे-बगाहे यह खबरें भी अपनी जगह खूब बना रही है कि पायलट कांग्रेस को अलविदा कह सकते हैं। पुख्ता नहीं लेकिन दबी जुबां में लोगों की भावना अनुरूप यह बाते आ रही है कि पायलट अपनी उपेक्षा को लेकर काफी व्यथित है। आलाकमान की ओर से मनाने या समझाने का एक ओर प्रयास किया जा सकता है। वैसे राहुल गांधी अमेरिकी दौरे से कल लौट रहे हैं। इसके बाद वे स्वयं हस्तक्षेप कर सचिन और गहलोत में समझौता कराकर पायलट को पार्टी विरोधी एजेंडा जारी नहीं करने (पार्टी छोड़ने) के लिए राजी कर सकते है।



इससे पहले भी कुछ दिनों पहले पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने गहलोत और पायलट के बीच सुलह करवा कर मीडिया के सामने प्रस्तुत तो कर दिया,लेकिन दबी मुस्कुराहट के अलावा मीडिया के सामने कुछ भी नहीं आ सका। कुछ दिन बीते ही थे कि मुख्यमंत्री गहलोत की ओर से बयान आगया, वे (पायलट) पार्टी में है तो साथ काम करेंगे। वहीं इसके बाद पायलट के बयान का भी तीर छूट गया। हमने अपनी तीन मांगों पर कोई समझौता नहीं किया है। तीनों मांगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे सहित सभी कांग्रेसी बखूबी जानते है कि सचिन के कांग्रेस छोड़ने से पार्टी को काफी नुकसान होना स्वभाविक है। करीब तीन दर्जन विधानसभा क्षेत्रों में उनका जबरदस्त दबदबा है । इसलिए वे पार्टी नही छोड़े, इसके लिए राहुल के आने के बाद एक ओर प्रयास करने की संभावना है। उधर पायलट के निकटवर्ती सूत्रों ने बताया कि कुछ लोगो ने कांग्रेस पार्टी को कैप्चर कर रखा है। वे पार्टी के बजाय निजी फायदे के लिए कांग्रेस को क्षति पहुँचाने में सक्रिय है। सूत्र का कहना है कि कांग्रेस में पायलट का अब कोई भविष्य नही है इसलिए आगामी कुछ दिनों में वे जन संघर्ष पार्टी के नाम से अपनी नई पार्टी का ऐलान कर सकते है। इसी नाम से पायलट ने अजमेर से जयपुर यात्रा निकाली थी। विश्वस्त सूत्रों का कहना है कि पायलट की नई पार्टी का पंजीयन हो चुका है। हालांकि पायलट के नजदीकी नेता चर्चाओं को अफवाह बता रहे हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व मंत्री टीएस सिंहदेव के बीच सियासी रस्साकशी आम है। ऐसे में कांग्रेस ने कर्नाटक फॉर्मूले को ही आगे बढ़ाने की रणनीति बनाई है। कर्नाटक में कांग्रेस ने सिद्धारमैया व डी.के.शिवकुमार की कलह के चलते किसी को मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं बनाया। बहुमत आने पर विधायकों से रायशुमारी व मतदान करने से सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री बनाया गया है। अब अन्य राज्यों में भी इसी तरह की रणनीति तैयार की गई है। पार्टी आलाकमान सभी नेताओं से बात कर इस बारे में प्रदेश के नेताओं को जानकारी भी दे रहे हैं। पिछले दिनों कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राजस्थान और मध्यप्रदेश के नेताओं के साथ बैठक की। सूत्रों ने बताया कि खरगे व राहुल ने गहलोत व पायलट को यही समझाया कि चुनाव में एकजुट होकर काम करो। बहुमत आने पर विधायकों से मतदान करवा कर मुख्यमंत्री का चयन किया जाएगा।

# ऐसा भोजन आपके दर्द को बढ़ाता है



डॉ. रामावतार शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

**हमारे** शरीर में दर्द दो प्रकार के होते हैं। एक तो तीव्र (एक्यूट) और दूसरा दीर्घकालिक (क्रोनिक)। तीव्र दर्द किसी त्वरित कारण से होता है जैसे किसी अंग में पथरी का फंस जाना, शरीर की किसी वाहनी में रुकावट, ज्वर, चोट आदि से जनित दर्द तीव्र होता है। इस तरह के दर्द का इलाज अक्सर दवा से किया जाता है। दूसरा और ज्यादा लोगों में पाया जाने वाला दर्द लंबे समय से शरीर की किसी न किसी हिस्से में होता रहता है। सबसे सामान्य उदाहरण कमर के नीचे के हिस्से का दर्द, घुटनों का दर्द, एड़ी का दर्द आदि हैं।

इस दीर्घकालिक दर्द का पीड़ित व्यक्ति की पूरी जीवनशैली पर बड़ा नकारात्मक प्रभाव पड़ता है जो जीवन की कई संभावनाओं को नष्ट कर देता है। अभी तक इस दर्द का किसी भी विधि में जिस भी तरह से उपचार हो रहा है वह अधूरा है जिसमें पीड़ित व्यक्ति को कोई संतोषजनक राहत नहीं मिलती है। पीड़ित व्यक्ति के कितने ही कार्य बाधित होते हैं और जीवनपर्यंत इलाज उसकी आर्थिक स्थिति पर भी अच्छा खासा दुष्प्रभाव डालता है। जितने भी उपचार विकसित हुए हैं जिनमें शल्य चिकित्सा भी शामिल है वे सभी राहत पहुंचाने की कसौटी पर अधूरे साबित हुए हैं।

इस सब के बीच कुछ चिकित्सा वैज्ञानिकों ने लीक से हट कर सोचना प्रारंभ किया है और अब इस विषय पर एक नया दृष्टिकोण विकसित हो रहा है। उन्होंने यह जानने के प्रयास किए हैं कि क्या भोजन एवम् खाद्य पदार्थ किसी व्यक्ति के शरीर में दर्द के प्रति संवेनशीलता बढ़ा सकते हैं? यदि कोई व्यक्ति दर्द को लेकर अधिक संवेदनशील है तो निश्चित तौर पर मामूली दर्द भी बर्दास्त के बाहर हो सकता है जबकि दूसरा व्यक्ति उसी मात्रा के दर्द को सहन करते हुए अपना कार्य करने में सक्षम है। अभी प्रकाशित एक ताजा शोध के अनुसार दीर्घकालिक (क्रोनिक) दर्द के अहसास यानि संवेदनशीलता पर इस बात का बड़ा प्रभाव पड़ता है कि आप का भोजन किस प्रकार का है।

यदि किसी व्यक्ति के भोजन में सैचुरेटेड फैट्स यानि संतृप्त वसा की अधिकता है तो इस व्यक्ति को दर्द का अहसास सामान्य व्यक्ति से कहीं अधिक होगा और जो दर्द आराम से बर्दास्त किया जा सकता है वही दर्द ऐसे व्यक्ति के लिए बर्दास्त से बाहर हो जायेगा। संतृप्त वसा से भरपूर भोजन के उदाहरण फ्रेंच फ्राई, गुलाब जामुन, कचोरी समोसे , जलेबी और अन्य गहरे तले भोज्य पदार्थ होते हैं। कभी कभी स्वाद की संतुष्टि के लिए इनको ग्रहण करना बुरा नहीं है क्योंकि हमारे खाने में दस प्रतिशत तक सैचुरेटेड फैट से ऊर्जा सुरक्षित तरीके से प्राप्त की जा सकती है परंतु इस तरह के भोजन का नियमित उपयोग शरीर की दर्द के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ा देता है।

इस अत्यधिक संवेदनशीलता का कारण संतृप्त वसा द्वारा शरीर की कोशिकाओं में प्रज्वलन यानि इंफ्लेमेशन (एक तरह की सूजन) पैदा करना है जिसके फलस्वरूप शरीर में उत्पन्न हुए कई रसायन नर्व तंत्र को प्रभावित कर दर्द को तो बढ़ा देते हैं और उसको सहन करने की नैसर्गिक (प्रकृति प्रदत्त) शक्ति को कम कर देते हैं। ऐसे में लोग दर्द निवारक दवाओं का अत्यधिक उपयोग करने लगते हैं जिसके फलस्वरूप उनके आमाशय, गुर्दे, लीवर और हृदय को बड़ा नुकसान पहुंच सकता है और मृत्यु भी हो सकती है।

इस तरह से हम देखते हैं कि यदि हम हमारे भोजन में सैचुरेटेड फैट्स यानि तला हुआ भोजन सिर्फ स्वाद परिवर्तन के लिए यदा कदा और थोड़ी मात्रा में रखते हैं तो लंबे समय तक बने रहनेवाले दर्द में तकरीबन दर्द निवारक दवा जितना ही आराम पा सकते हैं। यहां पर यह भी देखा गया है कि लोग घी तेल के प्रयोग को बिल्कुल ही शून्य कर देते हैं जोकि उचित नहीं है। वसा शून्य भोजन करने से हमारे शरीर में विटामिन ए, डी, ई और के की कमी हो जाती है जो स्वास्थ्य की लिए नुकसानदेह होती है। एक संतुलित भोजन में 25 से 35 प्रतिशत वसा होनी चाहिए जो एक औसत व्यक्ति के लिए करीब अस्सी ग्राम प्रतिदिन के आस पास होती है। भोजन संतुलित हो और स्वास्थ्यवर्धक हो इस बात का ध्यान रखते हुए तली हुई वस्तुओं पर नियंत्रण आपकी दर्द सहने की क्षमता को बढ़ाएगा और आपको दर्द निवारक दवाओं की जरूरत से मुक्त रखेगा। शोध का यह नया क्षैत्र है जिसमें अभी काफी विस्तार से अध्ययन की आवश्यकता है।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

# कैसे सेफ हो रेल यात्रा?

**ओडिशा** के बालासोर में बीते दिनों हुई ट्रेन दुर्घटना ने पूरे देश को सकते में डाल दिया है। देश के इतिहास के सबसे भीषण रेल हादसों में शामिल की जा रही इस घटना में तीन ट्रेनें एक-दूसरे से टकराई हैं। पहले कोरोमंडल एक्सप्रेस गलत ट्रैक पर आकर वहां खड़ी मालगाड़ी से टकराई, जिससे उसके कई डब्बे पटरी से उतर कर दूसरी ट्रैक पर चले गए। वहां दूसरी तरफ से आ रही बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस इन डब्बों पर चढ़ गई। हताहतों की बड़ी संख्या के अलावा दुर्घटना की इस प्रकृति ने भी आम जनमानस को झकझोर कर रख दिया है। भारतीय रेलवे रोज औसतन सवा करोड़ से ज्यादा लोगों को मंजिल तक पहुंचाती है। ऐसे में इस तरह की दुर्घटना उनके मन में रेलवे सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल पैदा कर सकती है। फिलहाल सरकार का पूरा ध्यान राहत कार्य और दुर्घटना में घायल हुए लोगों के इलाज पर है, जो ठीक भी है। इस संदर्भ में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस की प्रतिक्रिया खास तौर पर ध्यान देने लायक है, जिसने इस दुर्घटना से जुड़े असुविधाजनक सवालों को यह कहकर स्थगित रखा है कि फिलहाल सर्वोच्च प्राथमिकता राहत और बचाव कार्यों को दिया जाना चाहिए। मगर यह बात भी सही है कि नीतिगत और व्यवस्थागत खामियों की ओर ध्यान दिलाने का भी यही वक्त होता है, जब आम लोग उन सवालों के जवाब जानना चाहते हैं, जिन्हें सामान्य दिनों में एक्सपर्ट्स के सोचने-समझने वाले तकनीकी विषय मानकर छोड़ दिया जाता है। इस लिहाज से देखा जाए तो हाल के दिनों में पब्लिक परसेप्शन यह बना है कि सरकार स्पीड बढ़ाने और नई-नई ट्रेनें शुरू करने पर जितना ध्यान दे रही है, उतना कमजोर और पुराने पड़ते इन्फ्रास्ट्रक्चर को दुरुस्त करने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर नहीं दिया जा रहा। हालांकि रेलवे डिपार्टमेंट आंकड़ों के जरिए इस धारणा का खंडन करता है। उसके मुताबिक 2017-18 में एक लाख करोड़ रुपये का पंचवर्षीय सुरक्षा कोष बनाया गया था, जिसे 2022-23 में 45000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त रकम के साथ एक्टसटेंड कर दिया गया। उसका यह भी कहना है कि रेल यात्रा की सुरक्षा के पहलू पर लगातार काम करते रहने के ही कारण इस मोर्चे पर स्थिति में सुधार देखा जा रहा है। 2013-14 में प्रति दस लाख किलोमीटर पर 0.10 दुर्घटना की औसत संख्या 2022-23 तक और कम होकर 0.03 पर आ गई थी। लेकिन यह दुर्घटना का सबक यह है कि ऐसे एकाध हादसे भी रेल यात्रा की सुरक्षा को लेकर आम लोगों के मन में वैसी आशंका पैदा कर सकते हैं, जो ऐसे दर्जनों आंकड़ों से दूर नहीं की जा सकती। इसलिए इस दुर्घटना के कारणों की तह तक जाकर उन्हें दूर करने के कारगर उपाय भी लोगों की नजर में लाए जाने चाहिए।

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।

# सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



**उसकी** मां चाहे जो करे। उसे मुंह में दबाकर यहां-वहां जहां भी चाहे रखे। इसी तरह कोई साधक स्वयं हिसाब करके साधन-भजन नहीं कर सकते। वे केवल व्याकुल होकर रो-रोकर उन्हें पुकारते हैं। उनका रोना सुनकर ईश्वर फिर रह नहीं सकते, आकर उन्हें दर्शन देते हैं। ईश्वर प्राप्ति का एक उपाय है साधु संग और ईश्वर से प्रार्थना। मन का सभी मैल धुल जाने पर उनका दर्शन होता है। मन मानो मिट्टी से लिपटी हुई एक लोहे की सुई है, ईश्वर है चुम्बक। सुई पर मिट्टी रहते उसका चुम्बक के साथ संयोग नीं ोता। रोते-रोते जब मन का मैल यानि सुई की मिट्टी धुल जाती है तब चुम्बक (ईश्वर) सुई को खींच लेता है। काम, क्रोध, लोभ, पाप, बुद्धि, विषय बुद्धि आदि मन के मैल हैं। चित्त शुद्धि होने पर ही ईश्वर के दर्शन होंगे। काम, क्रोध आदि से बचाव के लिए साधु संग की आवश्यकता है। जैसे छोटे पौधों को गाय, बकरी आदि से बचाव के लिए कटघरे की आवश्यकता होती है। ईश्वर प्राप्ति के लिए उनसे प्रेम के आकर्षण के भाव की जरूरत हैं। उन्हें मां आदि कोई भी नाम से पुकारने पर भक्ति प्रेम बढ़ जाता है। उनके चिंतन के कई भाव हैं। दास्य, सख्य, वात्सल्य, मधुर आदि। मैं तो केवल ईश्वर से प्यार करता हूं, मुझे कोई कामना नहीं। यह बहुत अच्छा भाव है। इसका नाम है अैतुकी भक्ति।

**क्रमशः**

## ओपिनियन : संदर्भ - दिल्ली का साक्षी हत्याकांड

# क्या समाज में विकृत हो रहा प्रेम का रूप



राम शर्मा
पत्रकार
@jagrukjanta.net

**दिल्ली** के रोहिणी इलाके में एक किशोरवय लडक़ी साक्षी की उसी के प्रेमी ने सरेराह चाकूओं से गोद कर नृशंस हत्या कर दी। इस पर भी उसे तसल्ली नहीं हुई तो उसका सिर बड़े से पत्थर से कुचल दिया। किसी राहगीर ने उसे बचाने का प्रयास नहीं किया और न ही पुलिस को सूचना देने का प्रयास किया। यह घटना न केवल स्तब्धकारी है वरन् यह सोचने पर भी मजबूर करती है कि हमारा समाज किस दिशा में जा रहा है। इसे धर्म के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए, वरन् एकीकृत समाज मे आ रही व्यापक विकृति के रूप में दखा जाना चाहिए। यह पूरी घटना अगर सीसीटीवी के कैमरे में कैद नहीं हुई होती तो भी इसका विवरण बेचैन कर सकता था, लेकिन टीवी पर प्रसारित इस घटना के फुटेज ने आम देशवासियों के दिलो-दिमाग पर इसके असर को कई गुना बढ़ दिया है। शुरुआती जानकारी से सामने आया है कि युवक व किशोरवय युवती पिछले दो साल से रिश्ते में थे। कुछ दिनों से उनमें खटपट बढ़ गई थी। युवती जब लडक़े से दूरी बनाने की कोशिश कर रही थी, जिसे लडक़ा बर्दाश्त नहीं कर पाया और प्रतिशोध की अग्नि में उसने यह जघन्य अपराध कर दिया।

कथित प्रेम संबंधों की ऐसी परिणति कई मामलों में देखने को मिल रही है। कुछ समय पहले ही दिल्ली में श्रद्धा मर्डर केस चर्चित हुआ था, जिसमें लिव-इन पार्टनर ने कथित तौर पर हत्या करने के बाद लाश के 35 टुकड़े किए और फिर एक-एक कर ये टुकड़े जंगल में फेंक दिए। ऐसी और भी घटनाएं देश के अलग-अलग हिस्सों से सुनने को मिली हैं। ताजा मामले का जो पहलू खास तौर पर ध्यान खींच रहा है वह है दोनों की कम उम्र। 14 और 18 साल की उम्र में शुरू हुआ यह कथित प्रेम संबंध अलगाव की एक आंच नहीं झेल पाया। पिछले कुछ समय से समाज में आ रहा खुलापन जहां लड़कियों को स्वतंत्र फैसले लेने की ओर ले जा रहा है वहीं लडक़ों की अपेक्षाएं अभी भी पुराने पुरुषवादी आग्रहों से ग्रसित नजर आती हैं। निश्चित रूप से इसके अपवाद भी हैं, लेकिन समाज के एक बड़े हिस्से में चेतना का यह असंतुलन खतरनाक टकराव की स्थिति पैदा कर रहा है। इसी घटना का एक और अहम पहलू है शहरी मध्यवर्गीय जीवन में घर करती जा रही उदासीनता। सीसीटीवी फुटेज दिखाता है कि सडक़ के किनारे एक 16 साल की लडक़ी पर हो रहे इस बर्बर हमले के दौरान कई लोग वहां से गुजरे, कुछ तो दो-चार सेकंड के लिए ठिठके भी, लेकिन किसी ने भी युवक को रोकने की या तत्काल पुलिस बुलाकर या शोर मचाकर लडक़ी को बचाने की कोशिश नहीं की। बल्कि, कॉलोनी के लोगों ने भी अपनी खिड़कियां बंद कर लीं। यह कोई नया परिदृश्य नहीं है। दिल्ली ही नहीं, तमाम महानगरों में सडक़ दुर्घटनाओं के दौरान या इस तरह की घटनाओं में ऐसी उदासीन प्रतिरि या देखने को मिलती है। पुलिस-प्रशासन की साख का सवाल तो है ही, घटना से जुड़े अन्य पहलू भी कम महत्वपूर्ण नहीं। नीति-निर्माताओं और समाज के जिम्मेदार तबकों को घटना के तमाम पहलुओं को संज्ञान में लेने और सुधारात्मक कदमों पर गौर करने की जरूरत है।

आरोपी युवक ने कहा है कि लडक़ी उसके साथ प्रेम में थी और कुछ दिनों से वह उसे नजरअंदाज कर रही थी। उसका नजर अंदाज करना उसे सहा नहीं गया। वह प्रतिशोध की ज्वाला में जल उठा और इस प्रकार का जघन्य काम कर बैठा। वास्तव में देखा जाए तो यह घटना महज एक अपराध नहीं है। और न ही इसे धर्म के चश्मे से देखा जाना चाहिए। बल्कि यह समाज में पनप रही कई विकृतियों की ओर इशारा कर रही है। सबसे चिंतनीय तो समाज में उभर रहे प्रेम के विकृत रूप की है। एक समय था जब युवक अपनी प्रेमिका के लिए कुछ भी त्याग करने के लिए तत्पर रहते थे। हमारे समाज में प्रेम का खूब महिमा मंडन किया गया है। प्रेम में त्याग का तत्व प्रमुख है। महान संत कबीर ने प्रेम पर खूब दोहे लिखे हैं। उन्होंने प्रेम को त्याग का प्रतीक बताया और कहा,

*प्रेम पियाला जो पिये शीश दक्षिणा देय !*
*लोभी शीश न दे सके,नाम प्रेम का लेय !!*

लेकिन आज प्रेम का कुछ और ही रूप उजागर हो रहा है। पहले प्रेम त्याग और स्नेह की भावना से ओतप्रोत होता था। प्रेमी अपनी प्रेमिका के लिए सब कुछ त्यागने के लिए तैयार रहता था। लेकिन त्याग और स्नेह की जगह अब प्रतिशोध और क्रोध ने ले ली है। प्रेम में काम वासना का तत्व हावी हो गया है। बड़ा सवाल यह है कि प्रेम तत्व में इस विकृति के लिए कौन जिम्मेदार है? इसे कैसे सुधारा जाए। क्योंकि सारी चीजें केवल कानून के भरोसे ठीक नहीं हो सकती। इसके लिए समाज को एक होकर आगे आना पड़ेगा। समाज को अपनी नई पीढ़ी को समझना और समझाना होगा। नई पीढ़ी चाहे वह किसी भी धर्म की हो, उसके अभिभावकों को देखना होगा कि उनके बच्चे किस राह पर जा रहे हैं। आजकल सूचना तकनीक ने भी समाज में कई विकृतियां उत्पन्न की है। मोबाइल के जरिए युवा पीढ़ी के मन मस्तिष्क में झ्क्षहसा घर करती जा रही है। मोबाइल पर दिखाए जाने वाले कंटेंट को कानून और तकनीक के माध्यम से नियंत्रित करने की जरूरत है।

इस मामले में हमारे विद्यालय सकारात्मक भूमिका निभा सकते हैं। आजकल की पीढ़ी स्कूल और मोबाइलों के माध्यम से ही अपने संस्कार ग्रहण कर रही है। इसलिए स्कूलों को संस्कार निर्माण केन्द्र बनाने होंगे। दुर्भाग्य से स्कूल आजकल अपनी इस भूमिका से दूर होती जा रही है। इसलिए समाज के सामूहिक चरित्र निर्माण में स्कूलों की भूमिका को सकारात्मक रूप से बदलना पड़ेगा। यह काम केवल सरकारों के भरोसे नहीं हो सकता। इसमें सभी धर्मों के अगुवा लोगों, समाज सुधारकों और सामाजिक संस्थाओं को भी करना होगा।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

## जागरूक जनता Selfie विद डॉटर



मिष्टी, प्रवीण मिश्रा, दिल्ली

## हमे लिखे

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

## पंचांग



ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

### जागरूक जनता पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

#### सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 07/06/2023**

**सूर्योदय :** 05:36 **सूर्यास्त :** 19:14 **चन्द्रोदय :** 22:52 **चन्द्रास्त :** 08:26 **शक सम्वत :** 1945 सोभाकृतु **अमान्ता महीना :** ज्येष्ठ **पूर्णिमांत :** आषाढ़ा **सूर्य राशि :** वृषभ **चन्द्र राशि :** मकर **पक्ष :** कृष्ण **तिथि :** चतुर्थी, 21:52 तक **वार :** बुधवार **शक सम्वत :** 1945 शोभकृत **विक्रम सम्वत :** 2080 नल **चन्द्रमास ज्येष्ठ :** पूर्णिमान्त **वैशाख :** अमान्त **गुजराती सम्वत :** 2079 आनन्द

#### नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र :** उत्तराषाढ़ा, 20:56 तक
**योग :** ब्रह्मा, 22:16 तक
**प्रथम करण :** बावा, 11:20 तक
**द्वितिय करण :** बालवा, 21:52 तक

#### शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:11 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 04:32 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | 11:51 ए एम से |
| विजय मुहूर्त | 02:32 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 06:58 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 07:00 पी एम से |
| अमृत काल | 10:20 ए एम से |
| निशिता मुहूर्त | 11:56 पी एम से |

**निवास और शूल**

**दिशा शूल : पश्चिम में**
**राहु काल वास उत्तर में**
**होमाहुति : मंगल**
**चन्द्रवास : उत्तर**

#### चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| लाभ | : 05:36 - 07:18 | उद्वेग : 07:14 - 08:31 |
| अमृत | : 07:18 - 09:00 | शुभ : 08:31 - 09:49 |
| काल काल वेला | : 09:00 - 10:42 | अमृत : 09:49 - 11:07 |
| शुभ | : 10:42 - 12:23 | चर : 11:07 - 12:24 |
| रोग वार वेला | : 12:23 - 02:05 | रोग : 12:24 - 01:42 |
| उद्वेग | : 02:05 - 03:47 | काल : 01:42 - 03:00 |
| चर | : 03:47 - 05:29 | लाभ : 03:00 - 04:18 |
| लाभ | : 05:29 - 07:10 | उद्वेग : 04:18 - 05:35 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

#### आज चतुर्थी

**आज कौन सा कार्य करें**

**चतुर्थी, नवमी व चतुर्दशी रिक्ता तिथियां हैं। इनमें कोई भी मांगलिक कार्य नहीं करने चाहिए।**

#### बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

## राशिफल

आषाढ़, कृष्ण, चतुर्थी, 2080 बुधवार, 7 जून - 14 जून, 2023

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
छवि खराब हो सकती है। भावुकता में निर्णय न लें। बिजनेस में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। गैस और पेटदर्द की समस्या हो सकती है। सोशल मीडिया पर सम्भल कर जानकारियाँ पोस्ट करें।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
ऑफिस में बहुत मेहनत करनी पड़ेगी। बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान दें। व्यवहार में आकर्षण रहेगा। अधीनस्थ कर्मचारियों का सहयोग मिलेगा। परिवार में आपके सम्बन्ध काफी अच्छे रहेंगे।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
आपकी दिनचर्या काफी व्यवस्थित रहेगी। आपके आत्मसम्मान में वृद्धि होगी। परिजनों के साथ सिनेमा और लंच के लिये बाहर जा सकते हैं। आय के नये स्रोत मिलने के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
दोस्तों के साथ रिश्ते मजबूत होंगे। अपने सिद्धान्तों से समझौता न करें। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। विद्यार्थियों को शिक्षकों का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। नव दम्पत्ति फैमिली प्लानिंग कर सकते हैं।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। जॉब को लेकर स्थिति मजबूत होगी। रिश्तेदारों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। कार्यक्षेत्र में बदलाव करने की इच्छा होगी। जीवनसाथी के साथ रिश्ते मजबूत होंगे।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
कार्यक्षेत्र में आपकी आलोचना हो सकती है। विवादों से दूरी बनाकर रखें। जल्दबाज़ी में आपके काम बिगड़ सकते हैं। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। किसी मित्र के साथ दुर्व्यवहार न करें।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
नये सम्पर्क विकसित हो सकते हैं। पुराने मित्रों से मुलाक़ात होगी। नौकरीपेशा लोगों को यात्रा करनी पड़ सकती है। बच्चों के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। कारोबार में आपको बेहतरीन परिणाम मिलेंगे।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
दाम्पत्य जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। दोस्तों के साथ आप पार्टी का आयोजन कर सकते हैं। जॉब में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। आपको कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
होटल कारोबारियों के लिये सप्ताह अच्छा है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में अपेक्षा के अनुसार परिणाम न मिलने से मन व्यथित हो सकता है। व्यवसाय में बाहरी लोगों का हस्तक्षेप न होने दें।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
पार्टनरशिप से जुड़े हुए कारोबार में लाभ होगा। करियर में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। समाज में आपकी ख्याति और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी बड़े प्रोजेक्ट में निवेश कर सकते हैं।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति मिल सकती है। भाई-बहनों के साथ आपके सम्बन्ध मधुर होंगे। प्रेम सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
अपरिचितों पर ज्यादा विश्वास न करें। सोचे हुए कार्य समय पर पूर्ण हो जायेंगे। आपकी सलाह से लोगों को लाभ मिलेगा।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

# एन. के. पब्लिक स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** एन. के. पब्लिक स्कूल, आर्य नगर, मुरलीपुरा, जयपुर के विद्यार्थियों ने उच्च माध्यमिक व माध्यमिक परीक्षा 2023 में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के साथ नये कीर्तिमान स्थापित किए हैं। माध्यमिक परीक्षा में मेघावी छात्रा काशवी शर्मा ने 94.67 प्रतिशत, अनमोल अग्रवाल 93.67 प्रतिशत, विजय सिंह 93.00 प्रतिशत, रोहित खर्रा 93.00 प्रतिशत, दिपांशु 92.67 प्रतिशत, गौरव शर्मा 92.33 प्रतिशत, सृष्टि 92.17 प्रतिशत, निधि कुलदीप 92.00 प्रतिशत, स्नेहा चौधरी 91.00 प्रतिशत, निलांजना सिंह 90.67 प्रतिशत, खुशी अग्रवाल 90.00 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

इसी क्रम में विद्यालय के तीन होनहार विद्यार्थी दक्ष गुप्ता, गौरव शर्मा व निकुंज निर्मल ने गणित विषय मे शत् प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढाया। विज्ञान वर्ग से मेघावी छात्रा राशि गुप्ता ने 94.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए वाणिज्य वर्ग से सौम्य शर्मा ने 93.00 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विज्ञान वर्ग में कुल छात्र संख्या 123 प्रथम श्रेणी-114 द्वितीय श्रेणी-08 विद्यार्थी रहे। इसी के साथ वाणिज्य वर्ग में कुल छात्र/ छात्राएं संख्या 56 थी जिनमें प्रथम श्रेणी 52 व द्वितीय श्रेणी पर 4 विद्यार्थी रहे।इसी क्रम में विज्ञान वर्ग से राशि गुप्ता, निशान्त यादव व अजय सिंह ने गणित विषय में शत प्रतिशत अंक हासिल किए। आकाश बंसल ने जीव विज्ञान व खुशी मीणा ने अंग्रेजी विषय में शत प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. एन. सी. लुनायच ने सभी विद्यार्थियों को माला पहनाकर व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर बधाई देते हुए सभी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम ही इस विद्यालय की विशेषता है। यहाँ का सधा हुआ अनुशासन व श्रमशील अध्यापक वर्ग यहाँ की गुणवता की पहचान है। यहाँ से उत्तीर्ण छात्र/छात्रा राष्ट्र के निर्माण व विकास में अपना योगदान दे रहे है। प्रतिवर्ष अनेकों छात्र/छात्राएं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से उच्च पदों तक पहुँच रहे है। विद्यालय के निदेशक कुलदीप सिंह ने सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या चित्राराजे बसेरा ने सभी विद्यार्थियों व अभिभावकों को परीक्षा परिणाम के लिए बधाई प्रेषित की।



## निर्जला एकादशी के अवसर पर आमजन को वितरण किया नींबू पानी



**जयपुर @ जागरूक जनता।** निर्जला एकादशी के अवसर पर विद्याधर नगर सेक्टर 4 श्री राधा गोविन्द मन्दिर सेवा समिति के नवयुवक मंडल एवं महिला मंडल द्वारा मन्दिर मोड़ पर आमजन के लिए नींबू पानी वितरण का कार्यक्रम किया गया। इस दौरान वाहन चालकों व पैदल आमजन को रोककर जल का वितरण किया। इस मौके पर ठाकुर जी का शृंगार भी किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे। इसके अलावा विद्याधर नगर एल एस नगर के व्यापारियों एवं श्याम भक्तो के सहयोग द्वारा ठंडाई का वितरण किया। रवि प्रकाश सैन, गणेश, सजन भारद्वाज, गजेन्द्र खंडेलवाल वितरण कार्यक्रम में सेवा देने में सहयोग किया। इसके अलावा विश्व धर्म चेतना मंच तिरुपति के जयपुर केन्द्र द्वारा शर्बत/मिल्करोज़ एवं ठंडा मीठा जल आम जन को पिलाने की सेवा का कार्य सुबह 11 से 4 बजे तक मंदिर मोड़ सर्किल, विद्याधर नगर में किया गया। वहीं, द्वारका प्रसाद बुनकर के नेतृत्व में निर्मल चोपड़ा, दीपक चोपड़ा, उत्तम, सूरज, नीरू वर्गेस, रामबाबू परीक, गोवर्धन गोदारा एवं अभिषेक पारीक ने सेवा दी। इसके अलावा मिल्क



रोज वितरण का कार्य कर्म सभी श्याम प्रेमियों द्वारा विद्याधर नगर 16 नंबर बस स्टैंड नया खेड़ा पर आयोजित किया गया। इस मौके पर अनिल सैन, मनवीर सिंह, केशव अरोड़ा, सतीश जागा, विजेंद्र कुमार, सौम्य सैन एवं अन्य कार्य कर्ताओ ने मिल्क रोज वितरण किया।

## नन्हे मुन्ने बच्चो और देश के भविष्य पीढ़ी ने संभाली पर्यावरण संरक्षण के डोर

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर मुरलीपुरा स्थित संस्कृति चिल्ड्रंस एकेडमी में पौधरोपण एवं फलदाई वृक्ष वितरण किए गए। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए अनेकों प्रेरणादाई कार्य करने वाले और पर्यावरण संरक्षण हेतु केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह से सम्मानित पर्यावरण प्रहरी एससीए जयपुर के प्रबन्ध निदेशक आयुष कुमार शर्मा के नेतृत्व में वृक्षारोपण और शर्मा द्वारा निशुल्क फलदाई पेड वितरित किए गए। पर्यावरण प्रहरी आयुष कुमार शर्मा ने कहा की पर्यावरण को सुधारने हेतु यह दिवस महत्वपूर्ण है जिसमें पूरा विश्व रास्ते में खड़ी चुनौतियों को हल करने का रास्ता निकालता हैं। लोगों में पर्यावरण जागरूकता को जगाने के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा संचालित विश्व पर्यावरण दिवस दुनिया का सबसे बड़ा वार्षिक आयोजन है। इसका मुख्य उद्देश्य हमारी प्रकृति की रक्षा के लिए जागरूकता बढ़ाना और दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे विभिन्न पर्यावरणीय मुद्दों को देखना है।

## बीट द प्लास्टिक पोलूशन थीम पर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस



**जयपुर @ जागरूक जनता।** सुबोध महिला महाविद्यालय रामबाग में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन बीट द प्लास्टिक पोलूशन की थीम पर किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण मुद्दों पर छात्राओं ने पोस्टर एवं पावरपॉइंट प्रदर्शित किये साथ ही परिसर में पौधरोपण भी किया। महाविद्यालय के संयोजक वी. सी. डागा ने प्रकृति के अविवेक दोहन के बाद अब प्रकृति को कुछ देने पर बल दिया। प्राचार्या डॉक्टर रेणु जोशी ने पर्यावरण को संरक्षित करने में छात्र-छात्राओं के व्यक्तिगत योगदान को महत्वपूर्ण बताते हुए छात्राओं को इस दिशा में कार्य करने की शपथ दिलाई। उपप्रचार्य डॉक्टर इंदु शर्मा ने पर्यावरण से छेड़छाड़ को मानव सभ्यता के लिए विधवंशक बताया। कार्यक्रम के संयोजक मंडल में डॉक्टर मंजू बाघमार, डॉक्टर रूचि साबु एवं ताराचंद बड़ीवाल ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

## रितिका ने 90.67 अंक हासिल कर फराया परचम



**जयपुर @ जागरूक जनता।** लोट्स इंटरनेशनल सीनियर सैकण्डरी स्कूल, वीकेआई की छात्रा रितिका रामचंदानी ने 10वीं के परीक्षा परिणाम में 90.67 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने माता-पिता और स्कूल का नाम रोशन किया है। रितिका अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरूजनों को देती है। भविष्य में रितिका प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती है।

## सहकारी सोसायटी अधिनियम के अपील व निगरानी प्रकरणों में 2 जुलाई तक सुनवाई स्थगित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** न्यायालय सहकारिता मंत्री के समक्ष राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम 2001 की धारा 104 एवम 107 के तहत दर्ज अपील व निगरानी संबंधित प्रकरणों की होने वाली सुनवाई 2 जुलाई, 2023 तक स्थगित कर दी गई है। इस संबंध में सहकारिता विभाग ने आदेश जारी किए हैं।

**प्रमोशन बोर्ड की मीटिंग 13 को**

## जल्द मिलेंगे 16 नए आईएएस अधिकारी

**राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को किया जाएगा प्रमोट**

**जयपुर @ जागरूक जनता।** प्रदेश को जल्द 16 नए आईएएस अधिकारी मिलेंगे। इसके लिए राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को प्रमोट किया जाएगा। 13 जून को यूपीएससी में प्रमोशन बोर्ड की बैठक होने वाली है। इसमें मुख्य सचिव उषा शर्मा, कार्मिक विभाग के प्रमुख सचिव हेमंत गेरा और राज्य सरकार की ओर से नियुक्त सीनियर आईएएस शामिल होंगे। इसमें से 16 अधिकारियों को प्रमोशन मिलेगा। कार्मिक विभाग के अनुसार वर्ष 2022 में रिक्त यानी आरएएस से आईएएस बने अधिकारियों के रिटायरमेंट से खाली 16 पदों के विरुद्ध यह प्रमोशन किए जा रहे हैं। जिनके प्रमोशन हो सकते हैं उनमें 1996 बैच के 9 आरएएस प्रियंका गोस्वामी, जगजीत मोंगा, रामनिवास मेहता, अरुण गर्ग, राजेंद्र वर्मा, अल्पा चौधरी, संचिता विश्नोई, हर्ष सावन सुखा व आशुतोष गुप्ता हैं। जबकि 1997 बैच के 7 आरएएस बाबूलाल गोयल, बालमुकुंद असावा, नारायण सिंह, किशोर कुमार, हनुमान मल ढाका, बचनेश अग्रवाल एवं वासुदेव मालावत के नाम प्रमुख हैं।

## राजस्थान साहित्य अकादमी द्वारा वर्ष 2023-24 पुरस्कार योजना में प्रविष्टियां आमंत्रित

**उदयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान साहित्य अकादमी द्वारा वर्ष 2023-24 में विभिन्न अकादमी पुरस्कारों हेतु राजस्थान निवासी लेखकों से प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। अकादमी अध्यक्ष डॉ. दुलाराम सहारण ने बताया कि सर्वोच्च 'मीरां पुरस्कार' हेतु गद्य-पद्य विधा की मौलिक, सृजनात्मक दिशापरक कृतियां आमंत्रित हैं। साथ ही कविता विधा मे 'सुधीन्द्र पुरस्कार', कथा-उपन्यास विधा में 'रांगेय राघव पुरस्कार', नाटक-एकांकी विधा में 'देवीलाल सामर पुरस्कार', निबंध, आलोचना, पाठ-संपादन, साहित्येतिहास विधा में 'देवराज उपाध्याय पुरस्कार', ललित गद्य, रेखाचित्र, संस्मरण, रिपोर्ताज, यात्रावृत्त, व्यंग्य, आत्मकथा, जीवन चरित्र आदि विधा में 'कन्हैयालाल सहल पुरस्कार', बाल साहित्य में 'शम्भूदयाल सक्सेना पुरस्कार' तथा प्रथम प्रकाशित कृति हेतु 'सुमनेश जोशी पुरस्कार हेतु भी प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। अकादमी सचिव डॉ. बसंत सिंह सोलंकी ने बताया कि इन पुरस्कारों हेतु वर्ष 2020, 2021 और 2022 में प्रकाशित पुस्तकों की प्रविष्टियां ही नियमानुसार मान्य होगी। अकादमी में प्राप्त पुस्तकें लेखकों को लौटाई नहीं जाएंगी। एक लेखक द्वारा इन आठ पुरस्कारों में से किसी एक पुरस्कार हेतु ही प्रविष्टि भिजवाई जा सकती है। सोलंकी ने बताया कि इन सभी पुरस्कारों में प्रविष्टियां भिजवाने की अंतिम तिथि 5 जुलाई है। इन योजनाओं के नियम प्रपत्र अकादमी कार्यालय तथा अकादमी की सभी सोशल साइट्स पर उपलब्ध हैं। जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 0294-2461717 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

# एन. के. पब्लिक स्कूल में 15 दिवसीय समर कैम्प (एक्सप्लोरिया) का समापन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** आर्य नगर, मुरलीपुरा स्थित एन. के. पब्लिक स्कूल में पन्द्रह दिवसीय समर कैम्प (एक्सप्लोरिया) का समापन कार्यक्रम अत्यन्त हर्ष व उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. एन. सी. लुनायच व निदेशक कुलदीप सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा गणेष प्रतिमा के समक्ष दीप-प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात् विद्यालय की प्रधानाचार्या चित्रा राजे बसेरा द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का आगाज भारतीय परम्परा के अनुसार कक्षा चार से छः तक के विद्यार्थियों ने गणेष वन्दना गणपति बप्पा मोरया पर सुन्दर नृत्य प्रस्तुति के साथ किया। तत्पष्चात् कक्षा यूकेजी से कक्षा-छः तक के नन्हें-मुन्ने बालकलाकारों ने जीवन में योग के महत्त्व पर प्रकाष डालते हुए विभिन्न प्रकार की योग-मुद्राओं का सुन्दर प्रदर्षन करते हुए उपस्थित सभी अभिभावकों का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया। इसी के साथ कक्षा-11वीं से अनुज शर्मा ने समर कैम्प के दौरान अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए कक्षा सात की छात्रा लावण्या सैन ने घूमर नृत्य पर जोरदार नृत्य प्रस्तुति देकर दर्षकों की तालिया बटोरी व कक्षा पाँच से कक्षा नौ के विद्यार्थियों ने एरोबिक्स प्रदर्षन द्वारा शरीर को लचीला व स्वस्थ बनाये रखने के गुर सिखाय। इसके पश्चात् कक्षा-1 से 8 तक के विद्यार्थियों के द्वारा बनाये गए हस्त षिल्प की वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया। कक्षा-11वीं की छात्रा सलोनी मीणा द्वारा अंग्रेजी गीत पर सुन्दर नृत्य प्रस्तुति देते हुए समा बाध दिया। समापन समारोह के अवसर पर संस्था के प्रबंध निदेषक डॉ. एन. सी. लुनायच ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभ्य व संस्कारयुक्त समाज का निर्माण आज के नौनिहालों पर टिका है। शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के शारीरिक, मानसिक, नैतिक दायित्वों का बोध कराने के उद्देष्य से ही इस प्रकार के कार्यक्रमों का संचालन अनिवार्य है।

संस्था के निदेषक कुलदीप सिंह ने सभी विद्यार्थियों को शुभाषीष देते हुए जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी व साथ ही सभी विद्यार्थियों को शैक्षिक गतिविधियों के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। व सभी षिक्षकों व षिक्षिकाओं से कहा कि हर विद्यार्थी में कुछ ना कुछ विषेष प्रतिभा छिपी होती है केवल इन्हें बाहर लाने की आवष्कता है इसलिए विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्षन प्राप्त हो तो वह स्वयं अपनी योग्यता प्रकट कर सकेगा। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय की प्रधानाचार्या चित्रा राजे बसेरा ने प्रतिभागियों व अभिभावकों को बधाई देते हुए उनका आभार व्यक्त किया व कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

## 21 से हड़ताल पर जा सकते हैं बसों के ड्राइवर

**जयपुर @ जागरूक जनता।** शहर में सार्वजनिक परिवहन की सुविधा उपलब्ध करवाने वाले जेसीटीएसएल की लो-फ्लोर व मिडी बसों पर चक्के जाम हो सकते हैं। दरअसल, लो-फ्लोर बसों के चालकों ने हड़ताल पर जाने की घोषणा की है। बगराना डिपो से संचालित होने वाली बसों की मेंटीनेंस पारस ट्रेवल्स के पास है और यही कम्पनी ड्राइवर भी उपलब्ध करवाती है। कॉन्ट्रैक्ट चालक एम्प्लॉइज यूनियन के बैनर तले चालकों ने मांगों को लेकर एक महीने पूर्व ज्ञापन दिया था। यूनियन के महामंत्री सूर्य प्रकाश चौधरी ने बताया कि एक महीने से ज्यादा समय बीतने के बाद भी पारस कंपनी प्रबंधन ने यूनियन से वार्ता नहीं की। इससे चालकों में आक्रोश है। उनकी मांग है कि सभी चालकों को 17,700 रुपए वेतन दिया जाए। वेतन का समय पर भुगतान किया जाए। दुर्घटना में वाहन की क्षति होने पर पैसे नहीं काटे जाए।

# यूईएम यूनिवर्सिटी ने उच्च शिक्षा व प्लेसमेंट के क्षेत्र में लहराया परचम

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

UEM — University of Engineering & Management — श्रद्धावान लभते ज्ञानम् — Good Education, Good Jobs



**चौमूं।** यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर एआईसीटीई, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नामित देश के 200 सलाहकार कॉलेजों में से एक है। यूईएम, जयपुर को शिक्षा मंत्रालय, सरकार द्वारा इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के तहत 2023 में उत्तर भारत में शीर्ष स्थान (प्रथम) में स्थान दिया गया है।यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सरकार की एनपीटीईएल परीक्षा पहल द्वारा लगातार छह सत्रों के लिए राजस्थान का सर्वोच्च रैंक वाला विश्वविद्यालय है। यूईएम जयपुर में प्लेसमेंट तब तक जारी रहता है, जब तक कि अंतिम इच्छुक छात्र का प्लेसमेंट नहीं हो जाता।यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर 2023 पासिंग आउट बैच के छात्रों को शानदार जॉब ऑफर मिले हैं। वर्ष 2022 में 1 स्टूडेंट को मिले थे 7 जॉब ऑफर, 2 स्टूडेंट्स को मिले थे 6 जॉब ऑफर, 6 छात्रों को 5 जॉब ऑफर मिले, 12 छात्रों को 4 जॉब ऑफर मिले, 28 छात्रों को 3 जॉब ऑफर मिले, 80% छात्रों को 2 जॉब ऑफर मिले अन्य सभी छात्रों को कम से कम 1 नौकरी का प्रस्ताव मिला। यूईएम जयपुर में उच्चतम वेतन प्रस्तावः प्रति वर्ष 72 लाख रुपये रहा और औसत वेतन प्रस्तावः प्रति वर्ष 6 लाख रुपये रहा। यूईएम जयपुर में 2023-2024 के लिए प्रवेश खुले हैं। जिसका प्रवेश लिंक: http://bit.ly/xGBh{vk है। साथ ही यूईएम यूनिवर्सिटी में चलाएं जाने वाले पाठ्यक्रम में बी.टेक, एम.टेक, बीबीए, एमबीए, एमबीए कार्यकारी, बीसीए, एमसीए, बीपीटी, एमपीटी, पीएचडी आदि हैं। यूईएम जयपुर AIU, UGC, AICTE, NAAC स्वीकृत और मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय हैं। कोर्स, प्रवेश और अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए विश्वविद्यालय के फ़ोन नंबरः 9887313330/ 9887413330/ 9887806930/ 7980060799 वेबसाइटः www.uem.edu.in, ईमेलः admissions@uem.edu.in पर संपर्क कर सकते है।

## कृषि अनुसंधान केंद्र, मंडोर पर तिल, अरंडी, सूरजमुखी व रामतिल (नाइजर) पर राष्ट्रीय स्तरीय कार्यशाला आयोजित

# किसानों को मिलेंगी तिलहनी फसलों की उच्च उपज वाली 7 किस्में

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




जयपुर। कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर के कृषि अनुसंधान केंद्र, मंडोर पर तिलहनी फसलों- तिल, अरंडी, सूरजमुखी व रामतिल (नाइजर) पर राष्ट्रीय स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। पश्चिमी राजस्थान के किसानों का तिलहनी फसलों के उत्पादन में रुझान लगातार बढ़ता जा रहा है। कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर के अधिकार क्षेत्र में राजस्थान का 46 प्रतिशत तिल व 90 प्रतिशत अरंडी उत्पादन का क्षेत्र आता है।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. विष्णु वर्धनरेड्डी, कुलपति, आचार्य एन.जी. रंगा कृषि विश्वविद्यालय, आंध्रप्रदेश ने बतलाया की बदलती परिस्थितियों के अनुसार हमें और अधिक उच्च उत्पादक, रोग व कीट प्रतिरोधी किस्में विकसित करनी होंगी तथा विभिन्न राज्यों के मध्य के उत्पादकता के बीच की खाई को पाटना होगा जिससे देश में खाद्य तेलों के आयात में कमी आये। उन्होंने बतलाया की हम 36.56 मिलियन टन के साथ दुनिया में तिलहन के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है लेकिन साथ ही दुनिया के दूसरे सबसे बड़े उपभोक्ता होने के कारण हमें खाद्य तेल का आयात करना पड़ता है। भारत अपनी खाद्य तेल की मांग का लगभग 55: से 60: आयात के माध्यम से पूरा करता है जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था पर पिछले वर्ष ही 156800 करोड़ रु. का अतिरिक्त भार बढ़ा है। कुलपति डॉ. बीआर चौधरी ने कहा की तिलहन उत्पादन में वैश्विक स्तर पर हमारा देश लगभग 12.88 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ कनाडा और चीन के बाद तीसरे स्थान पर है। देश में उगाई जाने वाली नौतिलहन फसलें वनस्पति तेलों का प्रमुख स्रोत हैं जिनमें मूंगफली, सोयाबीन, सरसों, तिल, अरंडी, आदि की खेती राजस्थान में मुख्य रूपसे की जाती है। लेकिन वर्तमान में राजस्थान का तिल उत्पादन क्षेत्र केवल एक वर्ष के अन्दर 32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2.90 लाख हेक्टेयर से 2.19 लाख हेक्टेयर रह गया जो की एक चिंता का विषय है। अतः आज देश को तिलहन अनुसंधान में आत्मनिर्भर बनाने के लिए और अधिक अनुसंधान की आवश्यकता है। इस दौरान आईसी ए आर के दलहन व तिलहन फसलों के सहायक महानिदेशक डॉ. संजीव गुप्ता ने कहा की जिस प्रकार भारत ने दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता पायी है वैसे ही नवीन रणनीतिक अनुसंधान का रोडमैप तैयार है। तिल के क्षेत्र व उत्पादन में वृद्धि लाने के लिए इसकी एक सबसे बड़ी समस्या फायलोड़ी रोग पर जल्द ही कृषि विश्वविद्यालय को एक नवीन परियोजना स्वीकृत होने वाली है जो की हमारे उद्देश्य की पूर्ती हेतु एक मील का पत्थर साबित होगी।

भारतीय तिलहन अनुसंधान संस्थान के निदेशक, डॉ आर के माथुरनेकहा की इस कार्यशाला में आये महत्वपूर्ण सुझावो के आधार पर संस्थान अब सम्पूर्ण विश्व से रोग व कीटरोधी जर्मप्लाज्म को अर्जित करने की दिशा कार्य करेगा जिससे तिलहन अनुसंधान को एक नयी दिशा मिलेगी। उन्होंने बतलाया की भारत वर्ष में तिलहनी फसलों पर शोध कर रहे वैज्ञानिकों ने इन फसलों की सात उच्च उपज वाली किस्में जैसे की तिल में - तिलहन टेक तिल 1, साबौर तिल 1 व तन्जिला, अरंडी की- तिलहन टेक आईसी एच-6, सूरजमुखी की -तिलहन टेक सन हाइब्रिड-2 व के बी एस एच 88 कोरिलीज़ (विमोचन) करवाने हेतु पहचाना गया। कृषि अनुसंधान केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान, डॉ एम एल मेहरिया ने बताया की विगत वर्षों में तिल की विमोचित की गयी 3 उच्च उत्पादक किस्मों-346, 351 व 372 के लिए मंडोर को सर्वश्रेष्ठ सेंटर पुरस्कार से नवाजा गया। यह पुरस्कार निश्चित ही विश्वविद्यालय में कार्य कर रहे वैज्ञानिकों के लिए प्रेरणादायी होगा। कार्यशाला में गणमान्य अतिथियों द्वारा तिलहनी फसलों पर विभिन्न किसानोपयोगी पत्र-पत्रिकाओं, फ़ोल्डर्स आदि का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर राया व सरसों अनुसंधान निदेशालय, सेवर, भरतपुर के निदेशक डॉ. पी.के राय, तिल व नाइजर की परियोजना समनव्यिका डॉ. रजनी बिसेन, कृषि विश्वविद्यालय कोटा के अनुसंधान निदेशक डॉ. प्रतापसिंह, राष्ट्रीय तिलहन अनुसंधान संस्थान के पूर्व निदेशक डॉ. हेगड़े व विश्वविद्यालय के समस्त निदेशक, अधिष्ठाता, अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में इस कार्यशाला के आयोजक सचिव डॉ. एम. सेमुएल जेबरसन ने धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया।

## जागरूक खबरें

### गौरव नए कृषि आयुक्त



जयपुर @ जागरूक जनता। राज्य सरकार द्वारा आईएएस और आईपीएस स्तर के अधिकारियों को किए गए फेरबदल में गौरव अग्रवाल को कृषि विभाग की कमान सौंपी गई है। संभवतः आज अग्रवाल अपना नया कार्यभार ग्रहण कर सकते है। बात करें आईएएस गौरव अग्रवाल की तो पिंक सिटी यानी जयपुर के रहने वाले हैं। उन्होंने कम उम्र में देश की तीन सबसे कठिन परीक्षाएं पास कर अपने परिवार का नाम रोशन किया है। विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, गौरव ने सिर्फ 16 साल की उम्र में जेईई परीक्षा पास कर ली थी। जेईई मेंस 2001 में गौरव ने 45वीं रैंक हासिल की थी। उन्होंने 2005 में आईआईटी कानपुर से कंप्यूटर साइंस में बीटेक किया है। वर्ष 2013 में यूपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल की। अग्रवाल राष्ट्रपति मैडल से सम्मानित आईएएस ऑफिसर है।

### वार्षिक बैठक 8 को

जोधपुर @ जागरूक जनता। सुपारी और मसाला अनुसंधान निदेशालय, कालीकट द्वारा संचालित नेटवर्क परियोजना की दो दिवसीय वार्षिक बैठक 8 जून से कृषि अनुसंधान केन्द्र मंडोर में आयोजित की जायेगी। क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान डॉ. एमएल मेहरिया ने बताया कि बैठक को केन्द्रीय बागवानी आयुक्त प्रभात कुमार, निदेशालय के निदेशक डॉ. होमी चेरियन, तबीजी अजमेर के निदेशक डॉ. विनय भारद्वाज और परियोजना के राष्ट्रीय समन्वयक डॉ. बी प्रशांत सम्बोधित करेंगे।

### उन्नत किस्मों का बीज उपलब्ध

जालोर @ जागरूक जनता। कृषि अनुसंधान केन्द्र केशवाना के फार्म पर विभिन्न खरीफ फसलों की उन्नत किस्मों के बीज न्यूनतक दरों पर उपलब्ध है। केन्द्र के क्षेत्रीय निदेशक (अनुसंधान) ने बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र केशवाना में मूंग जीएम-4, जीएम-7 प्रति किलोग्राम 150 रूपए, ग्वार आरजीसी-1033 प्रति किलोग्राम 90 रूपए और तिल आरटी-351 का 200 रू. प्रति किलोग्राम की दर से पहले आओ, पहले पाओ की तर्ज पर किसानों के लिए उपलब्ध है। कृषक कार्यालय समय में बीज खरीदने के लिए 8946911061 पर सम्पर्क कर सकते है।

### पुरस्कार के लिए मांगे आवेदन

जयपुर @ जागरूक जनता। भारत सरकार कृषि मंत्रालय के पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण द्वारा कृषक समूह और किसानों को परंपरागत और देसी प्रजातियों के संरक्षण के लिए पादप जीनोम संरक्षण पुरस्कार दिया जाएगा। किसान पौध किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण नई दिल्ली कार्यालय अथवा प्राधिकरण कार्यालय की शाखा गुवाहाटी, पालमपुर, पुणे और शिवमोग्गा से व्यक्तिगत रूप से अथवा डाक पोस्ट द्वारा आवेदन कर सकते हैं। आवेदन हिंदी अथवा अंग्रेजी किसी भी भाषा में जमा किया जा सकता हैं। आवेदन प्रक्रिया नि:शुल्क रखी गई हैं। योजना के तहत प्रत्येक किसान को डेढ़ लाख रूपये का पुरूस्कार दिया जायेगा। आवेदन करने की आखिरी तारीख 16 अगस्त 2023 रखी गई हैं।

### बासमती धान का बीज उपलब्ध

जयपुर @ जागरूक जनता। कृषि विज्ञान केन्द्र कोटा और बूंदी के द्वारा हाड़ौती संभाग के किसानों को पहले आओं, पहले पाओं के आधार पर बासमती धान का बीज उपलब्ध करवाया जायेगा। केन्द्र के द्वारा किसानों को बासमती धान किस्म पीबी-1509 का बीज 70 रूपए प्रति किलो की दर से उपलब्ध करवाया जायेगा।

### फलदार पौधें उपलब्ध

चित्तौडगढ़ @ जागरूक जनता। कृषि विज्ञान केन्द्र, चित्तौडगढ़ के द्वारा किसानों को बगीचा स्थापना के लिए उन्नत किस्मों के पौधें उपलब्ध कराए जा रहे है। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आरएल सोलंकी ने बताया कि किसान आम, सीताफल, नींबू, कटहल,अमरूद, आंवला, जामुन, रामफल, ईमली, करौंदा, खिरनी सहित दूसरे पौधों की खरीद निर्धारित दर पर कर सकते है।

### 8 से एक समूह में आईजीएनपी

हनुमानगढ़ @ जागरूक जनता। भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) की बैठक वर्चुअल तरीके से संपन्न हुई।जल संसाधन विभाग उत्तर संभाग हनुमानगढ़ के मुख्य अभियंता अमरजीत सिंह मेहरड़ा ने बताया कि सात जून तक पेयजल भंडारण के लिए नहर में पानी चलाया जाएगा, इसके बाद आठ जून से इस नहर में सिंचाई पानी का रेग्यूलेशन लागू किया जाएगा। इसी तरह भाखड़ा नहर के लिए 1200, सिद्धमुख नोहर परियोजना के लिए 600 और गंगकैनाल परियोजना के लिए 1500 क्यूसेक पानी का शेयर निर्धारित किया गया है। जबकि इंदिरागांधी नहर में तीन में एक समूह का रेग्यूलेशन लागू करने के लिए 7750 से 8000 क्यूसेक पानी की आवश्यकता पड़ेगी।

## 5 हजार पशु मित्रों की नियुक्ति से पशुपालक होंगे लाभांवित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। पशुपालकों तक योजनाओं की जानकारी और चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए राज्य सरकार 5 हजार पशु मित्र नियुक्त करेगी। पशुपालन विभाग ने इसके लिए आवेदन लेना शुरू कर दिया है। पशुपालन विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने बताया कि पशुपालकों को डोर स्टेप पर पशुपालन विभाग की विभिन्न सुविधाओं जैसे टैगिंग, टीकाकरण, बीमा, पशु नस्ल सुधार के लिए कृत्रिम गर्भाधान, गर्भ परीक्षण आदि से लाभान्वित करने के लिए मुख्यमंत्री ने पशुमित्र योजना की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही प्रदेश में पशुमित्र पशुपालन विभाग की विभिन्न सुविधाओं को पशुपालकों के द्वार तक पहुंचायेंगे। साथ ही, विभाग की योजनाओं से भी जागरूक करेंगे, जिससे प्रदेश में पशुपालन के क्षेत्र में आय के संसाधनों में वृद्धि होगी। वहीं,पशु नस्ल सुधार कार्य को भी गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत बेरोजगार पशुधन सहायक अथवा पशु चिकित्सक को पशु मित्र के रूप में नियुक्ति दी जायेगी।

### योजनाओं का करेंगे प्रचार प्रसार

अतिरिक्त निदेशक डॉ. नवीन मिश्रा ने बताया कि पशुमित्र पशुओं की टैगिंग, कृत्रिम गर्भाधान, गर्भ परीक्षण, टीकाकरण, पशुपालक क्रेडिट कार्ड आवेदन सम्बन्धी समस्याओं का समाधान करेंगे। साथ ही, पशु बीमा के लिए स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जारी करना, रोग-प्रकोप, आकस्मिक स्थिति में पशु चिकित्सा कार्य में सहयोग के साथ विभागीय उच्च अधिकारियों के दिशा-निर्देशन में कार्य करेंगे।

### यह मिलेगा मानदेय

कार्य निष्पादन के आधार पर पशु मित्रों को निर्धारित मानदेय परिलाभ देय होंगे। उन्होंने कहा कि पशुपालन राज्य की अर्थव्यवस्था की मुख्य धुरी है। नियुक्त होने वाले पशु मित्रों को मासिक 3333 रूपए मानदेय देय होगा।

**एसोसिएशन नेजताया विरोध :** योजना में पशु चिकित्सकों को पशु मित्र के बराबर मानदेय को लेकर राजस्थान वेटरनरी डॉक्टर्स एसोसिएशन ने विरोध दर्ज करवाया है। शासन सचिव पशुपालन को भेजे ज्ञापन में प्रदेशाध्यक्ष डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि इतने कम मानदेय तय कर सरकार ने पशु चिकित्सक पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने का कार्य किया है। पशु चिकित्सक का जॉब चार्ट ही जब अलग है तो सरकार ने किस आधार पर पशु चिकित्सक मानदेय तय किया है।

## 'रक्तदान-पेड़ और जिंदगी' मुहिम की हुई शुरुआत



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में प्रतिष्ठा ब्लड बैंक में "रक्तदान-पेड़ और जिंदगी" मुहिम की शुरुआत मुख्य अतिथि शराबबंदी आंदोलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम अंकुर छाबड़ा के हाथों से करवा कर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। छाबड़ा ने कहा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में हम सभी अपने परिवेश, जल, वायु, मृदा व सम्पूर्ण प्रकृति की रक्षा करने के संकल्प को मजबूत करने की प्रतिज्ञा लें। सभी को नशामुक्ति का संकल्प दिलवाते हुए एक पेड़ अवश्य लगाने का आग्रह किया। छाबड़ा ने प्रतिष्ठा ब्लड बैंक द्वारा शुरू की गई मुहिम "रक्तदान-पेड़ और जिंदगी" की सरहाना करते हुए बताया हर रक्त दाताओ को रक्त दान करने पर एक पेड़ दिया जायेगा। जिससे जीवन बचाने के साथ प्रकृति एव पर्यावरण को भी बचाने में मदद मिलेगी। प्रतिष्ठा ब्लड बैंक से रोहित शर्मा ने बताया कि हम अपने संकल्प 'रक्तदान-पेड़ और जिंदगी को लेकर आगे बढ़ेंगे। इस मौके पर संजय कुमार वर्मा ने 15वी बार रक्त दान किया है रक्तदाताओं ने इस मुहिम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

## उन्नत पशुपालन से पशुपालकों की आय के स्रोत होंगे विकसित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



जयपुर। पशुपालन विभाग के नव नियुक्त प्रमुख शासन सचिव विकास सीताराम भाले ने विभाग की जिम्मेदारी संभालते हुए कहा कि राज्य सरकार पशुपालकों के कल्याण के लिए संकल्पबद्ध है। अतः राज्य के प्रत्येक पशुपालक तक विभागीय योजनाओं का लाभ पहुंचा कर लाभान्वित करने का कार्य प्रमुखता से किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पशुपालक राज्य की अर्थव्यवस्था के साथ समाज का मुख्य अंग है। अब पशुपालन राज्य में ग्रामीण परिवेश तक ही सीमित नहीं बल्कि शहरी एवं शिक्षित युवा भी पशुपालन को रोजगार का माध्यम के रूप में अपना रहे है। भाले ने बताया कि पशुपालन में निजी क्षेत्र की निवेश में बढ़ती रूचि एवं राज्य में उभरते हुए स्टार्ट अप्स को देखते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जायेगा। ताकि राज्य का प्रत्येक पशुपालक सामाजिक एवं आर्थिक रूप से मजबूत होकर अर्थव्यवस्था में सहभागिता निभा सके।

### सतत प्रयास के साथ उन्नत पशुपालन का लक्ष्य करेंगे हासिल

भाले ने कहा कि राज्य सरकार के सतत प्रयासों एवं पशुपालकों के कल्याण के प्रति केंद्रित योजनाओं का ही आज परिणाम यह है कि, राज्य दुग्ध एवं ऊन उत्पादन में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कहा कि उन्नत नस्लीय पशुपालन को बढ़ावा देते हुए राज्य में पशुपालन के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किये जायेंगे। ताकि राज्य न केवल देश भर में बल्कि विदेशों में भी उन्नत नस्लीय एवं बेहतर पशुपालन के लिए अपनी अनूठी पहचान स्थापित कर सके।

### मील का पत्थर बनती मुख्यमंत्री कामधेनु पशु बीमा योजना

भाले ने बताया कि लम्पी जैसी गंभीर बीमारियों से पशुपालकों को किसी भी प्रकार की हानि न हो, इसके लिए मुख्यमंत्री कामधेनु पशु बीमा योजना एक बेहतरीन योजना है।जिसके अंतर्गत 2 दुधारू गाय एवं भैंस का 40 हजार रुपये का नि:शुल्क बीमा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से अब पशुपालन बिना किसी चिंता के पशुपालन कर सकेंगे नतीजन राज्य में पशुधन उत्पाद में वृद्धि होगी।

## जल जीवन मिशन : राज्यों की रैंकिंग जारी

# खर्च में दूसरे, जल कनेक्शन में 12वें स्थान पर प्रदेश

### 16 हजार करोड़ खर्च, 42.14 लाख कनेक्शन जारी

जयपुर। जलदाय विभाग के शीर्ष अफसरों की त्रिस्तरीय रणनीति के परिणाम जल जीवन मिशन में देखने को मिल रहे हैं। जल शक्ति मंत्रालय की ओर से हाल ही जल कनेक्शन और खर्च को लेकर जारी की गई राज्यों की रैंकिंग में राजस्थान की स्थिति में सुधार हुआ है। राजस्थान अब जल जीवन मिशन की परियोजनाओं पर खर्च के मामले में देश में दूसरे नंबर पर आ गया है। मिशन की परियोजनाओं पर अभी तक 16 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। वहीं 42 लाख से ज्यादा जल कनेक्शन जारी कर देश में 12वें स्थान पर है।

जलदाय मंत्री महेश जोशी ने कहा कि जेजेएम में अब प्रदेश की स्थिति में सुधार आ रहा है। यहां अन्य राज्यों के मुकाबले विपरीत परिस्थितियों में भी घर-घर जल कनेक्शन का काम जारी है। जोशी ने कहा कि अतिरिक्त मुख्य सचिव, एमडी जेजेएम और मुख्य अभियंताओं के स्तर पर जल कनेक्शन के काम की त्रिस्तरीय मॉनिटरिंग की जा रही है। सभी मुख्य अभियंताओं को जिलों का प्रभार दिया है और वे महीने में एक बार जिले का दौरा कर रहे हैं।

## राजेश पायलट की पुण्यतिथि

### पायलट की सर्वधर्म प्रार्थना सभा 11 को भंडाना में

दौसा @ जागरूक जता। पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर 11 जून को भंडाना स्थित स्मृति स्थल पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा होगी। इसमें पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट समेत कई नेता शामिल होंगे। इसके बाद सचिन पायलट दौसा शहर में स्थित गुर्जर छात्रावास में स्थापित राजेश पायलट की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इस दौरान सभा का भी आयोजन होगा। कार्यक्रम की तैयारियों के लिए गुर्जर छात्रावास परिसर स्थित देवनारायण मंदिर में बैठक हुई। इसमें कृषि विपणन राज्यमंत्री मुरारीलाल मीणा व बांदीकुई विधायक जीआर खटाना समेत गुर्जर समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान मंत्री मीणा ने कहा कि राजेश पायलट सर्वसमाज के जनप्रिय नेता थे। उनके प्रशंसक आज भी पायलट के विचारों को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। सभा में भीड़ जुटाने के लिए जिम्मेदारी तय करते हुए वाहनों की व्यवस्था की गई है।

## भास्करानन्द परमहंस की 28वीं पुण्यतिथि

# 3 दिवसीय योग महासम्मेलन का समापन आज



सवाई माधोपुर @ जागरूक जनता। भैरों दरवाजे के बार स्थित विशुद्धानन्द अनुसंधान केन्द्र, शंकराचार्य योग विद्यापीठ परमहंस योगाश्रम में अखिल भारतीय योग विद्या प्रचार संघ के संस्थापक गोलोकवासी श्री श्री 1008 श्री भास्करानन्द परमहंस की 28वीं पुण्य तिथि पर एक जून से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान 5 से 7 जून तक तीन दिवसीय योग महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसका समापन आज हो जाएगा। आश्रम की संचालिका मां राधे के अनुसार एक जून से लगातार प्रातः 5.30 बजे से 7.30 बजे तक भक्ति, पूजा पाठ आदि के कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। विशेषतौर पर 5 जून को समाधि पूजन एवं कार्यक्रम उद्घाटन किया गया। 6 जून को रामचरित मानस, मानस विराम पर हवन एवं अल्पाहार प्रातः 10 बजे। सायं 6 बजे सामूहिक सुन्दरकांड एवं रात्रि 10 बजे से चेतराम, मुरली, दामोदर, सीताराम, उस्ताद रामकरण आदि कलाकारों ने जागरण भजन संध्या में प्रस्तुति दी। 7 जून को महाराजश्री के चरण स्थापना, समाधि पूजन एवं अभिषेक, 28 ज्योतियों से आरती एवं योग महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा। उसके उपरान्त महाराजश्री के श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाएंगे। संघ के महासचिव प्रद्युम्न पाठक ने बताया कि कार्यक्रम के अंतिम दिन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भवानी सिंह मीना, अध्यक्षता राजकुमार मनवानी, विशिष्ट अतिथि ब्रह्मचारी शिवानन्द महाराज होंगे। इस मौके पर इनके अलावा देश के विभिन्न शहरों व गांवों में रहने वाले महाराजश्री भास्करानन्द के शिष्य उपस्थित होंगे।

## रींगस के भैरू बाबा 51 किलो चांदी के सिंहासन पर विराजे



रींगस @ जागरूक जनता। विश्व प्रसिद्ध लोक देवता के रूप में घर-घर पूजे जाने वाले रींगस नरेश भैरू बाबा अब चांदी के सिंहासन पर विराजे हैं, मंदिर पुजारी हरीश गुर्जर ने बताया कि एक भक्त की मनोकामना पूरी होने पर मंगलवार को 51 किलोग्राम चांदी का सिंहासन बनवाकर बाबा को समर्पित किया है। जिसकी कीमत लगभग 31 लाख रुपए आई है, बाबा के चांदी का सिंहासन आने से भैरू बाबा के भक्तों में खुशी की लहर छाई हुई है, वही अब उम्मीद है की और भी दानदाता बाबा की भक्ति जुड़ेंगे। अन्य विकास कार्य मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में होंगे, गौरतलब है कि भैरू बाबा को काल भैरव कहा जाता है और अकाल मृत्यु को भैरव बाबा हर लेता है वही वही भक्तों की हर मनोकामना पूरी करता है। देशभर से बाबा के भक्त अपने नौनिहालों के जात जडूला उतारने आते हैं। इसके साथ ही अपने नए दांपत्य जीवन की शुरुआत यहीं से धोक लगाकर करते हैं। इस अवसर पर भैरव मंदिर पुजारी ग्यारसी लाल भोपा, फूलचंद गुर्जर, हरिराम गुर्जर, गोपाल सिंह गुर्जर, गोपाल लाल,जैसा राम सहित पुजारी परिवार ने भामाशाह भक्त का आभार जताया।

ANCHOR | विश्व पर्यावरण दिवस

# पर्यावरण चेतना एवं चिंतन मानवीय दृष्टिकोण का आवश्यक हिस्सा

### सघन वृक्षारोपण, स्वच्छ एवं संरक्षित पर्यावरण के संकल्प के साथ हिन्दुस्तान ज़िंक में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




चित्तौड़गढ़। चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदषूण नियंत्रण बोर्ड, चित्तौडगढ़ आशीष बोरासी ने नीम का वृक्ष लगाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया साथ ही उन्होंने सभी को पर्यावरण दिवस की शुभकामनाये प्रेषित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस 2023 की थीम सोल्यूशन्स टू प्लास्टिक पोल्यूशन के साथ मनाया जा रहा है, जो प्लास्टिक से होने वाले प्रदषूण के समाधान पर आधारित है।

कार्यक्रम में चंदेरिया लेड ज़िंक स्मेल्टर के एस बी यू डायरेक्टर एवं लोकेशन हेड कमोद सिंह ने कहा कि पर्यावरण चेतना एवं चिंतन मानवीय दृष्टिकोण का आवश्यक हिस्सा है और हम सब को सदैव इस बारे में सोचना चाहिए। इसके लिए सामूहिक प्रयासों के साथ-साथ व्यक्तिगत प्रयास अत्यंत महत्वपूर्ण है। विश्व में प्रतिवर्ष 400 मिलियन टन प्लास्टिक उपयोग किया जाता है। उसमें से मात्र आधा ऐसा है, जिसे सिर्फ एक बार ही उपयोग करने के लिए बनाया जाता है। उसका भी 10 प्रतिशत से भी कम प्लास्टिक का रिसायकिल किया जाता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि 19 से 23 मिलियन टन प्रदूषित प्लास्टिक नदियों, झीलों तथा समुद्र में समा जाता है। आज प्लास्टिक के उपयोग के चलते पृथ्वी पर बहुत सारी स्वास्थ्यगत समस्याएं खड़ी हैं।

चन्देरिया लेड ज़िंक स्मेल्टर मजदूर संघ के महामंत्री घनश्याम सिंह राणावत ने बड का पेड़ लगाते हूए कहा कि पेड़ हमारे जीवन का अहम हिस्सा है हमें पर्यावरण संरक्षण को निरंतर जीवन में अपनाना होगा।

सह महाप्रबंधक पर्यावरण तरुण मेघवाल ने इस वर्ष 8 हजार पौधे लगाने के लक्ष्य की जानकारी दी जिसमे से 5 हजार से अधिक पौधे विश्व पर्यावरण दिवस पर लगाए गये है। हिन्दुस्तान ज़िंक ने परिसर में वृक्षों की सघनता बढ़ाने की योजना बनायीं है जिसमे अलग अलग चरणों में पेड़ लगाने का लक्ष्य है। पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। चंदेरिया लेड ज़िंक स्मेल्टर सीएसआर के तहत् डगला का खेडा एवं आजोलिया खेडा के राजकीय विद्यालयों में आयोजित शिक्षा संबल समर कैम्प के विद्यार्थियों के लिये विज्ञान मॉडल, निबंध, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं आयोजित कर पर्यावरण सरंक्षणत हेतु जागरूक किया गया। ज़िंक कौशल केंद्र के प्रशिक्षणार्थियों ने इस अवसर पर पौधरोपण किया।

## जागरूक खबरें

### ■ सीएम गहलोत का सीकरी दौरा 15 को दौरा



भरतपुर। सीएम अशोक गहलोत 15 जून को भरतपुर की नगर विधानसभा के सीकरी कस्बे में आएंगे। जहां वह एक बड़ी किसान सभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा सीएम गहलोत नगर विधानसभा में हुए विकास कार्यों का शिलान्यास करेंगे। नगर विधायक वाजिब अली ने बताया कि यह सीएम का नगर विधानसभा में चुनावी दौरा है। साल 2018 में हुए विधानसभा चुनावों में भी सीएम गहलोत नगर विधानसभा नहीं आए थे। उन्होंने नगर विधानसभा में विकास कार्यों की काफी सौगात दी हैं। इसलिए नगर की जनता उन्हें धन्यवाद देना चाहती है। इसलिए 15 जून को सीएम को धन्यवाद देने भारी जन सैलाब उमड़ेगा। सीएम अशोक गहलोत एक विशाल किसान सभा को भी संबोधित करेंगे। सीएम के आने की तैयारियों को लेकर प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। सीएम के दौरे पर जिले के सभी विधायक और कई मंत्री मौजूद रहेंगे।

### ■ आर्य समाज की बैठक हुई संपन्न

**केकड़ी @ जागरूक जनता।** आर्य समाज मंदिर में साप्ताहिक यज्ञ के पश्चात त्रैमासिक बैठक प्रधान रतनलाल पवार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के दौरान पवार ने बताया कि आर्य समाज की त्रैमासिक बैठक में आर्य समाज के विकास एवं आर्य संस्कृति के प्रचार-प्रसार हेतु कई प्रस्ताव लिए गए। मंत्री अशोक आर्य ने बताया कि आर्य समाज एक परोपकारी संस्था है इसके सिद्धांत और नियमों का सामाजिक परिषदों में प्रचार प्रसार आवश्यक है। आर्य वीर दल अधिष्ठाता सत्यनारायण सोनी ने आर्य समाज के त्रैमासिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। बैठक में प्रधान रतन पंवार, पूर्व प्रधान छोटू लाल कुमावत, मूलचंद महावर, वीर सिंह अलुदिया, मंत्री अशोक आर्य, उप प्रधान गोपाल शर्मा, आर्य वीर दल अधिष्ठाता सत्यनारायण सोनी, हेमराज नायक, कपूर चंद सोनी, अशोक कुमार जेतवाल , कमलेश कुमार माली, बजरंग सिकलीगर, शंभू सिंह चौहान, चिरंजीलाल सोनी, रघुवीर प्रसाद टेलर, कालूराम सामरिया, कैलाश चंद महावर, प्रवीण नागोरिया सहित आर्य समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### ■ 14 वर्षीय नि:शक्त बच्चे की हाथों हाथ पेंशन बढ़ाई व व्हील चेयर उपलब्ध कराई

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष इम्तियाज हुसैन लौहार को बस्सी निवासी गुलाम जिलानी अंसारी के शारीरिक रूप से विकलांग 14 वर्षीय पुत्र मोहम्मद रेहान की गत एक दो वर्षों से पेंशन बंद होने एवं शारीरिक रूप से पूर्णतया असक्षम होने, उठ, बैठ नहीं पाने की तकलीफों की जानकारी मिलने पर मंगलवार को जिला कलेक्टर को परिवार की पीड़ा बताते हुए तुरन्त राहत की मांग की जिस पर जिला कलेक्टर ने हाथों हाथ 1000 रुपये मासिक पेंशन बढ़ाने एवं व्हील चेयर उपलब्ध कराई। जिलाध्यक्ष इम्तियाज के नेतृत्व में वार्ड 51 के कांग्रेस प्रत्याशी जमील अहमद, फिरोज खान, फंटर, जिला संगठन महामंत्री नवाब खान आदि की उपस्थिति में जिला कलेक्टर ने संबंधित कल्याण अधिकारी विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुला कर तुरन्त कार्यवाही करवाई। अंत में समस्त अल्पसंख्यक कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर का आभार व्यक्त किया।

**2210 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का मुख्यमंत्री ने किया शिलान्यास-लोकार्पण**

# सभी के सहयोग से वर्ष 2030 तक राजस्थान बनेगा देश का सिरमौर

## 33केवी जीएसएस, देवनारायण आवासीय छात्रावास की घोषणा



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सांचोर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार के कुशल प्रबंधन के कारण राजस्थान हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। सरकार की अनूठी जनकल्याणकारी योजनाओं की देशभर में सराहना हो रही है। गहलोत ने कहा कि राज्य के विकास को और अधिक गति देने के लिए 19 नए जिलों की घोषणा की गई है। सांचौर को जिला बनाने से क्षेत्र तेजी से विकास करेगा। यहां विभिन्न प्रशासनिक इकाइयां स्थापित होने से लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान होगा। मूलभूत सुविधाओं की पहुंच भी आमजन तक सुगम हो सकेगी।गहलोत शनिवार को सांचौर में 2210 करोड़ रुपए लागत के विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की पेयजल व सिंचाई संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। श्री गहलोत ने कहा कि राजस्थान शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। राज्य में 1 लाख किलोमीटर लंबाई की सड़कें बनाई जा रही हैं जिनमें से 56 हजार किमी. सड़कें बन चुकी हैं तथा 44 हजार किमी. सड़क निर्माण कार्य जारी है। राज्य सरकार का ध्येय है कि सभी के सहयोग से राजस्थान वर्ष 2030 तक विकास के हर क्षेत्र में देश का नंबर वन राज्य बने। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सांचौर में देवनारायण आवासीय छात्रावास और राजीव नगर ग्राम पंचायत में 33 केवी ग्रिड सब-स्टेशन खोलने की घोषणा की।

### महंगाई राहत कैम्प से हर वर्ग को मिला लाभ

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि आमजन को महंगाई से राहत देने के लिए राज्य सरकार द्वारा महंगाई राहत कैम्प लगाए जा रहे हैं। देशभर में आज जनता महंगाई की मार से परेशान है। इन शिविरों के माध्यम से 10 योजनाओं के द्वारा लोगों को अधिकतम राहत पहुंचाई जा रही है। सरकार के इस प्रयास से आमजन के चेहरों पर खुशी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेशवासियों को 500 रुपए में गैस सिलेण्डर, 25 लाख रुपए तक का नि:शुल्क इलाज, न्यूनतम 1000 रुपए पेंशन, दुधारू पशुओं का बीमा, अन्नपूर्णा फूड किट, मुख्यमंत्री ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना तथा घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 100 यूनिट, 200 यूनिट तक सभी सरचार्ज एवं कृषि उपभोक्ताओं के लिए 2000 यूनिट बिजली नि:शुल्क दिए जाने जैसी योजनाएं लागू की गई हैं।

### राज्य सरकार की योजनाएं पूरे देश में चर्चा का विषय

**गहलोत** ने कहा कि आज राजस्थान सरकार की योजनाएं पूरे देश में चर्चा का विषय हैं। चिरंजीवी योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं लागू करने वाला राजस्थान अग्रणी राज्य है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गौशालाओं को 9 महीने तथा नंदीशालाओं को 12 महीने का अनुदान दिया जा रहा है। नई नंदीशाला शुरू करने पर 1.56 करोड़ रुपए तक की आर्थिक सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अब तक 1 लाख पदों पर नियुक्तियां दे चुकी है। लगभग 1.50 लाख पदों पर भर्ती प्रि या जारी है तथा 1 लाख नई नौकरियों की घोषणा की गई है। साथ ही, 100 मेगा जॉब फेयर लगाकर भी युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं।

### प्रथम चरण में 40 लाख महिलाओं को इंटरनेट डेटा युक्त स्मार्टफोन

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में राजस्थान अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं शुरू की गई हैं। इसी कड़ी में अब राज्य सरकार 1 करोड़ 35 लाख महिलाओं को 3 साल की इंटरनेट सुविधा के साथ मोबाइल फोन नि:शुल्क देने जा रही है। प्रथम चरण में राज्य की 40 लाख महिलाओं को मोबाइल फोन दिए जाएंगे।

### शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राजस्थान

**गहलोत** ने कहा कि राजस्थान में आईआईटी, आईआईएम, निफ्ट जैसे विश्व स्तरीय संस्थान खुले हैं। राज्य में गत चार साल में 303 नए कॉलेज खोले गए हैं इनमें 130 गर्ल्स कॉलेज शामिल हैं। आरटीई के तहत 12वीं कक्षा तक शिक्षा नि:शुल्क कर दी गई है। उन्होंने कहा कि अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत 30 हजार बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की नि:शुल्क तैयारी करवाने का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर को बड़ौदा के महाराजा ने अध्ययन के लिए विदेश भेजा था और वहां से लौटकर वे महान कानूनविद व संविधान निर्माता बने। इसी सोच के साथ राज्य सरकार राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस योजना के तहत 500 मेधावी विद्यार्थियों को विदेश भेज रही है ताकि ये बच्चे विभिन्न क्षेत्रों में शीर्ष मुकाम पर पहुंचे।

# हिंगलाज माता मंदिर वार्षिकोत्सव पर निकली शोभायात्रा



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सिरोही।** शहर के सुथार वास स्थित हिंगलाज माता मंदिर का 182वा वार्षिकोत्सव खत्री समाज ने धूमधाम से मनाया गया। हिंगलाज माता मंदिर में सुबह ध्वजा चढ़ाने का कार्यक्रम गाजे बाजे के साथ हुआ। सुबह मंदिर परिसर से शोभायात्रा निकाली गई। वही पर डीजे के सामने युवक युवतियां व बच्चे नृत्य करते हुए करते चल रहे थे। सदस्य रोहित खत्री ने बताया कि शोभयात्रा शहर के कुम्हारवाड़ा, राजमाता धर्मशाला, सरजावाव गेट, सदर बाजार से होते हुए मुख्य मार्गो से होकर पुनः मंदिर परिसर पुहंची। समाज अध्यक्ष कुलदीप खत्री के बताया ने बताया कि लाभर्ती परिवार की ओर से महाआरती की गई। इसमें समाज बंधुओं की ओर से सुख समृद्धि की कामना की गई। दोपहर में वहां पर महाप्रसादी का आयोजन किया गया इसमें समाज बंधुओं की ओर से प्रसादी ग्रहण की गई।

वार्षिकत्सव के दौरान हिंगलाज माता मंदिर परिसर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें श्रदालुओं ने भक्तिमय होकर नृत्य किया। वार्षिकत्सव में लाभार्थियों का सम्मान किया।



# दिल्ली रेल मंत्री को लिखे 1100 पोस्ट कार्ड

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**भरतपुर ।** दिल्ली की ट्रेन को लेकर डीग वासियों ने गिरीश शर्मा युवा क्रांतिकारी के नेतृत्व में 166वें दिन धरना दिया। धरने के दौरान रेल मंत्री अश्विनी कुमार को 1100 पोस्ट कार्ड लिखे। गिरीश शर्मा ने बताया की डीग विधानसभा में बड़े स्तर पर पोस्ट का अभियान शुरू किया जाएगा। इस मौके पर विजय अरोड़ा, प्रभात गौड़, नितिन मिश्रा, रवि मोहन, विनोद भारत कामा मनोज, गोविंद, चेलष्कर शर्मा, रौनक शर्मा, विजय मेंबर, विशाल आदि मौजूद थे।

**वॉल्ट प्रोलेप्स से पीड़ित महिला का सफल ऑपरेशन, शरीर बाहर निकलने की बीमारी से ग्रसित थी महिला**

# रींगस सीएचसी में सर्जन डॉ जितेंद्र यादव के प्रयास लाए रंग

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**रींगस।** तहसील इलाके में चिकित्सा संस्थानों पर आमजन को गुणवत्तापूर्ण व बेहतर चिकित्सा सेवाएं व सुविधाएं मुहैया हो रही है, कस्बे के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक महिला को वॉल्ट प्रोलेप्स रोग से मुक्ति मिली है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह, बीसीएमओ खण्डेला डॉ नरेश पारीक के निर्देशन में सरकारी सीएचसी रींगस में 50 वर्षीय महिला को खुशहाल जीवन देने में चिकित्सकों ने सफलता हासिल की है। चिकित्सा प्रभारी डॉ विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि चौमू निवासी 50 वर्षीय महिला फूली देवी कई वर्षों से शरीर बाहर निकलने ( वॉल्ट प्रोलेप्स ) की बीमारी से ग्रसित थी, जो अस्पताल में सर्जन डॉ जितेंद्र यादव के पास परामर्श लेने के लिए आई। महिला के परिजन कई बड़े शहरों में इलाज करवा चुके थे। पीडित महिला का 10 साल पहले एसएमएस अस्पताल जयपुर में आंतों का ऑपरेशन हो चुका था तथा 15 साल पहले बच्चेदानी का भी ऑपरेशन हो था। अतः ऑपरेशन के दौरान रिस्क ज्यादा था तथा डॉक्टर्स के लिए दोबारा पेट से ऑपरेशन चुनौतीपूर्ण कार्य था, श्रीमाधोपुर बीसीएमओ डॉ राजेश मँगवा के आश्वासन पर मरीज के परिजन सीएचसी रींगस पर ऑपरेशन करवाने को तैयार हुए तथा डॉ जितेंद्र यादव और एनेस्थेटिक डॉ ओमप्रकाश सामोता ने इस चुनौती को स्वीकार किया और लगभग ढाई घंटे के इस ऑपरेशन को सफलतापूर्वक पूरा कर महिला को वॉल्ट प्रोलेप्स से निजात दिलाई। गुरूवार को महिला को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। लेप्रोटोमी तथा वॉल्ट प्रोलैप्स का यह सीएचसी स्तर पर राज्य में संभवतः पहला ऑपरेशन है। ऑपरेशन के दौरान महिला के यूटरस वॉल्ट को मेश की सहायता से फिक्स किया गया तथा महिला को असहनीय पीड़ा से मुक्ति मिली, ऑपरेशन में सर्जन डॉ जितेंद्र यादव, एनेस्थेटिक डॉ ओमप्रकाश सामोता, स्टाफ़ अशोक शर्मा, रोहित चौधरी शामिल रहे।

**निदेशक तोमर ने किया डॉ. विनोद कदम के साथ एमओयू**

# जनभागीदारी कार्यक्रमों के तहत ट्रेनिंग ले रहे युवाओं ने किया वृक्षारोपण-संदीप



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चौमूं।** उदयपुरिया मोड़ स्थित निजी विश्वविद्यालय यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट जयपुर में कोलकाता के सॉल्ट लेक इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट लिमिटेड द्वारा भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के निर्देशानुसार व राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम के सहयोग से 1 जून से 15 जून 2023 तक जनभागीदारी कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं में जी20 सम्मिट में भारत की अध्यक्षता व सहभागिता एवं स्वामित्व की भावना के प्रति जागरूकता हेतु कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

एस एल आई ई एम लिमिटेड, कोलकाता के राजस्थान सेंटर के हेड संदीप कर अग्रवाल ने बताया कि सॉल्ट लेक इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट कोलकाता द्वारा यूएम कैंपस में बेरोजगार युवाओं को राजस्थान सरकार की स्कीम मुख्यमंत्री युवा संबल योजना के तहत सौर ऊर्जा से संबंधित ट्रेनिंग उपलब्ध करवाई जा रही है। एस एल आई ई एम लिमिटेड, कोलकाता द्वारा युवाओं की ट्रेनिंग पूरी होने के तत्पश्चात ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे हैं युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाया जाएगा। एस एल आई ई एम लिमिटेड, कोलकाता को सरकारों की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बेरोजगार युवाओं को ट्रेनिंग उपलब्ध करवाकर विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाती है।

इसी के तहत आज सौर ऊर्जा के ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे तीनों बेचों के छात्रों ने विश्वविद्यालय कैंपस में जनभागीदारी कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण किया। युवाओं द्वारा कैंपस में लगभग 20 पेड़ लगाए गए। कार्यक्रम में एस एल आई ई एम लिमिटेड, कोलकाता के ट्रेनर राजीव कुमार द्य, ट्रेनर विजय कुमार, शोभा शर्मा, महावीर सिंह, मगन सिंह व विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# दसवीं बोर्ड के होनहार विद्यार्थियों का किया अभिनंदन



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**केकड़ी।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय जूनिया के कक्षा 10 मे 75% से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं का विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीधर जाट एवं लिपिक ग्रेड सेकंड रेखा बाई जाट द्वारा अभिनंदन किया गया। जिसमें अक्षिता आचार्य 92%, पाथ्वी 85.50%, रामघणी कीर 82%, प्रीति 82% सुमन धाकड़ 81.85% सुमन यादव 79.83 शिवानी टाक 78.83% अंतिमा धाकड़ 76.50 नेहा गुर्जर 76% सानू तवर 75.17% का माल्यार्पण कर स्वागत अभिनंदन किया गया इस अवसर पर विद्यालय एस डी एम सी सदस्य सिराजुद्दीन, मुकेश मेवाडा नें भी प्रसन्नता प्रकट की एवं बधाई प्रदान की गई। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय जूनिया में अध्ययनरत बालिका अक्षिता आचार्य ने कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में 92% अंक अर्जित किये। छात्रा ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपनी विधवा माता सीमा देवी, दादाजी कल्याण आचार्य (रोडवेज कंडक्टर) एवं विद्यालय के शिक्षकों को दिया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर भारत विकास परिषद ने लगाए छायादार पौधे

**केकड़ी @ जागरूक जनता।** सामाजिक सरोकारों में अग्रणी संस्था भारत विकास परिषद शाखा केकड़ी के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष पर पर्यावरण प्रकल्प के तहत पौधरोपण किया गया। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष महेश मंत्री ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस पर अजमेर रोड स्थित सदर पुलिस थाना केकड़ी के परिसर में छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए , और कहा कि जैसे ही बारिश का मौसम आएगा इस अभियान को और गति दी जाएगी, इस दौरान सदर थाना इंचार्ज सीआई मोतीलाल शर्मा के कर कमलों द्वारा पौधरोपण किया गया साथ ही सीआई मोतीलाल शर्मा ने बताया कि भारत विकास परिषद द्वारा किया गया यह कार्य बहुत ही पुनीत और श्रेष्ठ कार्य है ,और कहा कि हर इंसान को अपने जीवन में कम से कम 10 पौधे अवश्य लगाना चाहिए जो कुछ सालो बाद वृक्ष के रूप बड़े हो कर छाया और पर्यावरण में मददगार साबित होते है। इसके साथ ही शहर के अजमेर रोड स्थित राजकीय जिला अस्पताल परिसर में भी मुख्य चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर गणपत पुरी व डॉ दुर्गेश रॉय के नेतृत्व में भी पौधारोपण किया गया। इस दौरान सदर थाना के एएसआई प्रभुलाल, एएस आई उगमसिह, हेड कांस्टेबल लादूराम मीणा, भारत विकास परिषद शाखा केकड़ी के सचिव दिनेश वैष्णव, कोषाध्यक्ष भगवान माहेश्वरी, पर्यावरण प्रकल्प प्रभारी किशन प्रकाश सोनी व गोपाल सोनी, प्रांतीय पदाधिकारी कैलाश जैन व सर्वेश विजय, रामधन प्रजापत, रामनिवास जैन, अर्जुन मराठा, सूर्य प्रकाश विजय, अनिल राठी, समाजसेवी रामगोपाल सैनी, नंदलाल गर्ग सहित कई कार्यकर्ता मोजूद रहे ।

# डोटासरा ने किया सरस खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ



**13 दिन तक चलेगा महोत्सव**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़-प्रतापगढ़ दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड द्वारा आयोजित सरस खेल महोत्सव का शुभारंभ रविवार को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा किया गया। बड़ीसादड़ी नगर में प्रथम बार आयोजित हो रहे सरस खेल महोत्सव का शुभारंभ करने पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा व मंत्री उदयलाल आंजना द्वारा झालामंना सर्किल पर स्थित झालामान की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मंच पर चित्तौड़गढ़ प्रतापगढ़ सरस डेयरी चेयरमैन बद्रीलाल जाट जगपुरा द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा, मंत्री आंजना का 51 किलो की माला व सांवरिया सेठ की तस्वीर भेटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। विश्व बॉक्सर चैम्पियन स्वीटी बुरा को चांदी के मुकुट पहना कर सम्मानित किया गया।

प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी सरकार ने यूपी में हुए पिछले व अभी चुनाव में किसानों के कर्ज माफी की बात कही थी लेकिन अभी तक उन्होंने किसी भी प्रकार का यूपी में कर्जा माफ नहीं किया है।

ANCHOR | सम्मेलन

# इफको द्वारा जिला सहकार सम्मेलन का आयोजन



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** किसानों की संस्था "इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड" द्वारा उदयपुर मे जिला सहकार सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सुधीर मान, राज्य विपणन प्रबंधक इफको राजस्थान एवं बी.एल. पाटीदार, अतिरिक्त निदेशक कृषि, माधव सिंह चंपावत, संयुक्त निदेशक कृषि, सुधीर वर्मा, परियोजना निदेशक आत्मा, उदयपुर, श्याम सिंह, सहायक निदेशक, प्रवीण लाम्बा, क्षेत्रीय अधिकारी इफको उदयपुर सहित 40 सहकारी समितियो के व्यवस्थापकों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

सुधीर मान, राज्य विपणन प्रबंधक इफको राजस्थान, ने यूरिया एवं डीएपी की आपूर्ति के बारे में जानकारी दी। नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के उपयोग बढ़ाने का आग्रह किया तथा उपस्थित व्यवस्थापको को किसानों से सही समन्वय बनाकर कार्य करने तथा नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के उपयोग एवं कार्यविधि को साझा करके ही नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी की बिक्री करने की सलाह दी जिससे किसानों के आर्थिक एवं समय की बचत के साथ-साथ उनकी पैदावार बढ़े एवं नैनो यूरिया और नैनो डीएपी की अधिक से अधिक बिक्री से समिति का भी लाभांश बढ़ाया जा सकता है। सुधीर मान साहब ने बताया की किसानों को कृषि जगत की नई तकनीकों की जानकारी एवं उपलब्धता सहकारिता के माध्यम से बहुत ही कम समय में एवं समय की आवश्यकता अनुसार मिलती हैऔर बताया कि किस प्रकार से यूरिया व डीएपी की सप्लाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

प्रवीण लाम्बा, क्षेत्रीय अधिकारी इफको उदयपुर द्वारा नैनो यूरिया तथा नैनो डीएपी के उपयोग एवं कार्य विधि के बारे में पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी साझा की व बयाया कि बुवाई के समय दी जाने वाली डीएपी की मात्रा आधी कर 5द्वद्य प्रति किलोग्राम नैनो डीएपी से बीज उपचार कर बुवाई करें 25 से 35 दिन के पश्चात 2-4 द्वद्य प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें जिससे फसल का उत्पादन व उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ेगी। नैनो यूरिया के बारे में जानकारी दी व बताया कि फसल को पहले पानी में यूरिया आधी मात्रा दे ताकि फसल के अच्छी पत्तियां आ जाए। उसके बाद में बुवाई के 35-40 दिन बाद यूरिया दानेदार की जगह इफको नैनो यूरिया तरल 2-4 मिली लीटर प्रति लीटर पानी मे घोलकर फसल पर स्प्रे करें जिससे खेत की मिट्टी का स्वास्थ्य तथा पर्यावरण को बचाते हुए कम लागत में अधिक उत्पादन लिया जा सके।

R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2021-23

राज्यस्तरीय पत्रकार सम्मलेन में बोले मुख्यमंत्री...सामाजिक सरोकार को केन्द्र में रख कर हो पत्रकारिता

# पत्रकार है लोकतंत्र के सजग प्रहरी-गहलोत

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के सजग प्रहरी है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में पक्ष का महत्व तभी है जब विपक्ष का अस्तित्व हो। श्री गहलोत सोमवार को दुर्गापुरा स्थित कृषि अनुसंधान केंद्र में लघु एवं मध्यम समाचार पत्र एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय पत्रकार सम्मलेन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पत्रकार, साहित्यकार और लेखकों के कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। पत्रकार कल्याण कोष और संवाद की स्थापना से अखबार और पत्रकारों के हित सुरक्षित हुए हैं। गहलोत ने कहा कि शासन को पत्रकारों के सुझावों को सकारात्मक रूप से लेना चाहिए। लोकतंत्र में पक्ष और विपक्ष दोनों का महत्व है। बिना विपक्ष के पक्ष का कोई औचित्य नहीं है। गहलोत ने कहा कि वरिष्ठ अधिस्वीकृत पत्रकार सम्मान योजना के अन्तर्गत राज्य सरकार पत्रकारों को प्रति माह 15 हजार रूपए पेंशन दे रही है। साथ ही, कोरोना महामारी से दिवंगत हुए 9 पत्रकारों को राज्य सरकार ने 50-50 लाख रूपए की आर्थिक सहायता दी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अलवर, उदयपुर सहित कई स्थानों पर पत्रकारों को भूखण्ड आवंटित किए हैं। अन्य स्थानों पर पत्रकारों की भूखण्ड आवंटन की मांग पर राज्य सरकार पूरी गंभीरता के साथ विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की अन्य मांगों और सुझावों पर भी समुचित कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं लागू कर रही है। 25 लाख रूपए तक निशुल्क इलाज, स्वास्थ्य का अधिकार कानून, राजकीय कर्मचारियों को ओपीएस और आरजीएचएस योजना का लाभ और पत्रकारों के बीमे की राशि का राज्य सरकार द्वारा वहन करना जैसे कई महत्वपूर्ण निर्णय मानवीय दृष्टिकोण से लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान की आर्थिक विकास दर आज देश में दूसरे स्थान पर है। बेहतर वित्तीय प्रबंधन से राजस्थान 2030 तक देश का अग्रणी राज्य बन जाएगा। विधायक रफीक खान ने कहा कि सरकार पत्रकारों के हित में कार्य कर रही है।

लघु एवं मध्यम समाचार पत्र एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने छोटे अखबारों के पत्रकारों के हितों का हमेशा ध्यान रखा है। उन्होंने कहा कि लघु एवं मध्यम समाचार पत्र सीमित संसाधनों के बावजूद सामाजिक सरोकारों के साथ कार्य कर रहे हैं।

कार्यक्रम में एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विचार व्यास, जयपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष राधारमण शर्मा, प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य एलसी भारतीय, अविनाश शर्मा, पदम मेहता, राजकुमार गुप्ता, जसविंदर, श्याम सुंदर शर्मा, अब्दुल सत्तार सिलावट, पशुपति कुमार शर्मा सहित वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित रहे।

जम्मू-कश्मीर में चुनाव न होने पर उमर अब्दुल्ला भड़के, कहा...

## चुनाव हमारा हक है, आयोग पर कोई दबाव है तो बताए

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर में चुनाव न करवाने पर चुनाव आयुक्त पर सवाल खड़े किए। उमर अब्दुल्ला ने कहा, चुनाव हमारा हक है, जम्मू-कश्मीर के लोग चुनाव चाहते हैं। अगर चुनाव आयोग पर कोई दबाव है तो वे कहें कि हम पर दबाव है और हम चुनाव नहीं करवा सकते हैं। हालात ख़राब हो चुके हैं, जी-20 का आयोजन कर हालात पर पर्दा डालने की कोशिश की जा रही है। नेशनल कांफ्रेंस उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने यह भी कहा, हमारी भी सेल्फ रिस्पैक्ट है, हम चुनाव कराने के लिए भीख नहीं मांगेंगे। हमारा भी स्वाभिमान है। हम भूखे-नंगे नहीं है जो उनके आगे घुटने टेकें। चुनाव आयोग को जवाब देना चाहिए, हम उनसे सुनना चाहते हैं। नेकां उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा, श्रीनगर में हुई त-20 बैठक सिर्फ दिखावा थी। श्रीनगर में त-20 बैठक से कश्मीर को दुनिया के सामने ठीकठाक दिखाने की कोशिश की गई है। पर लोग असलियत जानते हैं।













संपादक : **ज्ञानेन्द्र मिश्रा** मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। **संपादकीय कार्यालय** : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

## गहलोत बोले- 40-40 लाख के लॉट में बाटेंगे फ्री स्मार्टफोन

# 14 लाख लोगों के खातों में पहुंची दो महीने की गैस सब्सिडी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राजस्थान में महिलाओं को जल्द ही फ्री स्मार्ट फोन मिलेगा। 40-40 लाख के लॉट में ये मोबाइल दिए जाएंगे। चिप के कारण फ्री मोबाइल देने में देरी हो रही है। गहलोत ने आरआईसी सेंटर में इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना के तहत लाभार्थियों के खातों में सब्सिडी जारी करते हुए ये बात कही।

इसके साथ ही आज से प्रदेश में उज्ज्वला और बीपीएल रसोई गैस कलेक्शन धारियों को इस योजना का फायदा मिलना शुरू हो गया। 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने की योजना के तहत आज 13 लाख 90 हजार 588 लाभार्थियों के खाते में सब्सिडी ट्रांसफर की गई, जो 58 करोड़ 98 लाख 84 हजार 778 रुपए है। ये सब्सिडी रजिस्टर्ड लाभार्थियों, जिन्होंने अप्रैल-मई महीने के सिलेंडर ले लिए उनको जारी की गई है। गहलोत ने कार्यक्रम में



लाभार्थियों से कहा- कांग्रेस का अगला मेनिफेस्टो जो बनेगा, वो विधवा, एससी-एसटी और गरीबों की जरूरत को ध्यान में रखकर बनेगा।

उन्होंने कहा- बीजेपी का काम हमेशा हमारी योजनाओं को बंद करना रहा है। हमने सिलेंडर सस्ता करके प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना को ही प्रमोट किया है। हमने कभी बीजेपी की योजनाओं को बंद करने का काम नहीं किया। उन्होंने रिफाइनरी का काम बंद करके प्रदेश की जनता को बहुत नुकसान पहुंचाया। गहलोत बोले- ये स्कीम चुनाव के लिए नहीं है। हमेशा रहेगी। हम चाहते हैं, भारत सरकार ऐसा कानून पास करें। लोगों को जीवन जीने लायक पेंशन मिले। वो चाहे 2 हजार हो या 3 हजार। लोगों को ये नहीं लगना चाहिए की हम सरकारी नौकरी नहीं करते। लोकतंत्र में ये ठीक नहीं है। वो जो सोच लेते हैं। वही करते हैं। हिमाचल में जिद के कारण ही उनकी सरकार चली गई। वहां के तत्कालीन सीएम ने कहा था, ओपीएस पर विचार करो। उन्होंने साफ मना कर दिया। उस टाइम मैं भी एक मीटिंग में था। मैंने भी उनको कहा था एक बार ओपीएस को एग्जामिन करवा लो। वो बोले- मैंने करवा लिया था, सीएम रहते हुए ठीक नहीं है।

खाचरियावास बोले- बीजेपी अफवाह फैला रही मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा- 13 मई 2008 को जब जयपुर में बम ब्लास्ट हुए थे। तब अस्पताल में घायलों से मिलने सोनिया गांधी आई थीं। सबसे पहले अशोक गहलोत ओर कांग्रेस के लोग घायलों से मिलने पहुंचे थे। तब बीजेपी की सरकार थी। गहलोत सरकार ने ही इस मामले में केस हो अच्छे से लड़ा था। आज बीजेपी अफवाह फैला रही है कि कांग्रेस ने दोषियों को छुड़वा दिया। कोर्ट में अच्छे से पैरवी नहीं की।

# गायत्री साधकों ने दी यज्ञ में आहूतियां



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सिद्धपीठ शक्तिपीठ शांति धाम छपरा बिहार के तत्वावधान व महर्षि श्रद्धानंद, मां मंदाकिनी की देखरेख में 24 कुण्डीय महायज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञाचार्य राजभूषण पांडेय के निर्देशन में गायत्री साधकों ने आहूतियां दी। इस दौरान गायत्री साधकों ने सिद्धकुंजिका स्त्रोत, आदित्यहृदय स्त्रोत, श्रीसूक्त और 33 कोटि देवताओं की आहूतियां दी। राष्ट्रपति अवॉर्ड प्राप्त दुर्गासहाय शर्मा ने सभी साधकों को आशीर्वाद प्रदान किया। यज्ञ के यजमान राधा मोहन शर्मा की ओर से विशाखा शर्मा रहे। यज्ञ में उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, हरियाणा, छत्तीसगढ़ आदि के गायत्री साधक शामिल हुए। इस दौरान अभिजीत बल कुमावत, अनुज वीआईपी, राजेश, सुनील कुमार मिश्र, नमन महर्षि, ऋषि लोम शर्मा, अभिजीत, मीना कुमावत, ममता शर्मा, रोहित महर्षि, मनीष शर्मा, राधेश्याम शर्मा, अग्रेश, अमन, मनीष कुमावत, कलावती जाजू, दिग्विजय जा नाथवर्मा, रेखा सोनी, संजय पांडेय, नीलू उपाध्याय, रचना मिश्रा, अजय मिश्रा, राजेश सोमावंशी प्रीति देवांगन सहित अनेक साधकों ने यज्ञ में भाग लिया।

### इन्टीग्रेटेड कोर्स में प्रवेश के लिये सवा लाख ने किया आवेदन

**अजमेर @ जागरूक जनता।** राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय में वर्ष 2023-2024 के लिये इन्टीग्रेटेड कोर्स में प्रवेश के लिये सवा लाख से ज्यादा विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। अजमेर जिले के बांदरसिंदरी स्थित राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आनंद भालेराव ने बताया कि विश्वविद्यालय में 11 इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रमों के लिए 335 सीटों में प्रवेश के लिए एक लाख 29 हजार 853 विद्यार्थियों ने रुचि दिखाते हुए आवेदन किया है। जोकि पिछले वर्ष की तुलना में काफी अधिक है।

### हैरिटेज ने महंगाई राहत शिविर के रजिस्ट्रेशन में साढ़े 5 लाख का आंकड़ा किया पार

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान में नगर निगम जयपुर हैरिटेज के सभी जोनों ने महंगाई राहत शिविर के रजिस्ट्रेशन में साढ़े पांच लाख का आंकड़ा का पार कर लिया है। निगम हैरिटेज ने अब तक 5 लाख 57 हजार 955 रजिस्ट्रेशन कर लिये है एवं सोमवार एवं मंगलवार को दोनों दिन मिलाकर सभी जोनों द्वारा सात हजार 955 गारंटी कार्ड वितरीत किये गये।

## नशा मुक्ति दिवस पर कवि सम्मलेन आयोजित




जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नशा मुक्ति एवं कुरीति उन्मूलन विषय पर कवि सम्मेलन का आयोजित किया गया। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर व्यसन मुक्त समाज के निर्माण के लिए नशा मुक्ति सप्ताह मनाया गया जिसमें ऑनलाइन व्यसन मुक्ति कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि देश-विदेश में होने वाले कवि सम्मेलनों में यह अनूठा कवि सम्मेलन हुआ, जिसमें व्यसन मुक्ति एवं कुरीति उन्मूलन विषय को लेकर कविगणों ने अपने कविताओं के माध्यम से नशेड़ियों एवं आमजन को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। कवि सम्मेलन में कविगण किशोर पारीक, पी. के. आजाद (नई दिल्ली), अमित आज़ाद, वैद्य भगवान सहाय पारीक, अमित तिवारी (उत्तर प्रदेश), डॉ. सुरेन्द्र यादवेन्द्र (बारां), वरूण चतुर्वेदी (भरतपुर) एवं सपना सोनी (दौसा) ने शिरकत कर सुंदर एवं प्रेरणादायी प्रस्तुतियाँ दी। कवि अमित आजाद ने गायत्री मंत्र की व्याख्या में अद्भुत रचना प्रस्तुत की।

## पाराशर ने लिया जगतगुरु संत रामभद्राचार्य महाराज से आशीर्वाद

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सवाई माधोपुर।** विप्र संवाद के राष्ट्रीय संयोजक मनोज पाराशर के द्वारा इन दिनों संत दर्शन संत वंदन यात्रा चलाई जा रही है । संत दर्शन यात्रा इन दिनों देश भर में सुर्खियों में है। इसके दौरान पाराशर देश भर के धार्मिक स्थलों पर पहुंच पूजा अर्चना कर प्रमुख संत जनों से भेंट कर रहे है। विप्र संवाद ब्राह्मण समाज के राष्टीय संयोजक एवं अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महा सभा के राष्टीय युवा उपाध्यक्ष मनोज पाराशर इसी कड़ी में रविवार को नदबई के आदर्श टैगोर विद्यालय पहुंचे। पाराशर के नदबई पहुंचने पर ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी अजय कटारा, रामगोपाल शर्मा, रोहित शर्मा ,देवेंद्र कुमार सहित राम कथा के आयोजक सतीश शर्मा ने भेंट कर उनके नदबई पहुंचने पर अभिनन्दन किया। जहा पाराशर ने रामकथा के आयोजन में अपनी धर्म पत्नी अनुराधा एवं



बेटे समृद्ध के साथ पदम विभूषण जगतगुरूजी चित्रकूट धाम पीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज से भेंट एवं दर्शन कर वंदन किया एवं उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया । पाराशर ने ब्राह्मण समाज की तरफ से स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज को अभिनंदन पत्र भी प्रेषित किया साथ ही संत दर्शन यात्रा के प्रयोजन से महाराज को विस्तृत रूप से अवगत कराया। स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज ने पाराशर द्वारा सनातन धर्म के प्रचार प्रसार एवं युवा पीढ़ी को आध्यात्म से जोड़ने के लिए चलाई गई संत दर्शन यात्रा की सराहना करते हुए पाराशर को सुभाशीष दिया एवं पाराशर द्वारा समाज हित में किया गया श्रेष्ठ कार्य बताया। इस अवसर पर महाराज हिमांशु त्रिपाठी से भी पाराशर ने भेंट कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर पाराशर की धर्म पत्नी अनुराधा, समृद्ध पाराशर अनुराग तिवारी देवेंद्र कुमार, गजेंद्र चतुर्वेदी, सुभम चतुर्वेदी भी मौजूद रहे रहे।

### टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव सम्पन्न

## राजीव अरोड़ा बने निर्विरोध चेयरमैन, सचिव पद पर शोएब ने बनाई जगह

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन के 2023 से 2027 तक के लिए आम चुनाव मुख्यालय करौली के होटल करौली इन में संपन्न हुए। निर्वाचन अधिकारी सर्वेश गुप्ता, CBO करौली मान सिंह व खेल अधिकारी, दौसा को क्रीड़ा परिषद का परिवेशक नियुक्त किया गया था। अमजद उस्मानी टेनिस बॉल क्रिकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया के पर्यवेक्षक इस दौरान उपस्थित रहे। चुनाव अधिकारी सर्वेश गुप्ता ने बताया की राजस्थान के 20 जिलो के टेनिस बॉल क्रिकेट संघों के पदाधिकारीयों ने मताधिकार का प्रयोग किया। राजस्थान टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के चेयरमैन पद पर राजीव अरोड़ा निर्विरोध चुने गए। सचिव पद पर शोएब खान ने वसीम खान को हराया। कोषाध्यक्ष पद पर महेशपुरी गोस्वामी जीते और वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर वाइके खन्ना विजेता रहे। राजीव अरोड़ा ने कहा कि इस खेल की बढ़ती हुई लोकप्रियता का परिणाम है कि राजस्थान के ग्रामीण ओलम्पिक खेलों में लाखों युवाओं ने टेनिस बॉल क्रिकेट में रजिस्ट्रेशन करवाया है। अरोड़ा ने कहा कि अब से पहले भी जिस तरह समर्पण भाव से टेनिस बॉल क्रिकेट को प्रोत्साहन दिया है, आगे भी इस खेल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए कटिबद्ध हैं। उन्होंने सभी विजेताओं को बधाई दी।

ANCHOR ह्यस्त्रद्धद्धह्यस्त्र

# प्रभात फेरी सनातन परम्परा-मनीषा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**नई दिल्ली।** ब्रह्म मुहूर्त में उठे उठे यहां सुबह प्रभात फेरी की धुन सुनाई दी मैं उसमें शामिल हुई मुझे बहुत आनंद आया बरसों बाद में गांव की इस प्रथा का अनुभव कर रही थी मुझे पता चला कि यह प्रभात फेरी की परंपरा रेल गांव में पिछले 100 साल से यथावत है साथ में यहां पर विठोबा का मंदिर है जहां 100 साल से भी अधिक समय से पोथी पारायण की प्रथा चालू है। हमारे वैदिक समय में हमारे गुरुजन और हमारे वरिष्ठ आचार्य हमारे विविध शास्त्रों का पठन अध्ययन करते थे और उनके बारे में हमको बता देते श्रोता यह सुनते थे और इस प्रकार से आध्यात्मिक चरित्र निर्माण होता था। यही आध्यात्मिक वैभव हमारे सनातन भारत के प्रत्येक गांव में प्रतिष्ठित था अभी यह परंपरा बहुत ही कम गांव तक सीमित रह गई है अखिल भारतीय मां नर्मदा परिक्रमा सेवा संघ इसी सनातन धरोहर को पुनः स्थापित करने का कार्य कर रहा है ।

कहते हैं कि जब अच्छे कार्य सच्ची नीति और निस्वार्थ भाव से करने की ओर एक कदम उठाते हैं तो ईश्वर उसी राह पर हमारे साथ सौ कदम बढ़ाते हैं ऐसा ही कुछ मेरे साथ हर कार्य पर हो रहा है मेरी कल्पना से और मेरे प्रयासों से भी ज्यादा सुंदर रूप से कार्य साकार होते हैं और यह ईश्वर की ही कृपा है साथ में मेरे परिवार और मेरे साथी स्वयंसेवक पदाधिकारियों का सहयोग से सारे कार्य सहज रूप से सार्थक हो रहे हैं 1 1 मई को महाराष्ट्र प्रदेश की स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है और मां नर्मदा की कृपा से यह दिवस महाराष्ट्र के संत भूमि पर बहुत ही गर्व रूप से मनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जिला परिषद प्राथमिक शाला में मुझे माननीय श्री लक्ष्मण सीता राम पाटील दादा, अन्ना आंगनवाड़ी के शिक्षिका



,व्यवस्थापक मातृशक्ति यों के साथ ध्वजारोहण के साथ राष्ट्र गीत महाराष्ट्र गीत और महान छत्रपति शिवाजी महाराज और उनके महान माता जीजाबाई के शौर्य साहस, त्याग और अभीदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके आदर्शों को प्रस्थापित करने के संकल्प से गांव वासी को प्रेरित करने का अमूल्य अवसर प्राप्त हुआ। महाराष्ट्र प्रदेश के प्रभारी होने के नाते विशेष रुप से मेरे लिए ईश्वर, प्रकृति और हमारे संतो और स्वयं शिवा जी महाराज के प्रत्यक्ष आशीर्वाद समान थी मैं अपने आनंद और गर्व का वर्णन शब्दों से करने में असमर्थ हूं उस दिन मुझे वास्तविक रुप से उस दैविक उर्जा का अनुभव हो रहा था।

रेल गांव का प्रत्येक घर सनातन संस्कार की सुगंध से सुभाषित है यहां गौ सेवा प्रत्येक घर में है। गांव वासी बहुत सरल सहज और प्रकृति प्रेमी है यहां सदाचार और नैतिकता पग पग पर महसूस होती है। गांव के प्रत्येक वासी की तरफ से मुझे इतना प्यार मिला जैसे मैं मायके आई हुई उनकी बेटी थी हम महा गणपति के दर्शन भी किए, पास के लाडली गांव के लाडकेश्वर महादेव के दर्शन को भी गए, यहां यहां भी हमारा बहुत ही भाव से मातृशक्ति भाई बंधू बुजुर्ग बच्चों द्वारा सम्मान सत्कार हुआ यहां पर भी बच्चों ने नर्मदा अष्टकम का पाठ किया यह गांव जैसे सोने पर सुहागा था रेल गांव से भी ज्यादा समरसता और आध्यात्मिक पुरुषार्थ के प्रति समर्पित लाडली गांव के वासी है। यहां सभी सनातन परंपराओं को सभी वर्ग के लोगों द्वारा सम्मान दिया जाता है। बहुत भावपूर्ण श्रद्धा से सभी त्योहार कार्यक्रम और आतिथ्य सत्कार यहां होता है भारत के ऐसे ही सनातन गांव की खोज में हम निकले थे, क्योंकि यही भारत का वास्तविक सनातन स्वरूप है और अखिल भारतीय मां नर्मदा परिक्रमा सेवा संघ प्रत्येक गांव में शहर में इसी सनातन भारत को पुनर्स्थापित करने का कार्य कर रहा है। लाडली गांव से लौटकर दूसरे दिन हमने एक वैवाहिक संस्कार मैं होने वाली हमारी परंपरा गत लोकगीत और रीति रिवाज को प्रत्यक्ष रूप से देखा शाम को हम बैलगाड़ी में बैठकर पुण्य सलिला गिरना मैया के तट से होते हुए हमारे महान ऋषि करण की तपोभूमि के दर्शन को गए जिसका जीर्णोद्धार महान राजा महाराणा प्रताप के दसवें वंशज श्री चंद्र किरण स्वामी जी ने किया है जिनकी पढ़ाई कि ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में हुई और विदेश में रहते थे लेकिन उनके सनातन संस्कार उनके उद्देश्य को पूर्ण करना था तो भारत भूमि तक लेकर आए,यहां उन्होंने तपस्वी जीवन जिया और कण्व ऋषि की तपोभूमि का जीर्णोद्धार किया।

अखिल भारतीय मां नर्मदा परिक्रमा सेवा संघ पौराणिक भारत की धरोहर हमारे पौराणिक मंदिरों घाटो आश्रम तीर्थ स्थानों का जीर्णोद्धार उनका महत्व स्वच्छता सम्मान इत्यादि विषयों पर कार्य कर रहा है यह बैलगाड़ी यात्रा बहुत सुखद रही गांव के लोग इतने प्राकृतिक है कि यहां पर जैविक खेती के साथ प्राकृतिक स्त्रोतों का भी बहुत ध्यान रखा जाता है यहां गिरना मैया में से रेत का खनन नहीं किया जाता पूर्ण रूप से यहां के लोग द्वारा यह प्रतिबंधित है। मुझे गांव के लोगों की यह प्राकृतिक प्रकृति प्रेम बहुत स्पर्श कर गया यह हमारा नैतिक दायित्व और कर्तव्य है कि हम प्रकृति और संस्कृति का जतन करें उसका सम्मान करें।

अखिल भारतीय मां नर्मदा परिक्रमा सेवा संघ का उद्देश्य है कि हम हमारे सनातन संस्कृति के महत्व को समझें और सनातन संस्कार को जीवन में अपनाएं उसका सम्मान करें और भारत का प्रत्येक नागरिक अपने महान इतिहास के गौरव के साथ न्याय करें। अखिल भारतीय मां नर्मदा परिक्रमा सेवा संघ कलयुग की प्रत्यक्ष अधिष्ठात्री देवी मां नर्मदा को आधार मानकर सनातन संस्कृति से जुड़े सभी विषयों पर मां नर्मदा सेवा यज्ञ द्वारा संकल्पित कार्य निस्वार्थ रूप से करने का उद्देश्य के साथ विश्व भर में सनातन संस्कृति संस्कार सभ्यता की विरासत को गौरव पूर्ण रूप से पुनर्स्थापित हेतु विभिन्न सेवा कार्य का संयोजन समन्वय और सहयोग कर रहा है। जलगांव की रेल गांव और लाडली गांव के भावपूर्ण सानिध्य की यादें जीवन पर शाश्वत रहेगी वहां के गांव वासी अब मेरा परिवार है और उनकी सरलता सहजता सादगी मैं सनातन भारत अभी भी जीवंत है और मैं उसी जीवन सनातन भारत को अपने हृदय में लेकर हर गली गली हर गांव गांव तक पहुंचने का उत्साह उमंग उर्जा और बहुत सारा आशीर्वाद लेकर जैसे एक बेटी की विदाई होती है उसी प्रकार भावपूर्ण निरोप के साथ मैं वडोदरा लौटी।

### 19 ज़िलों में एक जुलाई से 31 अक्टूबर तक रहेगा स्थायी भेड़ निष्क्रमण

# भेड़ निष्क्रमण से सम्बंधित समस्त दायित्वों का समय पर हो निर्वहन- मुख्य सचिव

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्य सचिव उषा शर्मा ने निर्देश देते हुए कहा कि राज्य में प्रति वर्ष भेड़ निष्क्रमण होता है, जिसको मध्यनजर रखते हुए सम्बंधित समस्त विभागों द्वारा दायित्वों का निर्वहन किया जाये। उन्होंने कहा कि भेड़पालकों के लिए निष्क्रमण को सुविधाजनक बनाया जाये ताकि भेड़ निष्क्रमण के दौरान किसी भी प्रकार की कोई भी हानि नहीं हो। शर्मा मंगलवार को यहाँ शासन सचिवालय में भेड़ निष्क्रमण से सम्बंधित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की अध्यक्षता कर रही थी। इस अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त ज़िलों के जिला कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि आवश्यक दिशा निर्देशों की समय पर पालना सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि प्रशासन एवं पुलिस की सतर्कता के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से राज्य में भेड़ निष्क्रमण को सफल बनाया जाये साथ ही भेड़ पालकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक प्रयास किये जाये।



**भेड़पालन में राज्य चौथे स्थान पर**

इस अवसर पर पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. भवानी सिंह राठौड़ ने पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से भेड़ निष्क्रमण की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2019 की पशु गणना के आधार पर राज्य 79.03 लाख भेड़ों की संख्या के साथ देशभर में चतुर्थ स्थान पर है। राज्य में कुल 8 प्रकार की भेड़ों की नस्लें पायी जाती है एवं वर्ष 2022-2023 में 7.54 लाख भेड़ निष्क्रमण हुआ था। उन्होंने भेड़ निष्क्रमण के मुख्य कारण विस्तार से बताते हुए कहा कि परम्परागत प्रचलन के साथ अनिश्चित वर्षा, अकाल, सूखा एवं घटते चरागाह की वजह से भेड़पालक अपनी भेड़ों को लेकर अन्य ज़िलों एवं समीपवर्ती राज्यों में चारा एवं पानी की तलाश में निष्क्रमण पर रहते है। वही राज्य में स्थायी एवं अस्थायी दो प्रकार का निष्क्रमण होता है, जिसके अंतर्गत स्थायी निष्क्रमण 1 जुलाई से 31 अक्टूबर एवं अस्थायी निष्क्रमण 1 नवंबर से 30 जून तक रहता है।

**19 ज़िलों में 191 भेड़ निष्क्रमण चेक पोस्ट :** डॉ. राठौड़ ने बताया कि कोटा, बूंदी, चित्तौडग़ढ़, करौली, भीलवाड़ा, अलवर,झालावाड़ सहित कुल 7 ज़िले भेड़ निष्क्रमण के सम्बन्ध में संवेदनशील है एवं बूंदी जिला पूर्णतया संवेदनशील जिला है, वही राज्य में कोटा, बूंदी, चित्तौडग़ढ़, करौली, भीलवाड़ा, अलवर, झालावाड़, बारां, भीलवाड़ा, दौसा, भरतपुर, उदयपुर, सीकर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, धौलपुर, सवाई माधोपुर, राजसमंद, प्रतापगढ़, विराट नगर जयपुर सहित कुल 19 ज़िलों में भेड़ निष्क्रमण चेक पोस्ट बनाये गए है। साथ ही प्रत्येक ज़िले में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाएगी।

## अखिल भारतीय मां नर्मदा परिक्रमा सेवा संघ द्वारा महाराष्ट्र में जगह - जगह वारी यात्रा सेवा साधन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पुणे।** मां नर्मदा को मूल आधार मानकर सनातन, संस्कृति, राष्ट-धर्म आदि के लिए कार्य कर रहे सनातनियों का संगठन अखिल भारतीय मां नर्मदा परिक्रमा सेवा संघ द्वारा महाराष्ट्र प्रदेश में वारी यात्रा में सेवा साधना किया जा रहा है। आलंदी से पंढरपुर के लिए पालखी यात्रा रवाना हो गई है। अखिल भारतीय मां नर्मदा परिक्रमा सेवा संघ द्वारा महाराष्ट्र के विभिन्न स्थानों में जहां से पालखी यात्रा गुजर रही है। वहां अखिल भारतीय मां नर्मदा परिक्रमा सेवा संघ की जिले एवं अन्य पदाधिकारीगण सेवा साधना कर रहे हैं। अखिल भारतीय माँ नर्मदा परिक्रमा सेवा संघ हिंगोली जिला में पानकनेरगाव ताशेनगाव और नर्सि नामदेव के यहां पर राष्ट्रीय संयोजक सतीश चौबे, सहसंयोजक सत्तेंद्र कुशवाहा, राष्ट्रीय समन्वयक एवं



महाराष्ट्र प्रभारी मनीषा पटेल, महाराष्ट्र संयोजक सुधीर कुलकर्णी मराठवाडा प्रांत संयोजक नारायण आकमार प्रांत सचिव दिलीप ठाकुर के मार्गदर्शन पर जिला संयोजक सुरेश तडकसे जिला महासचिव तुलजादास शास्त्री भोपी, जिला संयोजक मातृविंग शोभा कल्याणे तथा सहसचिव भारत देवकर उन्होने गजानन महाराज पालखी का स्वागत, वंदन, अभिनंदन तथा सेवा साधना किया।

### निर्वाचन विभाग की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

## संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में सक्रियता के साथ निभाएं भागीदारी-गुप्ता

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने राजनीतिक दलो के प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में भागीदारी निभाएं। इसके लिए सभी दल प्रत्येक मतदान केन्द्र के लिए बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करें जिससे कि मतदाता सूचियों के अद्यतन संबधी कार्य सुलभ और समयबद्व हो सकें। गुप्ता ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में मंगलवार को निर्वाचन विभाग की मान्यता प्राप्त राष्टीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों के सुव्यवस्थिकरण एवं पुनर्गठन के महत्वपूर्ण कार्यो में बूथ लेवल एजेंटों का सहयोग अपेक्षित है। इस दौरान उन्होंने मतदान केन्द्र के पुनर्गठन के नियमों से अवगत करवाया। गुप्ता ने विभाग के नवाचारों का जिक्र करते हुए कहा कि मतदाताओं को नाम जुड़वाने, संशोधन आदि के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन प्रस्तुत करने की सुविधा उपलब्ध करवाने के साथ ही निर्वाचन से संबंधित जानकारियां एसएमएस के जरिए प्रदान की जा रही है।

### गहलोत बोले- कान खोलकर सुनें ED-CBI, ऊपरी प्रेशर नहीं मानें

# बोले, सरकारी प्रक्रिया में न चाहते हुए गलती हो जाती है, आप ईडी घुसा दोगे?

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पेपरलीक मामले में ईडी के छापों के बाद सीएम अशोक गहलोत ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ईडी इनकम टैक्स और सीबीआई राजस्थान में घुसने के लिए तड़प रही हैं। गहलोत ने केंद्रीय जांच एजेंसियों के अफसरों से कहा कान खोलकर सुन लीजिए, ऊपरी दबाव मानना बंद कर दें, अब वक्त आ गया है। गहलोत जयपुर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। गहलोत ने कहा- राजस्थान एसीबी ने आरपीएससी का मेंबर पकड़ा है, कलेक्टर,एसपी को पकड़ा है। ईडी अफसरों को अपने बोसेज से कहना चाहिए हमें क्यों राजस्थान भेज रहे हो, वहां का एंटी करप्शन ब्यूरो इतना मजबूत है कि जिसका देश में कोई जवाब नहीं है। एसीबी ने सबसे शानदार काम किया है। जब एसीबी अच्छा काम कर रही है तो आप बिना मतलब क्यों हस्तक्षेप करते हो?गहलोत ने कहा- ईडी के बारे में कहा जा रहा था कि अब आने वाली है, हम तो इंतजार ही कर रहे थे। उनको लिस्ट दे दी गई है है कि आप देखो इसमें कहां पहुंच सकते हो? किस-किस की थोड़ी बहुत पोल मिल सकती है? छोटी मोटी हर गलती हर व्यापारी और उद्योगपति से हो जाती है। हर व्यक्ति से नहीं चाहते हुए भी सिस्टम ऐसा है उसमें गलती हो जाती है। सरकार की जैसी प्रक्रिया है,उसके अंदर छोटी मोटी कमी रहती है, इसलिए चार्टर्ड अकाउंटेंट लगाए जाते हैं। उसमें अगर आप ईडी को घुसा दो तो क्या मतलब है।

#### ईडी अफसर दबाव में आना बंद कर दें

**गहलोत** ने कहा- पहले पेपर लीक हुए उसमें ईडी भेज दी कुछ हुआ? ईडी पेपर लिक में भी काम कर रही है, क्यों बिना मतलब हस्तक्षेप करते हो। ईडी का कड़ा कानून है। ईडी, इनकम टैक्स और सीबीआई की देश में सबसे ज्यादा क्रेडिबिलिटी होनी चाहिए। हम अपेक्षा करते हैं और इसकी दुआ भी करते हैं। मैं ईडी, इनकम टैक्स अफसरों से रिक्वेस्ट करता हूं कि अनावश्यक दवाब में आना बंद कर दीजिए, वक्त आ गया है आप कान खोल कर सुन लीजिए। ऊपर से जो दबाव बनाते हैं,उनका अधिकार नहीं है। कानून के हिसाब से जो सिस्टम बना हुआ है उसी हिसाब से कार्रवाई करो, हम उसका स्वागत करेंगे।

#### कटारा को मैंने ही आरपीएससी मेंबर रहते पकड़ने को कहा था

**गहलोत** ने कहा- आरपीएससी मेंबर कटारा को एसीबी ने पकड़ा। उस समय एक सामने आई थी पहले इसका इस्तीफा ले लो, उसके बाद पकड़ो। मैंने कहा आरपीएससी मेंबर रहते हुए पकड़ा जाना चाहिए। यह आरपीएससी मेंबर रहते हुए इतनी बड़ी बेईमानी कैसे कर सकता है, इसलिए पद पर रहते हुए पकड़ा ताकि मैसेज जाए। हमारी खुद की सोच ऐसी है और आप ईडी को घुसा रहे हो।

#### ईडी इस केस में कुछ कर नहीं पाएगी

**इस** केस में कुछ मिलता है तो एसीबी की मदद कर दीजिए, आप तो कुछ नहीं कर पाओगे और कुछ करोगे तो हमें खुशी होगी। तुम लोग कुछ करते हो, एसीबी से अच्छा काम करते हो तो मुझे खुशी होगी, मैं स्वागत करूंगा

#### ऊपर से छापों के आदेश देकर मॉनिटरिंग भी करवाते हैं

**गहलोत** ने कहा- जिस तरह कानून में एफआईआर दर्ज करने वाले थानेदार का अ?धिकार होता है। उसी तरह से ईडी आईटी और सीबीआई भी कानून सिस्टम से कार्रवाई करें। कानून और सिस्टम से कार्रवाई करो, छापे डाल दो हमें खुशी होगी। आप राजनीतिक बदले की भावना से, चुनाव जीतने के लिए माहौल अपने पक्ष में बनाने के लिए ओर सरकारों को बदनाम करने के लिए अगर आप इस तरह की हरकतें करते हो। ऊपर से आदेश देते हो और फिर मॉनिटरिंग भी करते हो। क्या हुआ उसका, कहां तक पहुंचे हो?

#### ओएसडी के फोन टैपिंग केस का जिक्र

**गहलोत** ने फोन टैपिंग कांड में खुद के ओएसडी पर दिल्ली पुलिस में दर्ज हुए मुकदमे का जिक्र करते हुए कहा- यह लोकेश शर्मा इसने क्या गलती की? हाईकोर्ट में पेशी पर जाना पड़ता है। कोई सबूत नहीं, कोई बात नहीं और इसके पीछे पड़े हुए हैं। यह जिस पर की हरकतें कर रहे हैं, यह किसी भी रूप में देश हित में नहीं है ,यह मैं कह सकता हूं।

#### प्रदेश में हम इंतजार कर रहे थे, जहां चुनाव होते हैं वहां ईडी सीबीआई भेज देते हैं

**गहलोत** ने कहा- जहां चुनाव आते हैं से केंद्रीय एजेंसियों को भेज देते हैं। कर्नाटक में चुनाव थे, ईडी भेज दी, और राज्यों में भी यही किया। हम तो इंतजार कर रहे थे। लोग भी कह रहे थे कि ईडी आने वाली है, ईडी वाले बैठ गए हैं,माहौल बन गया है।

### पुनीत सागर अभियान कार्यक्रम

## एनसीसी कैडेट्स ने की धरणीधर तालाब की सफाई



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**बीकोर।** बी.जे. एस. रामपुरिया जैन कॉलेज के एनसीसी कैडेट द्वारा जोधपुर ग्रुप हेड क्वार्टर के निर्देशानुसार 7 राज एनसीसी बटालियन के तत्वधान में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत धरणीधर तालाब की सफाई की गई। जिसमें तालाब के किनारों पर जमा मिट्टी, सिल्ट, पॉलिथीन, प्लास्टिक की बोतलों व कचरे को हटाया गया। साथ ही तालाब में आने वाले पानी के मार्गों की भी सफाई की गई। रामपुरिया कॉलेज के समस्त एनसीसी कैडेट्स ने कार्यक्रम में भाग लेते हुए धरणीधर तालाब के अंदर और बाहर की ओर सफाई का कार्य किया तथा कैडेट्स द्वारा झाड़ू लगाकर पूरे कचरे को एकत्रित कर कढ़ाई और फावडो की मदद से कचरे को तालाब से बाहर निकाला गया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. पंकज जैन ने बताया कि महाविद्यालय एनसीसी इकाई द्वारा महाविद्यालय कैडेट्स सक्रिय रूप से भाग लेते हैं और धरणीधर तालाब की सफाई हर वर्ष करके आम लोगों में जागरूकता पहुंचाने की कोशिश करते हैं। हमारे "तालाबों के रखरखाव की जिम्मेदारी जन - जन है" इस सन्देश को आम लोगों में फैलाना ताकि प्राकृतिक तालाब साफ-सुथरे रह सके तथा जल दूषित होने से बचाया जा सके, इस उद्देश्य से भी इस कार्यक्रम को हर वर्ष आयोजित किया जाता है।

महाविद्यालय एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट उमेश तंवर ने बताया कि पूर्व में भी धरणीधर तालाब की सफाई एनसीसी कैडेट द्वारा की गई थी तथा समय-समय पर इस तालाब की सफाई रामपुरिया महाविद्यालय के कैडेट्स द्वारा की जाती है आज भी तपिश भरी गर्मी में कैडेट्स द्वारा तालाब मे पानी आने वाले मार्गों से झाड़ियों और कचरे को निकाला गया जिससे तालाब में पानी की ज्यादा से ज्यादा आवक हो सके यह कार्य है काफी सराहनीय है की एनसीसी कैडेट्स इतनी गर्मी है होते हुए भी जोश के साथ प्राकृतिक संसाधनों को बचाने में मदद कर रहे हैं।

# अनुसंधान एवं चिकित्सा के क्षेत्र में नये मापदंड स्थापित करता क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** झोटवाड़ा रोड बनीपार्क, जयपुर में स्थित क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान के चिकित्सालय को क्वालिटी कंट्रोल ऑफ इंडिया द्वारा अपनी उत्कृष्ट सेवाओं एवं व्यवस्थाओं के लिए NABH की मान्यता प्रदान की है। क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान आयुष मंत्रालय भारत सरकार के अधीन आयुर्वेद के क्षेत्र में अनुसंधान की अग्रणी संस्था केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा संचालित राजस्थान में आयुर्वेद का एकमात्र अनुसंधान संस्थान है, जो विगत 50 वर्षो से अनुसंधान एवं चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत है।

संस्थान की स्थापना आयुर्वेद के क्षेत्र में अनुसंधान के उद्देश्य के साथ 1 अप्रैल 1972 को क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान के रूप में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जोरावर सिंह गेट, जयपुर के प्रांगण में हुई थी। अपनी शुरूआत से लेकर आज तक संस्थान अनुसंधान के क्षेत्र में लगातार नए आयाम स्थापित करता चला आ रहा है। वर्ष 2000 में यह संस्थान झोटवाड़ा रोड स्थित इंदिरा कॉलोनी, बनीपाक के नवीन भवन में स्थानांतरित हुआ। वर्तमान में संस्थान चिकित्सालय 20 बेड की अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ रोगियों को पुरानी एवं जटिल बीमारियों के साथ-साथ सभी प्रकार के रोगों की विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवा रहा है। संस्थान में डायबिटीज, मोटापा, थायराइड, अग्निमाद्य आदि रोगों पर विभिन्न अनुसंधान कार्यक्रम संचालित है, जहां रोगियों को निःशुल्क चिकित्सा एवं जांच सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है।

संस्थान में अत्याधुनिक मशीनों से युक्त पैथोलॉजी प्रयोगशाला संचालित है जिससे उत्कृष्ट प्रयोगशालीय जांच सुविधा रोगियों को प्रदान की जा रही है। डिजिटल एक्सरे के साथ रेडियोलॉजी सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ-साथ संस्थान में अत्याधुनिक मशीनों द्वारा पंचकर्म की सुविधा भी है, जिससे पुरानी बीमारियों जैसे जोड़ों के दर्द, आर्थराइटिस, कमर का दर्द, पक्षाघात (पैरालाइसिस), स्पोतन्ड्लाईसिस आदि जटिल रोगों का इलाज किया जा रहा है। संस्थान में भर्ती विभाग (आईपीडी) में अत्याधुनिक बेड उपलब्ध है और सफाई की व्यवस्था भी उच्चकोटि की है।







चिकित्सालय का संपूर्ण स्टाफ रोगियों की सेवा में हमेशा तत्पर रहता है। इसके साथ ही रोगियों को शुद्ध सात्विक भोजन उपलब्ध करवाया जाता है। संस्थान के प्रभारी सहायक निदेशक डॉ. बी. आर. मीणा ने बताया कि आईपीडी, ओपीडी, पंचकर्म, प्रयोगशालीय जांचों के लिए उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने के लिए संस्थान को QCI द्वारा NABH का दर्जा प्रदान किया गया है।

प्रभारी डॉ. मीणा ने बताया कि संस्थान द्वारा संचालित की जा रही उपरोक्त सेवाओं के अलावा राजस्थान के बांसवाड़ा, डूंगरपुर, उदयपुर आदि सुदूर क्षेत्रों में जनजातीय लोगों को भी विगत 50 वर्षो से घर-घर सर्वे तथा निःशुल्क चिकित्सा एवं जांच सुविधा प्रदान की जा रही है। चिकित्सकीय टीम जनजातीय क्षेत्रों में उनकी पारंपरिक चिकित्सा के उपयोगी दावों का संकलन एवं विस्तृत अध्ययन कर आमजन के उपयोग में लाने के लिए भी कार्यरत है, जिनको शोध के उपरान्तं परिषद मुख्यालय द्वारा अपने रिसर्च जनरल में प्रकाशित किया जाता है। जिससे हर आदमी उनकी पारंपरिक चिकित्सा का लाभ उठा सकें। परियोजना का सालाना बजट करीब 45 लाख है। संस्थान द्वारा अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत भी जयपुर जिले में अनुसूचित जाति बाहुल्य गांवों में मोबाइल सर्वे, निःशुल्क जांच एवं चिकित्सा व्यवस्था प्रदान की जा रही है। संस्थान की टीम द्वारा ऐसे गांवों का भ्रमण कर उनके रहन-सहन एवं आर्थिक स्थिति का अध्ययन कर आंकड़े भारत सरकार को उपलब्ध करवाए जाते हैं, ताकि इन आंकड़ों का विस्तृत अध्ययन कर सरकार द्वारा उनके लिए आगामी वर्षों हेतु कल्याणकारी योजनाएं तैयार की जा सके। उक्त टीम सप्ताह में5 दिन उक्त कार्यक्रमों का संचालन करती है इस परियोजना का सालाना बजट करीब 50 लाख है।

संस्थान द्वारा शहरी क्षेत्र की 10 बड़ी कॉलोनियों का भी चयन कर लोगों के स्वास्थ्य संबंधित आंकड़े एकत्रित करने की एक परियोजना भी संचालित की जा रही है जिसका कुल बजट 1.25 करोड़ है इस परियोजना में स्वस्थ लोगों की दिनचर्या संबंधित आदतों का अध्ययन किया जा रहा है जिसमें सभी प्रतिभागियों को अलग-अलग ग्रुप में तांबे की बोतल पानी पीने हेतु तथा अन्य सामग्री जो उनकी दिनचर्या में आती है मुफ्त वितरित की जा रही है। इसके अतिरिक्त संस्थान द्वारा अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य रक्षा परियोजना भी चलाई जा रही है जिसमें कुपोषण एवं एनीमिया आदि रोगों से बचाव एवं शिशु स्वास्थ्य का घर-घर सर्वे कर पोषक आहारतथा निःशुल्क चिकित्सा उपलब्ध करवाई जा रही है जिसका सालाना बजट करीब 40 लाख है। डॉ. मीणा ने बताया कि इसके अतिरिक्त संस्थान ने आयुष मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार कोविड के दौरान बचाव एवं चिकित्सा के लिए करीब एक लाख लोगों को प्रतिरक्षा (इम्यूनिटी) बढ़ाने हेतु आयुष रक्षा किट, संशमनी वटी, अश्वगंधा वटी एवं आयुष क्वाथ का वितरण निःशुल्क किया गया। अभी हाल ही में संस्थान प्रभारी डॉ. बी.आर. मीणा को सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संस्थान द्वारा प्रदान की जा रही उच्च कोटि की सेवाओं के लिए प्रशस्ति पत्र नई दिल्ली में प्रदान किया गया।

#### बी.ए.एम.एस. उतीर्ण छात्र भी कर सकेगें संस्थान से इन्टनर्नशिप

**डॉ.** मीणा ने आगे बताया कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति तथा उनकी टीम ने संस्थान द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं का जायजा लिया। संस्थान की सेवाओं और व्यवस्थाओं को देखते हुए आयुर्वेद स्नातक (बी.ए.एम.एस.) तथा आयुष फार्मासिस्ट के छात्रों को इंटर्नशिप करने के लिए संस्थान को इस वर्ष से सम्बद्धता प्रदान की गई है जिससे जयपुर से इंटर्नशिप करने की इच्छा रखने वाले छात्रों को लाभ मिलेगा। छात्र संस्थान से अपनी इंटर्नशिप पूरी कर सकेंगे जिससे छात्रों को उच्च कोटि के एनएबीएच मान्यता प्राप्त चिकित्सालय में कार्य करने के अनुभव का लाभ मिलेगा। संस्थान प्रभारी ने "पदमश्री" वैद्य राजेश कोटेचा, सचिव आयुष मंत्रालय, भारत सरकार तथा महानिदेशक, सीसीआरएएस प्रो. रवि नारायण आचार्य का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह सब उनके द्वारा उपलब्ध करवाए गए बजट तथा निर्देशों के कारण ही संभव हो पाया है। वर्तमान में आयुष मंत्रालय द्वारा आयुष के सभी संस्थानों को निर्बाध रूप से उनके समुचित उन्नयन हेतु एवं आमजन में आयुर्वेद का विश्वास बढ़ाने हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके परिणाम स्वरूप ही आज आयुर्वेद के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। उन्होंने बताया कि संस्थान के चिकित्सालय के अन्तर्गत प्रदान की जा रही सभी सेवाओं का लाभ आमजन प्रातः 9.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक ले सकते है।

## आज से शनि की बदलेगी चाल

### खगोलीय परिवर्तन: बुध का होगा राशि परिवर्तन



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मौसम के परिवर्तन के साथ खगोलीय परिवर्तन की शुरुआत हो रही है। जून में कई प्रमुख ग्रहों का गोचर होने वाला है। वैदिक ज्योतिष शास्त्र में ग्रहों का गोचर और इनकी चाल में बदलाव एक अहम घटना मानी गई है। जब भी ग्रहों का गोचर या चाल बदलती है तो इसका शुभ-अशुभ प्रभाव सभी राशि के लोगों पर रहता है। हालांकि, जन्मकुंडली के अनुसार प्रभाव कम अथवा ज्यादा, हो सकता है। ऐसे में जून का महीना काफी असरदायक और महत्वपूर्ण होने जा रहा है।

ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री ने बताया कि 7 जून को सबसे पहले बुध मेष राशि से निकलकर वृषभ राशि में आ रहे हैं। इसके बाद सूर्य का राशि परिवर्तन होगा। इसी महीने में शनिदेव अपनी चाल बदलेंगे, कुंभ राशि में उल्टी चाल से चलना आरंभ कर देंगे। महीने के आखिरी सप्ताह में फिर से बुध का गोचर होगा। ऐसे में जून का महीना कुछ राशि वालों के लिए भाग्यशाली और बेहतरीन साबित हो सकता है।

जून के महीने में कई ग्रहों के गोच और चाल बदलाव से कुछ राशि वालों को फायदा ही फायदा होने के संकेत मिल रहे हैं। उन्हें लाभ के बेहतरीन मौके इस माह मिलेंगे। भाग्य का अच्छ साथ मिलने से हर एक कार्यों में उन्नति मिलने की आशा है। वृषभ, सिंह और धनु राशि वालों को जबर्दस्त लाभ मिलेगा। सफलता और मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। जो लोग नौकरीपेशा है उनके लिए जून का महीना किसी वरदान से कम नहीं होगा। धन लाभ के बेहतरीन मौके हाथ लगेंगे। व्यापार में तरक्की और करियर में, नई ऊंचाइयों का हासिल करने में कामयाब रहेंगे।

#### 5 ग्रहों की बदलेगी चाल

**बुध का वृषभ राशि में गोचर** : 7 जून शाम 7:00 बजे
**सूर्य का मिथुन राशि में गोचर** : 15 जून शाम 6:07 बजे
**शनि कुंभ राशि में वक्री** : 17 जून रात 10:48 बजे
**बुध वृषभ राशि में अस्त** : 19 जून सुबह 7:16 बजे
**बुध का मिथुन राशि में गोचर** : 24 जून दोपहर 12:35 बजे ।

जागरूक जनता jagrukjanta.net फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

**ANCHOR** पद्मनाभ सिंह की पहल, जयपुर में सीख सकेंगे हॉर्स राइडिंग, पोलो एक्सपर्ट होंगे रूबरू

# पोलो क्लब में एकबार फिर से हॉर्स राइडिंग स्कूल शुरू

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** गुलाबी शहर की जीवंत पोलो विरासत को आगे बढ़ाने की तरफ एक प्रयास के रूप में राजस्थान पोलो क्लब ने अपना हॉर्स राइडिंग स्कूल, द सवाई मान सिंह पोलो और राइडिंग अकादमी पुनर्निर्माण के बाद फिर से शुरू कर दिया है। प्रसिद्ध पोलो खिलाड़ी और खेल के संरक्षक सवाई पद्मनाभ सिंह के मार्गदर्शन में अकादमी को नए तरीके से शुरू किया गया। इसके जरिए जयपुर में हॉर्स राइडिंग, पोलो और अन्य इक्वाइन खेलों को बढ़ावा देना है। इसी संबंध में राजस्थान पोलो क्लब में फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल पोलो (एफआईपी) के भारत के एम्बेसेडर नरेंद्र सिंह, आरपीसी, सेक्रेटरी दिग्विजय सिंह, आरपीसी, ज्वाइंट सेक्रेटरी विक्रमादित्य बरकाना और कोच एलन माइकल रूबरू हुए। नरेन्द्र सिंह ने कहा कि सवाई पद्मनाभ सिंह की पहल पर ही इसे शुरू किया है और इसके लिए उन्होंने पसंदीदा घोड़े इस काम के लिए डोनेट भी किए है। इस सवाई मान सिंह पोलो और राइडिंग अकादमी में 6 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्ति घुड़सवारी सीख सकते हैं। अकादमी में हाल में किए गए बदलावों के बाद, अब अकादमी पेशेवर घुड़सवारी प्रशिक्षण की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। यह पहल न केवल जयपुर के स्थानीय पोलो खिलाड़ियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करेगी बल्कि जयपुरवासियों को अंतरराष्ट्रीय पदक दिलाने वाले इक्वाइन खेलों जैसे ड्रेसाज और जंपिंग में शामिल होने का अवसर भी प्रदान करेगी। सवाई पद्मनाभ सिंह ने अकादमी के खुलने पर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि सवाई मान सिंह पोलो और राइडिंग अकादमी एक रोमांचक और बहुत जरूरी पहल है जो जयपुर में घुड़सवारी, पोलो और इक्वाइन खेलों के प्रति पैशन को बढ़ावा देती है। हमारा प्राथमिक उद्देश्य लोगों को अपने कौशल को विकसित करने, उनकी प्रतिभा का प्रदर्शन करने और पोलो के खेल को आगे बढ़ाने के लिए एक मजबूत मंच स्थापित करना है। इस प्रकार से हम गुलाबी शहर से अधिक स्थानीय पोलो खिलाड़ियों को आकर्षित करने के साथ ही पोलो से आगे अन्य इक्वाइन खेलों का विस्तार करने की आशा रखते हैं। हमारा विजन विविध पृष्ठभूमि और भिन्न रूचियों से जुड़े व्यक्तियों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करते हुए, इक्वाइन खेलों के क्षेत्र में गुलाबी शहर की विरासत को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाना है।

अकादमी का समय सुबह 6.30 बजे से 8 बजे तक और शाम को 5:30 बजे से शाम 7 बजे तक रहेगा, जिसने न केवल भारत के विभिन्न हिस्सों से बल्कि सिंगापुर सहित अन्य देशों से भी प्रतिभागियों को आकर्षित किया है। अकादमी के कोच, हैदराबाद के एलन शॉन माइकल हैं, जिन्हें कोचिंग में 15 साल का अनुभव है और साथ ही वे एक अनुभवी पोलो खिलाड़ी भी हैं। वर्तमान में, अकादमी में 6 पूर्ण रूप से प्रशिक्षित पोलो घोड़े हैं और बढ़ती मांग को देखते हुए अतिरिक्त घोड़े भी खरीदे जा रहे हैं। विभिन्न कौशल स्तरों के राइडर्स के अनुरूप सवाई मान सिंह पोलो और राइडिंग अकादमी में सुबह 3 बैच और शाम को 3 बैच संचालित किए जा रहे हैं। यह व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम घुड़सवारी कौशल विकसित करने, घुड़सवारी को बढ़ावा देने और राइडिंग की कला को जानने और सराहने पर केंद्रित है।




कृषि उत्पाद व्यापार भवन का शिलान्यास

# चहुंमुखी विकास और सेवा कार्यों में व्यापारियों का अहम योगदान-गहलोत

## सभी मंडियों में व्यापार मंडल कार्यालयों के लिए नि:शुल्क भूमि आवंटन की घोषणा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रदेश के चहुंमुखी विकास, कुशल वित्तीय प्रबंधन और राज्य के राजस्व में व्यापारियों की भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी जैसी आपदा के समय में भी व्यापारियों तथा उद्यमियों द्वारा पूर्ण सहयोग किया गया। सरकार के 'कोई भूखा ना सोए' का संकल्प भी सभी के सहयोग से पूरा हुआ और राजस्थान ने कोरोना की लड़ाई सफलतापूर्वक लड़ी। गहलोत ने मंगलवार को जयपुर सीकर रोड स्थित राजधानी मण्डी परिसर में राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ के कृषि उत्पाद व्यापार भवन के शिलान्यास समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मंडियों को आईटी से आधार पर हाइटेक रूप में विकसित करने का समय है, जिससे व्यापारियों के साथ-साथ कृषकों, उपभोक्ताओं को भी सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने सभी व्यापारियों से राज्य सरकार के 'शुद्ध के लिए युद्ध' अभियान में सहयोग का आह्वान किया।

### कार्यालयों हेतु होगा नि:शुल्क भूमि आवंटन

मुख्यमंत्री ने इस दौरान प्रदेश की सभी मंडियों के व्यापार मण्डल कार्यालयों के लिए नि:शुल्क भूमि आवंटित करने की घोषणा की। समारोह में मुख्यमंत्री ने राजीव गांधी कृषक साथी सहायता योजना तथा महात्मा ज्योतिबा फूले मंडी श्रमिक कल्याण योजना के तहत सहायता राशि के चैक भेंट किए। इससे पहले मुख्यमंत्री ने कृषि उत्पाद व्यापार भवन की शिलान्यास पट्टिका का अनावरण भी किया।



### गौशालाओं को 2500 करोड़ का अनुदान

गहलोत ने कहा कि गत 4 वर्षों में गौशालाओं को लगभग 2500 करोड़ रुपए का अनुदान दिया गया है। इसमें गौशालाओं को साल में 9 महीने तथा नंदीशालाओं को 12 महीने का अनुदान मिल रहा है। हर पंचायत समिति में नंदीशालाएं खोलने के लिए 1.56 करोड़ रुपए का अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कामधेनु बीमा योजना में दो दुधारू पशुओं का 40-40 हजार रुपए तक का बीमा किया जा रहा है। साथ ही, लम्पी रोग से गौवंश की अकाल मृत्यु होने पर पशुपालकों को 40 हजार रुपए का प्रावधान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जयपुर के गोविंद देव जी मंदिर में कॉरिडोर के लिए 100 करोड़ रुपए तथा प्रदेश के 593 मंदिरों को 5.93 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि राइट टू हैल्थ और 500 रुपए में गैस सिलेण्डर उपलब्ध करवाने जैसे प्रावधान भी राज्य सरकार द्वारा किए गए हैं।

### ऐसा होगा नवनिर्मित कृषि उत्पाद व्यापार भवन

यह भवन अपनी तरह का पहला अत्याधुनिक भवन होगा। इसमें 7200 स्क्वायर फीट की भारत की पहली अंतर्राष्ट्रीय कृषि उत्पाद लैब, अत्याधुनिक सुविधा वाले 30 कमरे, 500 लोगों का ऑडिटोरियम, 40 लोगों की क्षमता का मीटिंग हॉल, उच्च गुणवत्तापूर्ण उचित मूल्य कैंटीन, विश्व स्तरीय इन्डोर गेम्स सुविधाएं, प्लग इन कॉन्सेप्ट ऑफिस एवं कॉन्फ्रेंस रूम का निर्माण किया जाएगा। भवन में सभी तरह की कॉर्पोरेट सुविधाएं एवं डिजिटल तकनीक भी व्यापारियों के लिए उपलब्ध होगी। समारोह में जलदाय मंत्री डॉ. महेश जोशी, उद्योग मंत्री शकुंतला रावत, कृषि विपणन राज्य मंत्री मुरारी लाल मीणा, रीको निदेशक सीताराम अग्रवाल, राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ अध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता, राजधानी मण्डी अध्यक्ष रामचरण नाटाणी, श्याम मसाला के रामावतार अग्रवाल के अलावा विभिन्न मंडियों के पदाधिकारी, व्यापारी एवं कृषक उपस्थित रहे।

## सरपंच ने गोचर भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग की, तो अतिक्रमी ने करोडों के घोटाला दबाने का प्रयास बताया!

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पिण्डवाडा।** समीपवर्ती ग्राम पंचायत वासा के सरपंच ने एक व्यक्ति पर गोचर भूमि पर अतिक्रमण हटाने एवं कार्यवाही के लिए जिला कलक्टर से मांग की, तो दुसरी तरफ अतिक्रमी ने बताया कि वासा में जमींन घोटाला दबाने के लिए ग्राम पंचायत झुठे आरोप लगा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वासा सरपंच प्रभूराम सरगरा ने जिला कलक्टर को ज्ञापन देकर बताया कि जाबेजी मंदिर के गौशाला के पीछे रौनक भाई ब्राहमण द्वारा गौशाला की आड में करीब 10 बीद्या से अधिक गोचर भूमि पर कब्जा कर खेती कर रहे है। जब ग्राम पंचायत कब्जा हटाने गई, तो लोगों को एकत्रित करता है तथा कार्यवाही करने पर धमकियां देता है। जबकि ग्राम पंचायत का दायित्व है कि गोचर भूमि अतिक्रमण मुक्त हो, लेकिन अतिक्रमण होने से गांव के पशुपालको को परेशानियों का सामना करना पड रहा है।

**अतिक्रमी** रौनक ब्राहमण गौशाला की आड में गोचर भूमि पर अतिक्रमण कर, अपना उल्लू सीधा कर रहा है। जबकि गांव के पशुपालको को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। अतिक्रमण हटाने के लिए जिला कलेक्टर को लिखा गया है।

**प्रभूराम सरगरा** सरपंच ग्राम पंचायत वासा

# पौधारोपण कर पर्यावरण को स्वस्थ रखने का दिया संदेश

## सीआरपीएफ कैम्पस मे लगाये 3500 पौधे और 41 हजार पौधे लगाने का है लक्ष्य



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर नव आरक्षी प्रशिक्षण केंद्र मे महिलाओं ने पौधारोपण किया। कैम्प पौधारोपण योजना के तहत 2000 पौधे लगाये समाज सेविका यशोदा चौधरी ने बताया कि नव आरक्षी प्रशिक्षण केंद्र पुलिस उपमहानिरीक्षक प्राचार्य अशोक स्वामी व कमाण्डेट हरेन्द्र कुमार के आग्रह पर महिला टीम ने विश्व पर्यावरण दिवस पर कैम्पस मे पौधारोपण किया। समाजसेविका यशोदा चौधरी ने CRPF के जवानो को सम्बोधित करते हुए बताया कि इन्सान को अपने पूरे जीवनकाल मे और कुछ करे ना करे परन्तु एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण अवश्य करे। और कहा कि पर्यावरण को स्वस्थ और सुंदर बनाएं रखने के लिए सभी का सामूहिक प्रयास आवश्यक है। कमाण्डेट हरेन्द्र कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा की उन्होंने कहा कि इस समय हमारा पर्यावरण दूषित हो रहा है, यदि हमने पौधे नहीं लगाए व उनका ध्यान नहीं रखा तो आने वाले समय में हमें आक्सीजन की कमी एवं अनेकों बीमारियों से ग्रसित होना पड़ेगा। यह काम आप किसी विशेष अवसर जैसे अपने जन्मदिन, शादी की वर्षगांठ आदि पर भी कर सकते है। इस पौधारोपण के अवसर पर समाज सेविका यशोदा चौधरी, राजस्थान पुलिस की सिपाही और समाज सेवी रामस्नेही विश्नोई, संध्या चौधरी, भंवरी विश्नोई, अनिता चौधरी, सहित पूरी महिला टीम और CRPF के जवान और अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अनाथ बच्चों के लिए सहारा बनी पालनहार योजना

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**सीकर।** ग्राम पंचायत दिवराला में महंगाई राहत कैंप व प्रशासन गांवों के संग अभियान का आयोजन किया जा रहा है। उपखण्ड अधिकारी श्रीमाधोपुर दिलीप सिंह राठौड ने बताया कि मंगलवार को ग्राम पंचायत दिवराला में दो ऐसी बालिकाओं को पालनहार योजना का लाभ दिया गया जो कि अनाथ एवं बेसहारा है। जिनके माता–पिता का देहांत कुछ समय पहले हो चुका है। हंसा कुमावत एवं प्रिया कुमावत को राज्य सरकार द्वारा पालनहार योजना के तहत प्रतिवर्ष 32 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। पालनहार योजना से जुड़ने से इन बच्चियों को सहारा मिला है। उन्होंने सरकार के प्रति आभार प्रकट किया।

## जागरूक खबरें

### बीस सूत्री कार्यक्रम राज्य स्तरीय क्रियान्वयन एवं समन्वय समिति की बैठक 15 जून को

**जयपुर @ जागरूक जनता।** बीस सूत्री कार्यक्रम के उपाध्यक्ष डॉ चंद्रभान की अध्यक्षता में 15 जून (गुरुवार) को दोपहर 12 बजे यहाँ शासन सचिवालय में बीस सूत्री कार्यक्रम की राज्य स्तरीय क्रियान्वयन एवं समन्वय समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। इस संबंध में संयुक्त शासन सचिव आयोजना विभाग, सुशील कुमार कुलहरी ने बताया कि बैठक में विभिन्न बिन्दुओं की उपलब्धियों पर विचार विमर्श किया जाएगा। इनमें प्रमुख रूप से वित्तीय वर्ष 2022–23 की उपलब्धियों की समीक्षा, 1 जनवरी 2023 से 31 मार्च 2023 तक की उपलब्धियों की समीक्षा तथा आगामी कार्य योजनाओं पर विचार किया जाएगा। इसके अलावा अध्यक्ष की अनुमति से अन्य बिंदुओं पर भी विचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक में शामिल होने वाले सम्बन्धित विभागों के उच्च अधिकारियों को एजेण्डा में शामिल बिंदुवार सूचना व प्रगति रिपोर्ट 9 जून,2023 को सायं 5 बजे तक आयोजना (बीसूका) विभाग के ईमेल आईडी plan-ddtpp@rajasthan.gov.in पर भिजवाये जाने के निर्देश दिये गये है।

### विजिलेंस टीम पर बदमाशों ने की 3 राउंड फायरिंग, हेल्पर के कंधे में लगी गोली




**सीकर @ जागरूक जनता।** अजीतगढ़ थाना इलाके में मंगलवार अलसुबह बिजली चोरी पकड़ने गई टीम पर बदमाशों ने हमला कर दिया, करीब 25 किलोमीटर तक बदमाशों ने गाड़ी का पीछा किया। इस दौरान बदमाशों ने तीन बार राउंड फायरिंग भी की। एक गोली विजिलेंस टीम की गाड़ी में पीछे की तरफ बैठे एक हेल्पर के कंधे में जा लगी। जिसे इलाज के लिए जयपुर रैफर किया गया है। गोली गाड़ी के पीछे लगे कांच को चीरते हुए हेल्पर के कंधे में लगी। विजिलेंस टीम के सहायक अभियंता मुकेश टेलर ने बताया कि विजिलेंस टीम बुर्जा की ढाणी,खिरोटी की तरफ गई थी, इसी दौरान बदमाशों ने राजकार्य में बाधा डाली। जिन्होंने करीब 20 से 25 किलोमीटर तक पीछा किया। इस दौरान बदमाशों ने तीन राउंड फायरिंग की। ऐसे में 1 गोली गाड़ी में पीछे बैठे तकनीकी हैल्पर गजेंद्र मीणा के कंधे पर जा लगी। जिन्हे इलाज के लिए जयपुर रैफर किया गया है। जब टीम थाने के करीब 100 मीटर नजदीक पहुंची। तो बदमाश वहां से फरार हो गए। फिलहाल बिजली विभाग की टीम ने अजीतगढ़ थाने में मामला भी दर्ज करवाया है। प्राप्त जानकारी अनुसार मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## नि :शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर में 61 मरीजों का किया गया परीक्षण

# मानव सेवा एवं समाज सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है-प्रधान सिवाना

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**सिवाना।** मानव सेवा संस्था द्वारा रविवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय लुदराडा में नि:0शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 61 मरीजों को स्वास्थ्य परीक्षण के साथ जांचे की गई। शिविर में मुख्य अतिथि मानव सेवा संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश सिंह राजपुरोहित, वरिष्ठ अतिथि जिलाध्यक्ष शांतिदेवी विश्नोई, जिला सहमंत्री राजकुमार सोढ़ा, सरपंच प्रतिनिधि तोगाराम गर्ग, उपसरपंच राजु सिंह बालावत, ब्लॉक अध्यक्ष खीमाराम मेघवाल, मायलावास सरपंच अशोक सिंह राजपुरोहित, समाजसेवी भागीरथ गोदारा मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश सिंह राजपुरोहित ने कहा कि स्वस्थ शरीर व्यक्ति को भगवान द्वारा दिया गया सबसे बड़ा वरदान हैं, लेकिन शरीर को स्वस्थ रखना व्यक्ति के हाथ में होता है। इसके लिए उसको नशा और भारी खाना खाने से बचना चाहिए। लेकिन आज के दौर में लोगों का जीवन भाग-दौड़ भरा हो गया है। इस कारण से वे अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। इस कारण से वे गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं। प्रधान मुकन सिंह राजपुरोहित ने बताया कि मानव सेवा एवं समाज सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। संस्था क्षेत्र में निरंतर सेवा कार्य कर रही हैं। संस्था को सभी पदाधिकारियों का कार्य सराहनीय है । मायलावास सरपंच अशोक सिंह राजपुरोहित ने बताया कि मौसम के बदलते मिजाज के चलते इस समय रोगियों की संख्या बढ़ने लगी है। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बीमार होने पर परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी कारण मानव सेवा संस्था ने इस शिविर का आयोजन किया। इसी क्रम में ब्लॉक अध्यक्ष खीमाराम मेघवाल, तोगाराम गर्ग, डॉ. दशरथ राठौड़ ने संबोधित किया!

सर्वप्रथम जीवन जीवाणा हॉस्पिटल के मैनेजमेंट डायरेक्टर महिपाल सिंह ने शिविर में आए लोगों को बीमारी एवं आपातकालीन स्थिति से बचाव के टिप्स बताया। उन्होंने मरीजों को संयम के साथ ऐहतियात बरतते हुए प्राथमिक उपचार व घरेलू नुस्खे के विषय में विस्तारपूर्वक बताया। इस आयोजन से शिविर में आने वाले मरीज काफी खुश दिखे। मौजूद लोग स्वास्थ्य शिविर के आयोजन के लिए डॉक्टरों को धन्यवाद दे रहे थे।

### 61 मरीजों का हुआ परीक्षण

**नि:शुल्क** स्वास्थ्य शिविर में डॉ. विशाल शर्मा जनरल फिजिशन, डॉ. उत्तम माली बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. जितेंद्र सिंह देवड़ा, दंत रोग विशेषज्ञ, जनरल फिजिशन द्वारा कैंप में आए 61 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। इसके अलावा मरीजों की ब्लडशुगर,सीबीसी एवं ब्लडप्रेशर आदि की जांचें पूर्णतः नि:शुल्क की गई। इस अवसर पर दिव्यांग प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेंद्र कुमार,माफा कुमारी,श्रवण सिंह राखी, छगन सिंह, नरेन्द्र कुमार, गोपाल शर्मा, दीपसिंह राजपुरोहित, देवी सिंह, दलपत सिंह, भानुप्रताप सिंह सहित ग्रामीण मौजूद रहे। मंच संचालन राजकुमार सोढ़ा ने किया।

# मानव सेवा संस्था द्वारा बनाए जाएंगे गौरैया के लिए लकड़ी के घोंसले

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सिवाना।** गौरैया को बचाने के लिए मानव सेवा संस्था ने अनोखे नवाचार के साथ बीड़ा उठाया है। प्लाई व लकड़ी की सहायता से घोंसले बनाकर सार्वजनिक स्थानों व सरकारी कार्यालयों में टांगे जाएंगे, जिससे गौरैया को सुरक्षित किया जाए। इस घोंसले में गौरैया दो साल तक सुरक्षित प्रजनन कर सकती है। संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश सिंह राजपुरोहित घाणा ने बताया कि पहले चरण में लकड़ी से बने 51 घोंसले सार्वजनिक स्थान, सरकारी कार्यालय, वृक्ष या एकांत जगह पर लगाए जाएंगे। इससे पूर्व संस्था द्वारा पंछी बचाओ - परिंडे लगाओ अभियान के तहत् 751 परिण्डे भी लगाए हैं! जिला प्रभारी किशोर कुमार सांखला ने कहा पक्षियों का जीवन बहुमूल्य है, जिसके बचाने का कार्य हमारे कंधों पर है।



### यह है टीम में शामिल

कैलाश सिंह राजपुरोहित,शांतिदेवी विश्नोई, मुकेश लंगेरा, किशोर कुमार सांखला, गणपत चौधरी,राजकुमार सोढ़ा लुदराडा, सुरेश राजगुरु, गौतम सिंह गुड़ानाल, नारू बोराणा, नकुल कुमार, राजेंद्र कुमार, मोहन सिंह राजपुरोहित, ओमप्रकाश प्रजापत, पोलाराम चौधरी आदी।

**हमें** प्रत्येक जीव के प्रति प्रेम दया भाव रखना चाहिए। मानवता का यही धर्म है। प्राचीनकाल में भी देवी-देवता के साथ किसी किसी पशु पक्षी का संबंध होना पशु संरक्षण का प्रतीक है। हमें पालतू पशुओं के साथ लावारिस पशुओं का भी ध्यान रखना चाहिए।

**कैलाश सिंह राजपुरोहित, घाणा,** प्रदेश उपाध्यक्ष. मानव सेवा संस्था,राजस्थान

### दु :ख के बिना सुखानुभूति भी नहीं-प्रशान्त



**उदयपुर @ जागरूक जनता।** नारायण सेवा संस्थान में दिव्यांगजन के साथ 'अपनों से अपनी बात' संवाद परक कार्यक्रम के अंतिम दिन संस्थान अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल ने कहा कि दु:ख को दुर्भाग्य न माने। दु:ख-सुख तो जीवन का क्र म है, जो चलता रहता हैं। दु:ख को जिसने अपनी जीवनी शक्ति बना लिया वह कभी हार नहीं सकता। दु:ख और मुश्किलें ही तो सफलता का मार्ग बनती है। उन्होंने कहा कि दु:ख से ही सुख की अनुभूति होगी। कार्यक्रम में दिव्यांगजन ने अपने संघर्ष, समस्याओं और भविष्य को लेकर उनसे संवाद किया और परामर्श प्राप्त किया।

# प्रजापत समाज ने दूसरे दिन भी नहीं उठाया शव, प्रजापत समाज तीन मांगो पर अडा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पिण्डवाडा।** समीपवर्ती ग्राम वीरवाडा में एक धर्मशाला के उपर से गुजरने वाली विधुत लाईन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई थी, जिसका शव दुसरे दिन भी अन्तिम संस्कार नहीं हुआ और समाज अपनी तीन मांगो पर अडा हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रजापत समाज (कुम्हार) ने उपखण्ड अधिकारी हंसमुख कुमार के मार्फत मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर बताया कि गत 5 जून शांम करीब 5 बजे गांव वीरवाडा में फोरलेन सडक सीमा में माली समाज की अवैध धर्मशाला स्थित है, जिसके उपर से 11 केवी विधुत लाईन गुजर रही है। जिसके चपेट में कमलेश कुमार पुत्र स्व. मछाराम उम्र 23 वर्ष जाति कुम्हार निवासी डापावास पिण्डवाडा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मृतक अपने परिवार में एक मात्र मजदुरी कर भरण-पोषण करने वाला था। मृतक की मृत्यु के साथ ही पुरे परिवार के समक्ष भरण-पोषण की समस्या उत्पनन हो गयी है। जबकि मृतक की मौत के लिए स्थानीय प्रशासन, विधुत विभाग एवं नेशनल हाईवे ऑथराईटी जिम्मेदार है क्योंकि इन्होने समय पर सडक सीमा से धर्मशाला या विधुत लाईनों को हटवा दिया जाता, तो यह हादसा नहीं होता। जिसको लेकर समाज ने पीडित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने एवं मृतक की माता को कर्मचारी कर्मचारी की तर्ज पर पेंशन देने, परिवार को तत्काल मुख्यमंत्री राहत कोष या जिला कोष से 50 लाख रूपये का मुआवजा देने एवं मृतक के दोषियों के विरूध कानूनी कार्रवाही करने की मांग कर रहे है।

समाज के रोई परगना अध्यक्ष हकमाराम प्रजापत ने बताया कि जब तक प्रशासन समाज की मांग पर ध्यान नहीं देती, तब तक शव का अन्तिम संस्कार नहीं कर, धरना प्रर्दशन जारी रखेगा। वही पार्षद छगन टॉक एवं अन्य समाज बन्धुओं ने सीएम सलाहाकार एवं विधायक संयम लोढा को प्रजापत समाज की मांगो को पुरा करने के लिए ज्ञापन दिया। जिस पर विधायक ने प्रजापत समाज को राहत दिलवाने के लिए पुरा-पुरा आश्वासन दिया। वही इससे पूर्व सुबह 8 बजे प्रजापत समाज आमली रोड, मुख्य बाजार होते हुए पुलिस थाना का घेराव कर विरोध प्रर्दशन किया। जिसको लेकर विधायक समाराम गरासिया, पालिका अध्यक्ष सुरेन्द्र मेवाडा, जिला परिषद सदस्य किरण राजपुरोहित, शिव सेना जिला अध्यक्ष रमेश रावल, उपखण्ड अधिकारी हंसमुख कुमार, तहसीलदार मादाराम मीणा, डीप्टी जेठू सिंह करनोत, थानाधिकारी चम्पालाल सहित समाज के लोग भारी संख्या में पुरूष-महिलाएं उपस्थित थें, लेकिन फिलहाल शांम 4 बजे तक कोई प्रशासन व समाज के बीच में समझौता नहीं हुआ है। जिसको लेकर प्रजापत समाज में आक्रोश बढता जा रहा है।

# इंटर आपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम पर रोड मैप बनाकर मिशन मोड में काम करें-मुख्य सचिव

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्य सचिव ऊषा शर्मा ने निर्देश दिए कि आई सी जे एस को प्रदेश में पूरी तरह से लागू करने के लिए फोकस तरीके से रोड मैप बनाकर काम करना सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव मंगलवार को यहां शासन सचिवालय में आयोजित इंटर आपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आईसीजेएस) क्रियान्वयन के लिए गठित नियमित मॉनिटरिंग समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रही थी।



इस अवसर पर मुख्य सचिव ने कहा कि आई सी जे एस पोर्टल एक बहुत ही उपयोगी और महत्वपूर्ण पोर्टल है जिस पर अपराध और अपराधियों के विषय में एक ही जगह पर सारी जानकारी उपलब्ध हो जाती है। उन्होंने कहा कि आई सी जे एस पोर्टल राजस्थान में अन्य राज्यों की अपेक्षा अच्छा काम कर रहा है। इस अवसर पर एनआईसी दिल्ली के उपमहानिदेशक (वैज्ञानिक) शशिकांत शर्मा ने देश में आई सी जे एस की वर्तमान स्थिति और भविष्य के रोड मैप पर प्रस्तुतिकरण के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी। बैठक में आई सी जे एस स्टेट लेवल कमिटी के सदस्य सचिव और महा निरीक्षक पुलिस स्टेट क्राईम रिकॉर्ड ब्यूरो शरद कविराज ने राजस्थान में आई सी जे एस पोर्टल की वर्तमान स्थिति और चुनौतियों के विषय में अवगत कराया। बैठक में गृह विभाग के प्रमुख शासन सचिव आनंद कुमार, निदेशक अभियोजन रवि शर्मा, निदेशक फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला डॉ अजय शर्मा, गृह विभाग के शासन सचिव वी श्रवण कुमार एवं विशिष्ट सचिव गृह विश्व मोहन शर्मा, महानिदेशक पुलिस राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो डॉ रवि प्रकाश, वित्त विभाग के शासन सचिव नरेश ठकराल और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, जेल मालिनी अग्रवाल सहित कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया

उल्लेखनीय है कि इंटर आपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम अदालतों और फॉरेंसिक प्रयोगशालाओं के बीच डाटा विनिमय के माध्यम से त्वरित न्याय की सुविधा के लिए तैयार किया गया पोर्टल है। आई सी जे एस मुख्य रूप से न्याय वितरण प्रणाली में सुधार के लिए अदालत, पुलिस, जेल और फॉरेंसिक प्रयोगशालाओं के डाटा को आपस में जोड़ कर एक ऑनलाइन एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली की पेशकश करता है। इसके तहत सभी हितधारकों के पास विभिन्न सॉफ्टवेयर अनुप्रयोगों में उपलब्ध डाटा तक ऑनलाइन और त्वरित पहुंच होगी जिससे संबंधित विभागों के बीच दस्तावेजों या सूचनाओं के आदान-प्रदान में लगने वाले समय को कम किया जा सकेगा। साथ ही अपराधों में भी कमी लाई जा सकेगी और अपराधियों के बारे में एक क्लिक में कोई भी जानकारी प्राप्त हो सकेगी।



राज्यपाल ने स्वच्छता अभियान सप्ताह की शुरुआत की

## श्रेष्ठ भारत स्वच्छ भारत को सफल बनाने के लिए स्वच्छता को आदत बनाएं आबू वासी- राज्यपाल

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंगलवार को माउंट आबू में नक्की झील के नजदीक राम जानकी उद्यान के पास के वॉक वे से स्वच्छता अभियान सप्ताह की शुरुआत की। इससे पहले राज्यपाल ने झील के किनारे स्थित उद्यान में पौधारोपण कर पर्यावरण स्वच्छता के लिए अधिकाधिक पेड़ लगाने का संदेश दिया। मिश्र ने झील के किनारे वॉक वे पर स्वयं झाडू लेकर साफ-सफाई करते हुए आबू वासियों को "श्रेष्ठ भारत स्वच्छ भारत" को सफल एवं साकार करने का संदेश दिया। उन्होंने लोगों से स्वच्छता को आदत बनाने की अपील करते हुए कहा कि प्राकृतिक रूप से सुंदर माउंट आबू अपनी स्वच्छता के लिए भी जाना जाए। इस मौके पर सिरोही के जिला कलक्टर डॉ. भंवर लाल, राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविंदराम जायसवाल, जिला पुलिस अधीक्षक सिरोही ज्येष्ठा मैत्रेयी, माउंट आबू के उपखंड अधिकारी सिद्धार्थ पलानिचामी एस. सहित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जागरूक खबरें

### न्यायालय सहकारिता मंत्री में 2 जुलाई तक स्थगित रहेगी सुनवाई

**जयपुर @ जागरूक जनता।** न्यायालय सहकारिता मंत्री के समक्ष राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम 2001 की धारा 104 एवम 107 के तहत दर्ज अपील व निगरानी संबंधित प्रकरणों की होने वाली सुनवाई 2 जुलाई, 2023 तक स्थगित कर दी गई है। इस संबंध में सहकारिता विभाग ने आदेश जारी किए हैं।

### प्रदेश में 'टीचर्स ट्रेनिंग मॉड्यूल्स' के तैयार होंगे 'यूट्यूब वीडियोज'

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान में स्कूल शिक्षा विभाग के तहत अलग-अलग गतिविधियों के लिए हर साल टीचर्स की ट्रेनिंग के लिए आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों में लगने वाले मानव श्रम, समय और खर्च को कम करने के लिए ज्यादा से ज्यादा 'ट्रेनिंग्स मॉड्यूल्स' के वीडियो तैयार कर उन्हें 'यूट्यब' पर अपलोड किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने मंगलवार को नए शैक्षणिक सत्र के लिए अलग-अलग अभियानों में विभागीय गतिविधियों के दिशा-निर्देशों की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक में अधिकारियों को इस पर एक्सरसाइज करने के निर्देश दिए हैं को। उन्होंने कहा कि हर साल एक जैसी छोटी-छोटी ट्रेनिंग्स के लिए शिक्षकों को अपने स्कूल मुख्यालय से बसों में सफर कर अन्यत्र जाना पड़ता है, इसमें समय भी जाया होता है और उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है।

जागरूक जनता jagrukjanta.net फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें
अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

## प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर डाक अदालत 22 को

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में डाक विभाग से संबंधित शिकायतो के निराकरण के लिए 22 जून को पोस्ट मास्टर जनरल जयपुर, अजमेर और जोधपुर कार्यालयो मे डाक अदालत का आयोजन किया जायेगा। उपभोक्ता डाक सेवाये जैसे डाक एवं रेल डाक मे काउंटर सेवा, मनीऑर्डर, मुल्य देय वस्तुए, बचतबैंक, स्पीड पोस्ट, पार्सल एंव बीमाकृत वस्तुए, डाक जीवन बीमा और विदेश डाक सेवा से संबंधित शिकायते दर्ज करा सकेंगे। इस संबंध मे उपभोक्ता 15 जुन तक अपनी शिकायत भेज सकेंगे।



## राज्यपाल से विशिष्टजन की शिष्टाचार भेंट

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्यपाल कलराज मिश्र से मंगलवार को माउंट आबू राजभवन में विधायक जगसीराम कोली, प्रमुख सचिव, विधि ज्ञान प्रकाश अग्रवाल, वायु सेना स्टेशन आबू पर्वत के स्टेशन कमांडर ग्रुप कैप्टन अफजल सिद्दीकी एवं ग्लोबल इनीशिएटिव फॉर पीस एंड वेल बीइंग की संस्थापक डॉ. बिन्नी सरीन ने मुलाकात की। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

## आईटी विभाग में पांच हजार करोड़ के घोटाले को लेकर ईडी में दर्ज कराया जायेगा मामला-मीणा

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** भाजपा के सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने बताया है कि राज्य में आईटी विभाग में करीब पांच हजार करोड़ के घोटाले के मामले को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने ले जाया जायेगा और इस संबंध में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और मामले से संबंधित लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया जायेगा। श्री मीणा ने आज यहां प्रेसवार्ता में आईटी विभाग में करीब डेढ़ हजार करोड़ का और घोटला होने का आरोप लगाते हुए बताया कि उन्होंने पहले भी आईटी विभाग में करीब साढ़े तीन हजार करोड़ के घोटाले के बारे में बताया था और इन दोनों को मिलाकर करीब पांच हजार करोड़ के घोटाले के मामले को लेकर बुधवार को शिकायताकर्ता के साथ जाकर इस संबंध में ईडी में एफआईआर दर्ज कराई जायेगी।

उन्होंने बताया कि गुरुवार दोपहर में ईडी दफ्तर जाकर इस संबंध में मामला दर्ज कराया जायेगा। अगर मामला दर्ज नहीं होता है तो वहीं धरना शुरु कर दिया जायेगा। मीणा ने एक सवाल के जवाब में कहा कि आईटी विभाग का जिम्मा भी मुख्यमंत्री के पास हैं और आईटी विभाग में इस गड़बड़ी की जांच के लिए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने इस संबंध में जांच की अनुमति मांगी थी लेकिन मुख्यमंत्री जो गृह मंत्री भी है, अनुमति नहीं दी गई। इसलिए इसकी भी जांच होनी चाहिए।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सीएमओ एवं सीएमआर में आईटी का काम संभाल रहे एवं राजकॉम के मैनेजर राजेश सैनी ने करोड़ों रुपए का फर्जी भुगतान उठाया है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम

**जयपुर @ जागरूक जनता।** अग्रणी उपभोक्ता संस्था केन्स और सीसीआई के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। गंगवाल पार्क स्थित मंदिर श्रीगंगेश्वर महादेव परिसर में केन्स के अध्यक्ष डॉ. अनन्त शर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर शीला नाहटा, कल्पना शर्मा, निर्मला सेठी, ऊषा किरण भट्ट, डॉ. रामबहादुर कुलश्रेष्ठ, कैलाश कुमावत सहित विभिन्न वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।



## अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना के लिए 7 लाख एवं नि:शुल्क घरेलू बिजली योजना के लिए 8 लाख से ज्यादा लोगों ने करवाया रजिस्ट्रेशन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान सरकार की 10 बड़ी लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए रोजाना हजारों लोग महंगाई राहत कैंपों में अपना रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं। महंगाई के कारण घर के बिगड़ते बजट को संभालने के लिए अब तक 7 लाख से ज्यादा लोगों ने अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना तो वहीं 8 लाख से ज्यादा लोगों ने मुख्यमंत्री निःशुल्क घरेलू बिजली योजना के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवा लिया है।

कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि महंगाई राहत कैंपों में अब तक 12 लाख 94 हजार 925 परिवारों को 49 लाख 41 हजार 854 मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड जारी किये जा चुके हैं। मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना के तहत 7 लाख 4 हजार 954, मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना में 9 लाख 55 हजार 789, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में 9 लाख 55 हजार 789, मुख्यमंत्री निःशुल्क कृषि बिजली योजना में 77 हजार 330, मुख्यमंत्री निःशुल्क घरेलू बिजली योजना में 8 लाख 7 हजार 603 लाभार्थियों को गारंटी कार्ड जारी हुए हैं। वहीं, महंगाई राहत कैंप में मुख्यमंत्री कामधेनु बीमा योजना में 5 लाख 75 हजार 333, इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना में 2 लाख 57 हजार 540, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में 3 लाख 66 हजार 553, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में 2 लाख 14 हजार 753, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में 26 हजार 510 लाभार्थियों ने पंजीकरण करवाया है।

### मंगलवार को वितरित किये गए 55 हजार से ज्यादा गारंटी कार्ड

**उन्होंने** बताया कि मंगलवार को 55 हजार 201 गारंटी कार्ड जारी किये गए। जिसमें से अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना के तहत 7 हजार 229, मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना में 11 हजार 359, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में 11 हजार 359, मुख्यमंत्री निःशुल्क कृषि बिजली योजना में 628, मुख्यमंत्री निःशुल्क घरेलू बिजली योजना में 7 हजार 446 लाभार्थियों को गारंटी कार्ड जारी हुए हैं। वहीं,मुख्यमंत्री कामधेनु बीमा योजना में 10 हजार 313, इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना में 1 हजार 764, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में 3 हजार 124, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में 1 हजार 912, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में 67 लाभार्थियों ने पंजीकरण करवाया है।

निदेशक तोमर ने किया डॉ. विनोद कदम के साथ एमओयू

## प्रदेश के भेड़-बकरी व खरगोश की उन्नत नस्ल महाराष्ट्र से होगी साझा

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**टोंक।** केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर के निदेशक डॉ अरुण कुमार तोमर एवं डॉ विनोद कदम प्रधान अन्वेषक एग्री बिजनेस इनक्यूबेटर सेंटर अविकानगर द्वारा अन्नासाहेब शिंदे फाउंडेशन के अनिल शिंदे, किरण पटवार्धन ओर स्वाति पटवार्धन की उपस्थिति मे एक एमओयू पर साइन किया गया। जिसका उद्देश्य अविकानगर संस्थान के भेड़-बकरी व खरगोश की उन्नत तकनीकीयों ओर उन्नत नस्ल के पशु को महाराष्ट्र के लोगों तक पहुंचाने पर काम करना है। साथ में निदेशक डॉ तोमर ने महाराष्ट्र के पुण्याश्लोक अहिल्या देवी भेड़ एवं बकरी कारपोरेशन, पुणे के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ शशांक कुंबले ओर उनकी टीम के कार्यालय पर भी भ्रमण किया गया। निदेशक डॉ अरुण कुमार तोमर ने डॉ पी. जी. पाटिल, उपकुलपति राहुरी कृषि विद्यापीठ के साथ भी दोनों संस्थानों की भेड़ बकरी एवं खरगोश की उन्नत तकनीकों के आदान-प्रदान पर विचार विमर्श किया गया। अंत मे अविकानगर संस्थान से जुड़े हुए एमओयू धारक अन्नासाहेब शिंदे फाउंडेशन, जो कि महाराष्ट्र की रोहणी, सांगवी क्लस्टर की तहसील शिरपुर जिला धुले मैं काम करता है। अन्नासाहेब शिंदे फाउंडेशन के द्वारा अनुसूचित जनजाति की स्वयं सहायता समूह की कम्पनीज द्वारा महिलाओं को कृषि व सामाजिक उत्थान के माध्यम से आजीविका में आत्मनिर्भर बनाना है। निदेशक डॉ अरुण कुमार तोमर भेड़-बकरी व खरगोश पालन के क्षेत्र में महाराष्ट्र राज्य के किसानों के विभिन्न समुदाय के साथ काम करने के लिए दौरे पर हैं। साथ में अविकानगर के वैज्ञानिक डॉ. विनोद कदम भी निदेशक के साथ महाराष्ट्र राज्य के विभिन्न समुदायों के किसानों को भेड़ -बकरी ओर खरकोश पालन के विभिन्न क्षेत्रों पर काम करने संभावनाओं पर कार्य कर रहे है। संस्थान के मीडिया प्रभारी डॉ अमरसिंह मीना ने दी जानकारी।

## खेल महाकुंभ 10 से, बैठक आयोजित

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में चित्तौड़गढ़ विधानसभा में आयोजित होने वाले विधायक खेल महाकुंभ 2023 की तैयारी को लेकर मंगलवार को प्रतियोगिता स्थल इंदिरा गांधी स्टेडियम में बैठक आयोजित हुई। खेल महाकुम्भ के मीडिया प्रभारी मनोज पारीक ने बताया कि बैठक को संबोधित करते हुए विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने कहां की पीएम मोदी के 9 वर्ष पूर्ण होने पर खेलों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से खेल महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा है कि देश के कोने-कोने में मौजूद प्रतिभाएं उभरकर सामने आए।

खेल प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभाओं को निखारने में मदद मिलती है खिलाड़ियों का शारीरिक विकास होने के साथ ही मानसिक विकास भी होता है। इसके अलावा प्रदेश एवं देश को विभिन्न खेलों में प्रतिभावान खिलाड़ी भी मिलते है। साथ ही इस तरह के आयोजन से पीएम मोदी के खेलो इंडिया कार्यक्रम को और बल मिलेगा। विधायक आक्या ने खेल प्रतियोगिता के सफलतापूर्वक आयोजन कराने के लिए सभी से सकारात्मक सहयोग करने की अपील की। बैठक में 10 से 14 जुन तक आयोजित होने वाले खेल महाकुंभ को लेकर चर्चा हुई। संचालन विधायक खेल महाकुंभ 2023 के संयोजक पूर्व प्रधान प्रवीण सिंह राठौड़ ने किया। आभार जिला कोषाध्यक्ष शैलेंद्र झंवर ने किया।

बैठक से पूर्व नगर महामंत्री ओमप्रकाश शर्मा एवं रवि विरानी ने खेल महाकुंभ की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में पूर्व सभापति सुशील शर्मा, सीकेएसबी चैयरमेन लक्ष्मण सिंह खोर, जिला महामंत्री तेजपाल रेगर, मंडल अध्यक्ष भंवर सिंह खरड़ीबावड़ी, रोहिताश जाट, दिनेश शर्मा, रतन डांगी, पवन आचार्य, पूर्व उपसभापति भरत जागेटिया, भोलाराम प्रजापत, लोकेश त्रिपाठी, कैलाश जाट आदि ने महत्वपूर्ण सुझाव दिये। बैठक में प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को आवास व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, स्वागत व्यवस्था, पंजीयन, किट वितरण सहित विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई। इस अवसर पर नगर ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष गोटूलाल सुथार, जिला मीडिया प्रभारी सुधीर जैन, मंडल महामंत्री अनिल ईनाणी, विश्वनाथ टांक, लाला गुर्जर, शिवराज सिंह बैजनाथिया, प्रकाश भट्ट, पूरण राणा, रामेश्वर धाकड़, अनिल सुखवाल, नरेश जाट, मदन सालवी, देवीलाल धाकड़, बालकिशन भोई, आईटी जिला संयोजक राजन माली, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष रश्मि सक्सैना, रेणु मिश्रा, ललिता वीरवाल, राखी राव, नवीन पटवारी, एसटी मोर्चा नगर अध्यक्ष सुनील रजक, ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष सत्यनारायण वैष्णव, अल्पसंख्यक मोर्चा नगर अध्यक्ष इब्राहिम मंसूरी, किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष दिलीप धाकड़, एसटी मोर्चा प्रवक्ता राजेश मोची, मोनू सलूजा, अशोक रायका, किशन गुर्जर, राजेंद्र सिंह अभयपुर, शेखर शर्मा, परमजीत सिंह, शिव शर्मा, अशोक जोशी, राजकुमार कुमावत आदि उपस्थित थे।

ANCHOR | ओपिनियन

# इंदिरा गांधी नहर ने बदला पश्चिमी राजस्थान का इको सिस्टम

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



नरेन्द्र फोगाट
शिक्षाविद्
@jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से बरसात हुई है उसे साफ तौर पर यह कहा जा सकता है कि राजस्थान में क्लाइमेट बदल रहा है, इसलिए दो दशकों की तुलना करें तो 2001 से 2010 के बीच 10 दिन में राजस्थान में औसत सामान्य वर्षा 372.6mm (मिली मीटर)थी। वही 2011 से 2020 के बीच में ही है बढ़कर 487.7 mm हो गई। यानी 10 वर्ष में औसत 115mm वर्षा ज्यादा हुई साल 2006 में बाड़मेर, जैसलमेर व पूरे रेगिस्तान में रातों-रात इतनी वर्षा हुई कि सुबह तक पूरा कवास गांव पानी में डूब गया रेत के ऊंचे टीलों में इतना पानी भर गया की कश्तियां चलने लगी। 21वीं सदी में वो पहली घटना जब राजस्थान ने अपनी प्रकृति से हटकर कोई मंजर देखा था कभी अकाल पढ़ने के लिए सुर्खियों में रहने वाला राजस्थान इन दिनों मई जून के महीने में और ले बारिश और तूफान आने के कारण चर्चा में बना हुआ है।

### पश्चिमी राजस्थान के इकोसिस्टम में बदलाव के कारण

**इसके** दो कारण मुख्य है प्रथम वेस्टर्न या पश्चिमी राजस्थान में इंदिरा गांधी नहर की वजह से इको सिस्टम बदलना है वहां पहले सुखी हवाएं (शुष्क हवाएं ) चलती थी अब वहां इस कैनाल की वजह से हरियाली छायी हुई है इससे वहां की हवाएं एवं मिट्टी में नमी है उसकी वजह से बारिश की मात्रा बढ़ी है जब भी फेवरेबल सिचुएशन मिलती है तो वहां बारिश हो जाती है। दूसरा कारण जलवायु परिवर्तन है बंगाल की खाड़ी और अरब सागर की नमी वाली हवाएं पश्चिमी राजस्थान तक पहुंच रही है पहले सिर्फ अरब सागर की हवाएं ही पहुंचती थी, वह भी सौराष्ट्र तक पहुंचते-पहुंचते दम तोड़ देती थी इसी तरह बंगाल की खाड़ी से आने वाली हवाएं मध्यप्रदेश तक आते-आते अपना दम तोड़ देती थी लेकिन अब यह हवाएं पश्चिमी राजस्थान तक पहुंच रही है। इंदिरा गांधी नहर से आई इस परिवर्तन को देखकर इन दिनों दुबई में भी इसी तरह प्रयोग किए जा रहे हैं। वहां कृत्रिम झीलें बनाकर आसपास पेड़ पौधे लगाए गए हैं झील की गहराई सिर्फ 2 मीटर की है लेकिन उसका फैलाव ज्यादा है इससे वहां के वातावरण में नमी आई है और इस कारण वहां वर्षा देखने को मिल रही है जो कि बिल्कुल नहीं हुआ करती थी। बदलते इकोसिस्टम से पश्चिमी राजस्थान के निकट भविष्य में परिणाम-मौसम विज्ञानियों की मानें तो प्रदेश में जिस तरह से मौसम अपने पैटर्न को बदलता हुआ चल रहा है अगर यह जारी रहा तो अगले 40 से 50 वर्षों में राजस्थान से रेगिस्तान लुप्त हो जाएगा और प्रदेश हरा भरा लहराता नजर आएगा।